वर्ष : 16 अंक : 166 लखनऊ बुधवार, 19 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

मौसम
सूर्योदय : 00:00
सूर्यास्त : 00:00
अधिकतम : 00:00°
न्यूनतम : 00:00°

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



10 कियारा ने केबिन क्रू मेंबर से की बदतमीजी !

भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के... 2 | कंचनजंघा ट्रेन हादसे से उठे कई सवाल 6 | किसान देश के सियासी एजेंडे का हिस्सा 12



किसान सम्मेलन में पीएम मोदी को प्रतीक चिन्ह देते सीएम योगी। साथ में हैं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दोनों डिप्टी सीएम।

# काशी को 3.0 के लिए धन्यवाद !

## चुनाव बाद अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचने पर पीएम का जोरदार स्वागत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में ट्रांसफर किया। इससे 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर हो गये। कार्यक्रम के बाद शाम को पीएम मोदी मां गंगा की आरती में भी शामिल हुए। किसान सम्मेलन में पीएम मोदी ने काशी की जनता को उन्हें लगातार तीसरी बार सांसद और प्रधानमंत्री बनाने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बनारस के हर मतदाता का लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी वासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। ये बनारस के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि काशी के लोगों ने सिर्फ अपना एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। इसलिए आपलोगों को तो डबल बधाई। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।





● किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त ट्रांसफर की, कृषि दीदियों को भी दिये प्रमाण पत्र

पीएम मोदी ने काशी की जनता का आभार जताते हुए कहा कि आपका आभारी हूं, आपका ऋणी हूं। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वो वाकई अभूतपूर्व है। इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। भारत जैसे देश में जहां युवा आकांक्षा इतनी बड़ी है,जहां जनता के इतने सपने हैं, वहां लोग अगर किसी सरकार को 10 साल के काम के बाद फिर सेवा का अवसर देते हैं तो यह बहुत बड़ी विजय है और बहुत बड़ा विश्वास है। आपका यह विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है, आपका ये विश्वास मुझे लगातार आपकी सेवा के लिए देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है। मैं दिन रात ऐसे ही मेहनत करूंगा। आपके सपनों को पूरा करने के लिए, आपके संकल्पों को पूरा करने के लिए, मैं हर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब इन्हें विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे पहला फैसला किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा लिया गया है। देश भर में गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने हों या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो, यह फैसले करोड़ों लोगों की मदद करेंगे। आज का ये कार्यक्रम भी विकसित भारत के इसी रास्ते को सशक्त करने वाला है। थोड़ी देर पहले ही देश भर के करोड़ों किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 20 हजार करोड़ रुपए पहुंचे हैं।

## प्रियंका को वायनाड से वॉकओवर नहीं

**वायनाड।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को कहा कि वह वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारेगी। भाकपा के प्रदेश सचिव बिनॉय विश्वम ने संवाददाताओं से कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा में शामिल भाकपा के पास वायनाड लोकसभा सीट है और उसका उम्मीदवार उपचुनाव में चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा, 'इसमें संदेह क्या है? भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल हो। हम निश्चित रुप से वहां अपना उम्मीदवार उतारेंगे।' प्रियंका गांधी वाड्रा की उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर बिनॉय विश्वम ने कहा कि कांग्रेस को किसी भी क्षेत्र में अपना उम्मीदवार चुनने की पूरी स्वतंत्रता है। वाम नेता ने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी की योजना वायनाड सीट खाली करने की थी, तो उन्हें राहुल गांधी जैसे एक प्रमुख नेता को दक्षिण में लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# धोखाधड़ी कर डॉक्टर बनने वाला व्यक्ति खतरनाक : सुप्रीम कोर्ट

## नीट में 0 .001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो समय पर करें उचित कार्रवाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अनियमितताओं के आरोपों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 रद कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा, 'ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं।' वर्ष 2015 में ऐसी ही टिप्पणी कर सर्वोच्च न्यायालय ने एआईपीएमटी रद की थी। शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा, 'एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो 'हां' कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।' शीर्ष अदालत ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोप लगाने वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, 'एनटीए इस मामले में आत्ममंथन करे।'

न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आ त म वि श्व ा स जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें। पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट यूजी 2024 को रद करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी।



गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष अदालत ने नीट परीक्षा में देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूरी दी थी। पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की (ग्रेस अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा कराने की) याचिकाओं पर केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद यह अनुमति दी थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने तब यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए 'क्षतिपूर्ति अंक' काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रकार से नई रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

### मोदी की चुप्पी हैरान करने वाली : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, 'नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। इसको लेकर बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की हमने गारंटी दी थी। विपक्ष की ज़िम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज़ सड़क से संसद तक मज़बूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## पटना, जयपुर समेत कई एयरपोर्ट उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** देशभर के कई एयरपोर्ट्स को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जिन एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला ईमेल मिला है, उनमें बिहार का पटना, गुजरात का वडोदरा और राजस्थान का जयपुर एयरपोर्ट शामिल है। बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद तमाम एयरपोर्ट्स की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। जांच अधिकारी एयरपोर्ट के कोने-कोने की जांच कर रहे हैं।

पटना एयरपोर्ट के अधिकारियों को मंगलवार को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे परिसर में कुछ समय के लिए दहशत फैल गई। पटना एयरपोर्ट के निदेशक के अनुसार, बम की धमकी के कारण पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक को मंगलवार दोपहर 1:10 बजे एक धमकी भरा ईमेल मिला। ईमेल में बम की धमकी थी, जिसके बाद एयरपोर्ट पर तुरंत सुरक्षा बढ़ा दी गई। मंगलवार को एयरपोर्ट को दी गई यह दूसरी बम की धमकी है।

## अमित शाह मीटिंग लेते रहे, मणिपुर में उपद्रवियों ने फूंक दी बस

**एजेंसी**

**इंफाल।** दिल्ली में सोमवार 17 जून को मणिपुर की सुरक्षा व्यवस्था पर गृह मंत्री अमित शाह हाईलेवल मीटिंग कर रहे थे। उसी दिन रात 9 बजे मणिपुर के कांगपोकपी जिले में उपद्रवियों ने सीआरपीएफ जवानों की बस में आग लगा दी। हालांकि उन्होंने पहले सीआरपीएफ जवानों को बस से उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जवान लोकसभा चुनाव के बाद लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी बहुल जिले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जवानों को ले जा रही बस किराए पर थी और यह

» आग लगाने के पहले जवानों को उतार दिया

घाटी के मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताह मैतेई बहुल बिष्णुपुर जिले में दो ट्रकों को जलाने की घटना के बाद कुकी बहुल इलाके में इस घटना को बदले के तौर पर देखा जा रहा है।

मणिपुर हिंसा और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह की दिल्ली में बैठक हुई। इसमें तय हुआ है कि गृह मंत्रालय मैतेई और कुकी समुदाय से बात करेगा। गृह मंत्री शाह ने राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएं और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# यूपी में हीटवेव जारी, 24 घंटे में लू से 90 लोगों की मौत

## प्रशासन का मानने से इनकार, कहा– पोस्टमार्टम के बाद तय होगा मौत कैसे हुईं ?

**विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों में गर्मी का दौर लगातार जारी है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। यूपी - दिल्ली समेत उत्तर भारत में भीषण गर्मी की वजह से लोग बेहाल हैं। बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ज्यादातर इलाकों में हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव चल रही है। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में लू से 90 लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन इसे मानने से इनकार कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा की मौतें गर्मी की वजह से हुई है, लेकिन डॉक्टरों का साफ कहना है कि ज्यादातर मौतें हीटवेव और हीट स्ट्रोक से हुई है। बिहार में हीटवेव ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सोमवार को लू से 17 लोगों की मौत हुई। हालांकि इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। औरंगाबाद में सोमवार को तापमान 46.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। छत्तीसगढ़ में गर्मी को देखते हुए समर वैकेशन 25 जून तक बढ़ाई गई हैं। यहां स्कूल 26 जून से खुलेंगे। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल नहीं खोले जा रहे हैं।

ऐसे में लोग मॉनसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यूपी और दिल्ली जैसे राज्यों में अभी मॉनसून के आने में चंद दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि अभी मॉनसून महाराष्ट्र तक ही पहुंच सका है और कुछ दिनों में और आगे बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, मॉनसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम से होकर गुजर रही है। अगले 3-4 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। यानि कि इन राज्यों में अगले तीन से चार दिनों में मॉनसून आ सकता है।

यूपी, दिल्ली में इन दिनों सबसे ज्यादा मॉनसून का इंतजार हो रहा है। दोनों ही जगह अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। सोमवार को प्रयागराज का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा। इस बीच, मॉनसून की बात करें तो यूपी में कुछ दिनों में ही मॉनसून का इंतजार खत्म हो सकता है। 20-25 जून के बीच मॉनसून की एंट्री यूपी में हो सकती है। हालांकि प्री मॉनसून में लगभग 48 घंटे की देरी हो चुकी है। अब अनुमान जताया गया है कि 19 जून से यूपी के मौसम में बदलाव हो सकता है और प्री मॉनसून की बारिश हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां मॉनसून आने में अभी काफी समय है। 27 जून तक दिल्ली में मॉनसून की दस्तक की संभावना जताई गई है। हालांकि मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों में दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती है।

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में मानसून के 4 दिन में पहुंचने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश) में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## बालासोर में हिंसक झड़प के बाद लगाया बेमियादी कर्फ्यू

**एजेंसी**

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिला प्रशासन ने दो समुदायों के बीच सामूहिक झड़प के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां की नगर पालिका क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि स्थानीय सांसद प्रताप सारंगी और स्थानीय विधायक मानस दत्ता ने सोमवार रात पुलिस अधीक्षक सागरिका नाथ के साथ बैठक के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। प्रशासन ने कल देर रात पूरे बालासोर के संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं और अशांत इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बालासोर एसपी ने कहा कि दोनों समूहों के झड़पों के सिलसिले में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

» संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद

सुश्री नाथ के अनुसार, "वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। शहर में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।" उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद शहर के कुछ अन्य हिस्सों में हिंसा भड़क गई। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने कथित तौर पर एक पूजा स्थल और कुछ दुकानों को नुकसान पहुंचाया। उपद्रवियों ने एक घर में आग भी लगा दी, लेकिन समय से अग्निशमन की गाडियों के पहुंचने पर आग पर काबू कर लिया गया। जिला प्रशासन ने सभी दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, अन्य प्रतिष्ठानों और शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया।

## विधान परिषद की एक सीट का उपचुनाव 12 जुलाई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की एक सीट के लिये उपचुनाव 12 जुलाई को संपन्न होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि विधान परिषद के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का कार्यकाल छह जुलाई, 2028 तक था लेकिन उन्होने पिछली 20 फरवरी को त्यागपत्र दे दिया था। इसके कारण रिक्त सीट को भरने के लिए उप चुनाव कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 जून को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी की जायेगी। दो जुलाई को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि है। तीन जुलाई को नाम निर्देशनों की जांच की जायेगी। पांच जुलाई को नाम वापसी की अंतिम तिथि होगी। 12 जुलाई को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच कराया जायेगा और पांच बजे से मतगणना की जायेगी। 16 जुलाई से पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा।

**खुलासा** दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे के बाद ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे हैं सवाल

# रेलवे का नेटवर्क 69 हजार किलोमीटर, 'कवच' सिर्फ 1500 किमी में ?

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सोमवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भीषण रेल हादसा हुआ। यहां खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में 6 साल के बच्चे समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद रेल यात्रा के दौरान यात्रियों के सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच भारत में स्वदेशी रूप से तैयार की गई स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' चर्चा में है। इसे आरडीएसओ ने तीन भारतीय फर्मों के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित किया है। कवच एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के चलने पर दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करने के लिए भारत में निर्मित एक प्रणाली है। दार्जिलिंग में यह पटरियों पर नहीं लगी हुई थी, जहां दो ट्रेनें टकरा गई।

वर्तमान में कवच सिर्फ 1,500 किलोमीटर के ट्रेन ट्रैक (दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र में) में ही काम कर रहा है। भारतीय रेलवे लगभग 69,000 किलोमीटर की कुल लंबाई के मार्ग का प्रबंधन करता है। विकास के दौरान कवच को दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र में वाडी-विकाराबाद-सनतनगर और विकाराबाद-बीदर में 25 स्टेशनों को कवर करते हुए 264 किलोमीटर की लंबाई के लिए लगाया गया था। 2020-21 के दौरान, सिस्टम को 32 स्टेशनों को कवर करते हुए अतिरिक्त 322 किलोमीटर के लिए इंस्टॉल किया गया था। वहीं 2021-22 में, सिस्टम को 77 स्टेशनों को कवर करते हुए और 859 किलोमीटर में लगाया गया था। इसके साथ ही कवच अब 1,445 किलोमीटर में लगाया जा चुका है। इसमें 133 स्टेशन, 29 एलसी गेट और 74 इंजनों को कवर करने वाले 68 किलोमीटर रूट में स्वचालित सिग्नलिंग शामिल हैं। मनमाड - मुदखेड़ - निजामाबाद - सीताफलमंडी - कुरनूल - गुंतकल (सिकंदराबाद और गुंतकल स्टेशनों को छोड़कर); परभणी - बीदर - विकाराबाद - वादी और वादी - सनतनगर जैसे जगहों पर कवच लगाया जा चुका है।



एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि मुंबई-हावड़ा और दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर अन्य 3,000 किलोमीटर मार्ग पर प्रगति हो रही है।

यदि ड्राइवर समय पर ब्रेक लगाने में सफल नहीं हो पाता है तो कवच स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति को नियंत्रित करता है। आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग पटरियों और स्टेशन यार्ड और सिग्नल पर पटरियों की पहचान करने और ट्रेन और उसकी दिशा का पता लगाने के लिए लगाए जाते हैं। जैसे ही सिस्टम सक्रिय होता है, ट्रेन को सुरक्षित रूप से गुजरने देने के लिए 5 किमी के दायरे की सभी ट्रेनें बगल के ट्रैक पर रुक जाती हैं। ऑन बोर्ड डिस्प्ले ऑफ सिग्नल एस्पेक्ट लोको पायलटों को खराब मौसम में भी सिग्नल देखने में मदद करता है। आमतौर पर, लोको पायलटों को सिग्नल देखने के लिए खिड़की से बाहर देखना पड़ता है। सुरक्षा प्रणाली रेड सिग्नल के पास पहुंचने पर लोको पायलट को सिग्नल भेजती है और सिग्नल को ओवरशूट करने से रोकने के लिए खुद ही ब्रेक लगाती है।

इस बीच कंचनजंगा ट्रेन हादसे के बाद अब राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर मोदी सरकार से सात सवाल पूछे हैं। खड़गे ने लिखा कि बालासोर हादसे के बाद भी एक किमी का सुरक्षा कवच क्यों नहीं जोड़ा गया? कांग्रेस अध्यक्ष ने ये भी लिखा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2017 से 2021 (4 साल) तक रेल हादसों में एक लाख लोगों की जान गई। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या सरकार ने रेल बजट का आम बजट में विलय किसी जवाबदेही से बचने के लिए किया था?

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट जंक्शन के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था।

## पुंछ में आतंकवादियों ने की सुरक्षा बलों पर गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के सुरनकोट क्षेत्र में मंगलवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने पुंछ के सुरनकोट के ऊपरी इलाकों में एक पुलिस दल पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा, "गोलीबारी का जवाब दिया गया, जिसके बाद कुछ देर तक दोनों ओर से गोलियां चलीं।" उन्होंने बताया कि इसके बाद आतंकवादी भाग गये, जिनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम बेहरामगला के जंगलों में बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा, "किसी ताजा गोलीबारी की सूचना नहीं है।" गौरतलब है कि पिछले 10 दिन में जम्मू क्षेत्र में करीब चार आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। गत नौ जून को आतंकवादियों ने कटरा की ओर जा रही तीर्थयात्रियों की एक बस पर गोलीबारी की, जिससे वह खाई में गिर गयी।

# भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित करेगी योगी सरकार

## सीएम योगी की मंशा अनुसार उप्र पर्यटन विभाग ने शुरू कीं तैयारियां

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीमित संभावनाओं को तलाश कर उसे गति देने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में बौद्ध तीर्थ पर्यटन को बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयास करने जा रही है।

प्रदेश में ख्याति प्राप्त बौद्ध तीर्थ स्थलियों पर देश-विदेश से तीर्थयात्री, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार 28 जून को 'द बोधि यात्रा 2024' नाम के कार्यक्रम का नई दिल्ली में आयोजन करने जा रही है। इस एक दिनी कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के बौद्ध विरासत स्थलों के माध्यम से भगवान बुद्ध की असाधारण जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा अनुसार उ.प्र पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में बौद्ध कला-संस्कृति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के योगदान और उत्तर प्रदेश से भगवान बुद्ध के जुड़ाव व महत्व को विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियों के जरिए दर्शाया जाएगा।

माना जा रहा है कि कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए देश-विदेश से अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा उनके सम्मान में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'द बोधि यात्रा' कार्यक्रम के दौरान इंटरैक्टिव व क्लचरल सेशन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के 5 सितारा होटल में किया जाएगा जिसका जल्द ही निर्धारण हो जाएगा। माना जा रहा है कि कार्यक्रम में 400 से ज्यादा विजिटर्स भाग ले सकते हैं और इसी अनुरूप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग कार्यक्रम के दृष्टिगत अपनी तैयारियों को अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्यरत है।

कार्यक्रम के उचित संचालन व अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए उ.प्र पर्यटन विभाग द्वारा रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम के जरिए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि ई-निविदा के माध्यम से कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसी को कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में बौद्ध सर्किट स्थलों की विस्तृत प्रदर्शनी को सुनिश्चित करना होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या मंच की स्थापना, ब्रांडिंग और सजावट, फूलों से सजावट, आयोजन स्थल की ब्रांडिंग, स्मारिका किट की आपूर्ति और वितरण का कार्य करना होगा। कार्यावंटन प्राप्त करने वाली इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी को कल्चरल सेशन के दौरान कलाकार, एंकर, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, तकनीकी सहायता, रखरखाव और अन्य सभी संबंधित जनशक्ति सहायता उपलब्ध करानी होगी। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में लाइट-साउंड, एलईडी और वीडियो आपूर्ति के साथ ऑडियो सेटअप को सुनिश्चित करने के साथ विभागीय अधिकारियों के साथ पूरे कार्यक्रम का समन्वय सुनिश्चित करना होगा।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाये निदान : केशव प्रसाद



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7- कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय परजनता दर्शन कार्यक्रम लगाया। जनता दर्शन में उन्होंने विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास पर योगी सरकार का फोकस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप कई प्रयास किए जा रहे हैं। अब इसी कड़ी में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन विभाग को आदेश जारी किया गया है तथा 5.28 लाख रुपए की धनराशि व्यय से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास को सुनिश्चित किया जाएगा।



इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों को 12 हजार रुपए की धनराशि व्यय से निर्मित व विकसित किया जाएगा। इस क्रम में बरेली के अनिरुद्धपुर, मउचंदपुर, सिकोड़ा, अंबरपुर, करतौली, मानपुर अहियापुर, चुरई दलपतपुर, बांसबोझ, महेशपुर शिव सिंह और शेखापुर में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, उन्नाव के तौरा, टिकरा सामद, छूलामऊ, कोंथा व देवमई में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा। वहीं, शआहजहांपुर के शहबाजनगर, धुसगवां, बागपत के बिजवाड़ा, काकौर, अगला अगरी, लखीमपुर खीरी के कादीपुर, जालौन के नुनबई व गुजराजपुर, कासगंत के नादरमई व मथुरा के बढ़ौता में भी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, सम्भल के साकिन शोभापुर मुनजब्ता, एचौली व निरयावली, रायबरेली के बन्नांवा, अमेठी के दक्खिनगांव, कोरारी लच्छनशाह, खारा व टीकरमाफी, हरदोई के बरेला कमालपुर, कुरसेली व उचवल, फतेहपुर के जरौली व भादर, मुरादाबाद के मोहम्मदपुर मनसुख, रायपुर खुर्द व राजपुर मिलक तथा आगरा के खेड़ी अड्डू व कुर्रा चित्तरपुर में में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा।

# कांग्रेस-सपा का शासनकाल गहन अंधकार का समय था : एके शर्मा

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कांग्रेस और सपा को दिया करारा जवाब

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत आपूर्ति को लेकर कांग्रेस और सपा को करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा का शासनकाल उत्तर प्रदेश का गहन अंधकार का समय था, राजनीति का अंधा मोड़ था और कुशासन रूपी ब्लैक होल था। कांग्रेस ने नीम के तेल और मिट्टी के तेल वाली ढेबरी पर 65 साल बिताया।



वहीं सपा ने ढेबरी और लालटेन पर अपना शासनकाल निकाल लिया। ए.के. शर्मा ने कहा कि सपा वाले सिर्फ़ अपने वीआईपी गांव में बिजली देते थे। बाक़ी पूरा राज्य अंधेरे में रहता था। सप्ताह में कभी कभार बिजली का आना बड़ा समाचार बनता था। सपा के 2012-17 के शासनकाल में बिजली की औसत महत्तम आपूर्ति 13 हज़ार मेगावाट थी। आज हम इसकी ढाई गुना बिजली दे रहे हैं- 30 हज़ार मेगावाट से ऊपर। यह उत्तर प्रदेश के ही इतिहास में नहीं पूरे देश में अधिकतम एवं ऐतिहासिक आपूर्ति है। उन्होंने कहा कि यह बिजली सभी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। इस समय 24x7 निर्बाध और निरंतर बिजली हर गांव, हर नगर, हर मजरे, हर मुहल्ले में दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा के समयकाल में आज के समय के आधा ही उपभोक्ता थे। 1.50 करोड़ से ऊपर नये कनेक्शन वर्तमान सरकार ने दिये हैं। 1.50 लाख मज़रों में बिजली भाजपा के शासनकाल में ही पहुंची है। कांग्रेस और सपा के शासन में बिजली थी ही नहीं। इसलिए जनता उनसे कोई उम्मीद नहीं करती थी। उन्होंने कहा कि हम रोस्टर प्रथा और वीआईपी कल्चर से निकलकर अब 24 घंटे सातों वार बिजली हर जगह दे रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा शासन काल में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की ज़मीन पर अनेक विभागों में बबूल बोए। ख़ास करके सपा ने बिजली विभाग में लंबे समय तक उनके काँटे गड़ने वाले और राज्य की जनता को कष्ट देने वाले बबूल बोए हैं। उन्होंने कहा कि मेरिट को दरकिनार कर भाई-भतीजवाद की नीति के तहत कर्मचारियों और अधिकारियों की भर्ती किया। सपा ने ऊंची दरों पर बिजली ख़रीदने का प्राइवेट कंपनियों से अनुबंध कर राज्य की जनता पर हमेशा के लिए आर्थिक बोझ डाला। कर्मचारियों का पीएफ के पैसे का घोटाला कर विद्युत कर्मियों का भरोसा प्रबंधन पर से उठा दिया। वहीं वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से पिछले चार वर्ष में बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया। बल्कि विभिन्न स्लैब को कम करते हुए कई दरों को कम किया। किसानों की बिजली बिल्कुल मुफ़्त कर दिया। गरीब उपभोक्ताओं को बहुत ही कम दर पर हम बिजली दे रहे हैं। हर घर सूर्य योजना से घरों में रूफ टॉप सोलर लगाकर सब की बिजली बिलकुल मुफ़्त करने की तरफ़ हम अग्रसर हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली की उपलब्धि के लिए व्यापक इंतज़ाम किया गया है। इतना ही नहीं पचास साल बाद आधारभूत संरचना के नवीनीकरण और अनुरक्षण का कार्य हुआ है। पिछले दो वर्षों में 01 लाख किमी जर्जर तार बदले गये। 19 लाख नये खंभे लगाए गये। 06 लाख ट्रांसफार्मर नये लगे या उच्चीकृत किए गए। अनेक राउंड अनुरक्षण का कार्य करके संयंत्रों को सुरक्षित किया गया। यही कारण है कि आज 24x7 निर्बाध बिजली लोगों तक पहुंच रही है। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत दरों की बढ़ोत्तरी पर भ्रामक प्रचार करने वालों को जवाब देते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस लोंगों को गुमराह कर झूठ और फ़रेब की बुनियाद पर अपना राजनैतिक महल बनाना चाहते हैं, जिसे देश और प्रदेश की जनता समझ चुकी है। वास्तविकता यह है ही सपा द्वारा अनुबंध किए गये दर से कम दरों पर हम बिजली सामान्य उपभोक्ता को दे रहे हैं। और किसानों को तो बिलकुल मुफ़्त बिजली दे रहे हैं।

## सज़ा नहीं, न्याय केंद्रित है तीन नए आपराधिक कानून, तय समय में मिलेगा न्याय : डीजीपी

**लखनऊ।** देशभर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनके लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले। इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है।यूपी पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार लखनऊ से खास बातचीत में नए आपराधिक कानूनों को लेकर जानकारी दी।

प्रशांत कुमार ने बताया कि समय की मांग को देखते हुए ये नए आपराधिक कानून लाए जा रहे है । उन्होंने कहा कि नए कानूनों में दंड पर नहीं बल्कि न्याय पर जोर दिया गया है ।भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले । नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न ना हो।

# रेल हादसे को लेकर यूपी कांग्रेस ने जताया दु :ख



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के पास दुःखद रेल हादसे में 15 लोगों की मौत एवं लगभग 60 लोग घायल हुए है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इस दुःखद रेल हादसे को लेकर आज दिनांक 17-06-2024 को सायं प्रदेश के सभी जिलों में कैंडिल जला कर रेल हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने हेतु प्रार्थना की गई।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह के नेतृत्व में आज शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाई और प्रार्थना की।पिछले 10 वर्षों में 1117 रेल दुर्घटनाओं हुई है जो स्पष्ट रूप से केंद्रीय सरकार के कुप्रबंधन का और उपेक्षा का नतीजा दिखाई दे रहा है। जुलाई 2021 से अब तक 329 से ज्यादा लोग रेल हादसों में मारे जा चुके हैं। यात्रियों के जान माल का भारी नुकसान हमारे देश में हो रहा है और रेल मंत्री पी आर स्टंट करने में व्यस्त हैं। आज की दुर्घटना बता रही है कि ये मर्ज कितना गंभीर हो चुका है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस नजरअंदाजी पर सवाल उठाते रहेंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे।



## तलाश अपहर्ता



**नाम अपहर्ता** : कु० राम देवी
**उम्र** : 18 वर्ष
**पता** : ग्राम गुड़रूवा म० देवरिया थाना रेउसा, सीतापुर।
**सूचना कर्ता** : महावीर पुत्र जयनाथ पता ग्राम सुचत्र म० देवरिया थाना रेउसा, सीतापुर
**मो0नं0** : 8528326425
**हुलिया** : आँख, कान, कद औसत इकहरा जिस्म, रंग गन्धुम उम्र करीब 16 वर्ष पहनावा सूट रंग पीला, सलवार, बाटा वाली उँची हील का चप्पल रंग लाल पीला।

उपरोक्त अपहर्ता दिनाँक 22.08.2022 को समय करीब 12.00 बजे सेवता बाजार समान लेने गयी थी तब से घर वापस नहीं आयी है जिसके सम्बन्ध में थाना रेउसा जनपद सीतापुर में मु0अ0सं0 316/22 धारा 363/366 भादवि पंजीकृत है उपरोक्त अपहर्ता के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त होने पर निम्न मोबाइल नम्बरो पर सूचित करने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| महावीर पुत्र जयनाथ<br>पता ग्राम गुडरूवा<br>म० देवरिया म0<br>8528326425 | अनिल कुमार सिंह<br>विवेचक<br>मो० 8953510745 | प्रभारी निरीक्षक<br>थाना रेउसा सीतापुर<br>मो० 9454404262 |

## कार्यालय खंड विकास अधिकारी वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-18.06.2024

**अल्पकालीन निविदा /कोटेशन**

वि0ख0 दोस्तपुर में क्षेत्र पंचायत/15वां वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यों हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 26.06.2024 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है। उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कुम्भी डण्डिया पिच रोड से पांडेय के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य | 7.1000 लाख रुपये | प्रथम श्रेणी ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट मोरंग, बालू, ईंट गिट्टी इत्यादि |

**नोट-** सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**सैय्यद सबीहुल हसन**
ए,डी,ओ कॉपरेटिव/कार्य प्रभारी

**अरविंद सिंह**
खण्ड विकास अधिकारी

कार्यालय खंड विकास अधिकारी वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत रायदयपुर विकास खंड अमेठी जनपद अमेठी

पत्रांक- 15वां वित्त/पंचम वित्त/ठो/त/अ/प्र दिनांक 18/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्माण वर्ष 2024 -25 स्वच्छ मिशन ग्रामीण के तहत SLWM योजना चयनित ग्राम पंचायत के राजस्व गांव रायदयपुर, चचकापुर, बिराहिमपुर में 15वां वित्त, पंचम वित्त एवं ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य हेतु दिनांक -25/06/2024तक निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता सामग्री आपूर्ति कर सकते हैं।

| क्रमांक | कार्य का नाम | सामग्री की मात्रा | अनुमानित लागत (रु. में) | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर आर सी सेंटर | 01 | 400000 | ईंट,मिट्टी, बालू, मोरंग स्टील टीन शेड हेतु पाइप सीमेंट |
| 2 | ई रिक्शा | 01 | 160000 | ईंट,मिट्टी, बालू, मोरंग स्टील टीन शेड हेतु पाइप सीमेंट |
| 3 | शोक पिट | 01 | 14000 | ईंट,मिट्टी, बालू, मोरंग स्टील टीन शेड हेतु पाइप सीमेंट |
| 4 | पिल्टर चैम्बर | 01 | 25000 | ईंट,मिट्टी, बालू, मोरंग स्टील टीन शेड हेतु पाइप सीमेंट |

**नोट-** सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**राजीव कुमार**
ग्राम प्रधान
रायदयपुर

**पवन कुमार यादव**
ग्राम पंचायत अधिकारी
रायदयपुर


## उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना के तहत 30 दिन के अंदर मिलेगी कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना शुरू की है, जिसे अब तेजी से क्रियान्वित किए जाने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार किसी नगरीय निकाय में विकास कार्य के लिए दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। ये 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट प्रावधानों की जाएगी। इसके अतिरिक्त दानदाता के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि इस योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को दी जाएगी।

# पशुधन मंत्री ने पांच नये वातानुकूलित वाहनों को हरी झंडी दिखाई

## पशुपालकों को ससमय मिले पशुधन के लिए आवश्यक सहायता : धर्मपाल सिंह

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश में संचालित बहुउददेशीय सचल पशु चिकित्सा सेवायें (राज्य योजना) के तहत 5 नवीन वातानुकूलित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभाग को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश पशुजन्य उत्पाद 2023 पुस्तिका का विमोचन भी किया।





श्री सिंह ने कहा कि पशुधन की सुरक्षा और संवर्धन का कार्य बहुत जरूरी है। पशुपालकों को पशुधन हेतु आवश्यक सभी सहायता ससमय उपलब्ध कराई जानी चाहिए।श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग को समर्पित नवीन पॉच बहुउद्देशीय सचल चिकित्सा वाहनों से क्षेत्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, कुक्कुट पालन, लघु पशु विकास, पशुधन बीमा, मोबाइल वेटनरी इकाईयों के साथ-साथ निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यक्रम का सघन अनुश्रवण किया जा सकेगा। पशुपालकों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने हेतु संचालित कार्यक्रम जैसे बकरी पालन, भेंड पालन, कुक्कुट पालन आदि की निगरानी की जा सकेगी।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि नवीन वाहनों की उपलब्धता से पशुपालन विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को जनमानस तक सीधे लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाए। वर्तमान वर्ष में भी नवीन वाहनों की अतिरिक्त व्यवस्था करने के प्रयास किये जायेंगे। पशुपालन विभाग में बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा सेवायें (राज्य योजना) अन्तर्गत संचालित वाहनों द्वारा पशुओं के उपचार, चिकित्सा, कल्याणार्थ जैसे विभिन्न प्रकार के कार्य सम्पादित किये जा रहे है।

कार्यक्रम में विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमरनाथ उपाध्याय, पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डा0 रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा0 पी0एन0सिंह, एलडीबी के कार्यकारी अधिकारी डा0 नीरज गुप्ता, डा0 नीलम बाला तथा अपर निदेशक डा0 ए0के0 वर्मा उपस्थित थे।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण तेजी से पूरा कराएगी योगी सरकार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण और विकास कार्यों को गति दिया जाएगा। लखनऊ के बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में गोमती नदी किनारे मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। यहां म्यूजियम समेत विभिन्न निर्माण कामों को पूरा किया जा रहा है। यहां पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। तीनों प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 21.07 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।



राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कामों को पूरा करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपये है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़ और दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस प्रकार, कुल 138 करोड़ की धनराशि में से 72.7 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में डिजिटल म्यूजिमय समेत कई सुविधाओं का विकास हो रहा है जो अपने आप में विशिष्ट हैं। यहां बड़े स्तर पर वाहनों की पार्किंग के लिए पार्किंग एरिया भी बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, तीन हैलीपैड भी बनाए जा रहे हैं जबकि स्वर्गिय अटल बिहारी बाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की बड़ी प्रतिमाएं लगाई जा रही हैं। वहीं, म्यूजियम ब्लॉक, एंट्रेंस लॉबी, रिसेप्शन, वीआईपी लाउंज, बैक स्टेज ग्रीनरूम, 50 लोगों की कैपेसिटी वाला वीआईपी डायनिंग हॉल, इनडोर-आउटडोर डिस्प्ले एरिया, योगा सेंटर, मल्टीपर्पज हॉल, मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया ब्लॉक व टॉयलेट्स समेत तमाम सुविधाओं के निर्माण और विकास के कार्य जारी हैं।



## कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर गुलरिया विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 19.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/06/2024 को अपराहन 02 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान**
**नरेंद्र कुमार वर्मा**

**सचिव**
**महेश पाठक**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौगोई बिलासपुर विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 19.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/06/2024 को अपराहन 02 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ननकऊ प्रसाद मौर्य**

**सचिव**
**महेश पाठक**

# नासै रोग हरै सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा...









**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में ज्येष्ठ माह के चौथे और आखिरी बड़े मंगल के दिन पूरा शहर भगवान हनुमान की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया। एक ओर जहां सुबह से ही भक्त शहर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में दर्शन करते दिखाई दिए। वहीं दूसरी ओर, राजधानी में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया था। तेज गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसकी वजह से लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। पर भक्तों की आस्था और विश्वास के आगे गर्मी भी रुकावट नहीं खड़ी कर सकी। सुबह से ही हनुमान सेतु, हनुमंत धाम, लेटे हुए हनुमान मंदिर समेत अन्य हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आई। मंदिरों में हनुमान चालीसा के साथ सुंदरकांड का पाठ करके लोगों में प्रसाद बांटा गया। आखिरी बड़े मंगल के अवसर पर राजधानी में बड़े स्तर पर भंडारा का आयोजन किया गया। जहां पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, आइसक्रीम, बूंदी, शर्बत आदि का वितरण किया गया।लुलु हाइपरमार्केट ने रेडियो सिटी के सहयोग से अंतिम बड़ा मंगल पर लुलु मॉल सुशांत गोल्फ सिटी में सफलतापूर्वक भंडारे का आयोजन किया, जहां हलवा और पुलाव, पेय और जल प्रसाद का भव्य वितरण किया गया। इसके अलावा, बाल निकुंज, भवानी प्राइवेट आईटीआई शाखा, शारदा नगर स्थित मन कल्याणेश्वर महादेव मंदिर, केजीएमयू में पीआरओ ऑफिस के सामने समेत अन्य जगहों पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

**आखिरी बड़े मंगल पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई पूजा-अर्चना**

ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार पर आज हनुमानजी के भक्तों ने जगह-जगह भंडारा लगाकर हजारों लोगों में प्रसाद वितरण कर अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने बूंदी हलवा, पूड़ी सब्जी, छोला चावल का प्रसाद ग्रहण किया और शरबत तथा ठंडा पानी से गर्मी में राहत की सांस ली। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में हनुमानजी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल, डॉ0 मानसिंह यादव एमएलसी, एवं प्रदीप यादव एडवोकेट सहित समाजवादी पार्टी कार्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा। राजेन्द्र चौधरी ने विक्रमादित्य मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति का पूजन किया। उन्होंने हनुमान जी से श्री अखिलेश यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लखनऊ में केसरीखेड़ा वार्ड के स्वर्गीय मानवेन्द्र यादव पार्क में उपनेता पार्षद दल नगर निगम श्री देवेन्द्र सिंह जीतू की ओर से भंडारा का आयोजन हुआ। श्री राजेन्द्र चौधरी ने हनुमानजी के चित्र की पूजा आरती कर भंडारा का शुभारम्भ कराया।इस अवसर पर सर्वश्री नवीन धवन बंटी, जितेन्द्र यादव गुड्डू, रामनरेश यादव, मनी रावत, दिलीप कार्की, अरविन्द यादव, प्रदीप शर्मा, मोनू कनौजिया, आशीष यादव, हरीश, सुनील दुबे और विश्वजीत गोलू तथा सुदीप यादव भी मौजूद रहे। श्री चौधरी को श्री जीतू ने हनुमानजी की मूर्ति देकर सम्मानित किया।मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब, लखनऊ की ओर से विकास दीप स्थित कार्यालय परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। श्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री, श्री सुरेन्द्र राजपूत कांग्रेस प्रवक्ता, श्री आशीष यादव 'सोनू,' ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ पत्रकार श्री मधुकर त्रिवेदी को संयोजक मंजू श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। ओल्ड हैदराबाद, लखनऊ में सिंह परिवार की ओर से बड़ा मंगलवार पर भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, जूही सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, आशीष यादव ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री, मधुकर त्रिवेदी वरिष्ठ पत्रकार, मणीन्द्र मिश्र, नवीन धवन बंटी समाजवादी पार्टी के नेता, निखिल कनौजिया, सीताराम यादव, शामिल हुए। भंडारा के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में श्रीमती सरिता सिंह, श्री राहुल वीर सिंह, श्री रोनित वीर सिंह की विशेष भूमिका रही। श्री चौधरी का अंगवस्त्र पहनाकर सिंह परिवार ने सम्मान किया। श्रीगांधी ग्रामोद्योग आश्रम, हजरतगंज लखनऊ में श्री राजेन्द्र चौधरी ने बड़ा मंगल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व मेयर प्रत्याशी श्रीमती वंदना मिश्रा, प्रो0 रमेश दीक्षित, अनुराग मिश्रा, आशुतोष सिंह, मधुकर त्रिवेदी, आशीष यादव, नवीन धवन बंटी मौजूद रहे। गोमतीनगर में भंडारा के आयोजन में पूर्व मेयर प्रत्याशी श्रीमती वंदना मिश्रा तथा प्रो0 रमेश दीक्षित ने प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। लखनऊ सदर में रवि सेठ की ओर से भंडारा आयोजित हुआ जिसमें श्री राजेन्द्र चौधरी, श्री आशीष यादव 'सोनू,' ओएसडी पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ पत्रकार श्री मधुकर त्रिवेदी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। भंडारा में प्रसाद वितरण में श्री रवि सेठ के अतिरिक्त श्री अजय सेठ, श्री दिलीप सेठ, श्री संजय दयाल, श्री अतुल सेठ, श्री अर्श सेठ तथा मनप्रीत सिंह का सक्रिय योगदान रहा।

**मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन**

ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, निकट पुरानी कोतवाली, हजरतगंज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जाकर दर्शन एवं पूजन कर भोग लगाकर की। इसके बाद भंडारे वाले स्थल पर श्रीराम दरबार के चित्र की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंत्री ने शुभारंभ कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर किया और इसके पश्चात लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया।इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), धर्मवीर प्रजापति, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गोतम, मातृ एवं बाल कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मेयर लखनऊ सुषमा खरकवाल, विधायक महेश त्रिवेदी, इंजी. अवनीश सिंह, मनीष जायसवाल, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सलिल विश्नोई पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा, मुख्यमंत्री ओएसडी श्रवण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं, राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन कार्यालय पर सुन्दर कांड एंव विशाल भंडारे का आयोजनचौथे बड़े मंगलवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के गोमतीनगर स्थित कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे विधि विधान से सुंदरकांड पाठ आरंभ किया गया। सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव सम्मिलित हुए। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव समेत विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद थे।



















हरदोई रोड दुबग्गा (सीतापुर बाईपास) स्थित आम्रपाली स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित भंडारे में भक्तों को श्री हनुमान जी का प्रसाद वितरित करते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य।

## आखिरी मंगल पर जगह-जगह भंडारा



**माल।** हनुमान भक्तों ने जेठ मास के आखिरी मंगलवार को बड़ी श्रद्धा के साथ जगह जगह पूजन,अर्चन कर भण्डारे का आयोजन किया। जहां पवनपुत्र के जयकारे गूंजते रहे।भण्डारे में मनरेगा मजदूरों,भक्तों तथा गरीबों सहित सभी वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के कस्बा माल स्थित चौराहे पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता तथा उनके सहयोगियों ने पवनपुत्र का पूजन का भंडारा शुरू कराया। भण्डारे के आयोजन में थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने गरीब लोगों को बुला बुला कर पूड़ी सब्जी तथा आइसक्रीम का स्वयं वितरण किया। कस्बा में भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह द्वारा वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया। अटारी स्थित कुंवर बलबीर सिंह चौहान के कोल्ड स्टोर पर दिन भर भंडारा चलता रहा। भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। थरी स्थित जंगली नाथ शिव मंदिर पर आशीष रस्तोगी तथा गौरव दीक्षित ने साथियों सहित छोला चावल का वितरण कराया।इसके अतिरिक्त



मलिहाबाद के ढेढेमऊ गांव में जेठ माह के आखरी मंगलवार को भंडारा प्रसाद वितरित करते भक्त विमलेश।

# एक सीवेज पम्पिंग स्टेशन का काम पूरा दर्जनों मोहल्ले जलभराव से बचेंगे





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज लक्ष्मण मेला सीवेज पंपिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण सिविल कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण पाया गया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने उपस्थित सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीवेज पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता कि एक बार पुनः जांच कर ली जाए। क्योंकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन की क्लीनिंग अच्छे से कराने के उपरान्त पाइपलाइन की चेकिंग भी कराया जाना सुरक्षित किया जाए।उक्त के पश्चात मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस पंपिंग स्टेशन से 10 वार्ड कवर किया गया है।

उन्होंने जलकल के संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीवेज पंपिंग स्टेशन की क्रियाशीलता की चेकिंग के उपरांत नगर निगम को हैंडओवर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिसका संचालन नियमित रूप से नगर निगम द्वारा कराया जाए। लक्ष्मण मेला मैदान के पास स्थित सीवेज पम्पिंग स्टेशन का काम पूरा हो गया है। मंगलवार को कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने यहां का निरीक्षण किया। मानूसन की आमद कभी भी हो सकती है। ऐसे में कमिश्नर ने जांच के बाद इस स्टेशन को नगर निगम को सौंपने का निर्देश दिया। यह अकेला प्लांट करीब 10 वार्डो को बारिश के दौरान जलभराव से बचाएगा। शहर बीते वर्षों में कई बार भीषण जलभराव का सामना कर चुका है। ऐसे में कमिश्नर ने सभी पम्पिंग स्टेशनों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में कमिश्नर रोशन जैकब और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह लक्ष्मण मेला सीवेज पम्पिंग स्टेशन की स्थिति देखने पहुंचे। यहां संबंधित कार्यदायी एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि सिविल कार्य पूरा हो चुका है। कमिश्नर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीवेज पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता एक बार फिर से चेक करा लें। भविष्य में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो यह ध्यान रहे। चेकिंग प्रक्रिया शुरू करने से पहले पाइप लाइनों की सफाई करा लें। कमिश्नर ने जलकल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता चेक होने के बाद इसे नगर निगम को हैंडओवर कर दें। इसके बाद नगर निगम इसका नियमित रूप से संचालन करेगा।

# लखनऊ में 30 छात्र NET की परीक्षा नहीं दे पाए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मंगलवार को 30 परीक्षार्थी UGC NET की परीक्षा नहीं दे पाए। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह तय समय से 7 मिनट देर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया गया और इन्हें इन्हें एंट्री नहीं दी गई।

परेशान छात्रों ने सीएम हेल्पलाइन पर कॉल कर परेशानी बताई। लेकिन कोई मदद नहीं मिली। छात्रों को रोते हुए वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन ने हमारा एक साल बर्बाद कर दिया। मामला भरवारा स्थित SDSN पब्लिक स्कूल का है। सुबह करीब 8.35 बजे चिनहट की तरफ से परीक्षा देने के लिए 30 छात्र SDSN पब्लिक स्कूल के लिए निकले थे। रास्ते में भरवारा रेलवे क्रॉसिंग बंद था। सभी छात्र गेट खुलने का इंतजार करते रहे। करीब 15 मिनट तक जब गेट नहीं खुला तो सभी छात्र पैदल स्कूल की तरफ भागे। क्रॉसिंग से परीक्षा केंद्र 800 मीटर दूर होने के कारण छात्र 9.00 के बजाय 9.07 बजे केंद्र पर पहुंचे। परीक्षा शुरू होने में 23 मिनट का समय था। लेकिन विद्यालय प्रशासन की तरफ से इंट्री गेट बंद कर दिया गया। छात्रों को बताया गया कि आप लेट हैं इसलिए इंट्री नहीं मिल सकेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में पीएचडी कर रहे प्रसाद कहते हैं कि हमने अपनी परेशानी बताई। गेट पर खड़े सुरक्षाकर्मियों ने हमारी एक न सुनी। हमें कहा गया कि आप लेट हैं, कोई सुनवाई नहीं होगी लौट जाइए। प्रसाद कहते हैं कि हम लोग एंट्री के लिए गुहार लगाते रहे। केंद्र व्यवस्थापक से बात कराने के लिए भी कहा लेकिन कोई नहीं हम एक घंटे तक परेशान रहे। प्रसाद कहते हैं कि जब हमें लगा कि अब हमारा एग्जाम ये लोग छुड़वा देंगे तो हमने सीएम हेल्पलाइन का सहारा लिया। सीएम हेल्पलाइन पर फोन उठा हमने अपनी बात बताई लेकिन फोन उठाने वाले ने समस्या सुनने के बाद फोन काट दिया। उसके बाद हम कई बार फोन लगाते रहे लेकिन फोन नहीं उठा। हमारी पूरे साल की तैयारी बर्बाद हो गई।



## एक नजर

### चिनहट के कार गैराज में लगी भीषण आग, कई धमाके और 20 लग्जरी कारें जलकर खाक



**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में स्थित बाबा अस्पताल के पास यूनिक मोटर्स कार गैराज में भीषण आग लग गई। आग से खड़ी गाड़ियों में अफरातफरी मच गई और सीएनजी लगी गाड़ियों में एक के बाद एक धमाके हुए। चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित बाबा अस्पताल के पास बने यूनिक मोटर्स कार गैराज में अचानक भीषण आग लग गई। इस आग ने वहां खड़ी 20 लग्जरी कारों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि मौके पर अफरातफरी मच गई। गैराज में लगी आग के कारण सीएनजी लगी गाड़ियों में एक के बाद एक धमाके हुए। दमकलकर्मियों के सामने ही 7-8 धमाके हुए, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। इन धमाकों से आसपास के इलाके में भी दहशत फैल गई। घटना की सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए पुलिसकर्मियों ने सड़कों को रोक दिया, जिससे दमकल की गाड़ियां आसानी से मौके पर पहुंच सकें और आग बुझाने का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित बाबा अस्पताल के पास की इस घटना की जांच की जा रही है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। दमकल विभाग और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक 20 लग्जरी कारें जलकर खाक हो चुकी थीं। इस घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग मिलकर इस घटना की पूरी जांच करेंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### दहेज हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

**माल।** दहेज को लेकर प्रताड़ित करने तथा आपराधिक षड्यंत्र रचकर हत्या कर देने के मामले में दर्ज मुकदमे के एक नामजद आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते रविवार को क्षेत्र के सैदापुर चक गांव में तीन साल पूर्व ब्याही गई छब्बीस वर्षीय युवती सीमा उर्फ शुभी पांडे का शव मायका स्थित घर की दूसरी मंजिल पर दुपट्टे के सहारे संदिग्ध हालत में लटकता पाया गया था।पति सार्थक पांडे ने पुलिस को फोन कर पत्नी द्वारा आत्महत्या किये जाने की सूचना दी थी।पुलिस ने मौके पर जाकर शव को अन्य परीक्षण हेतु विच्छेदन गृह भेज कर सीमा उर्फ शुभी के मायके वालों को घटना की सूचना दे दी थी। मृतका के पिता जनपद कन्नौज निवासी प्रभू दयाल ने थाने पर आकर अपने दामाद सार्थक पांडे के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम, उत्पीड़न तथा षड़यंत्र रचकर हत्या किए जाने की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया था।थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी सार्थक पांडेय को नबीपनाह चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### डेरी संचालक ने कुत्तों को जहर देकर मार दिया

**काकोरी।** थाना क्षेत्र काकोरी के ग्राम तिलसुवा में पशु क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए बेजुबानों को जहर देकर मारने का मामला प्रकाश में आया है। दूध डेरी संचालक पर ग्रामीण कमलेश पुत्र चंद्र शेखर निवासी लौंगोटहा खेड़ा ने थाना काकोरी में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे चार कुत्ते तड़फ रहे थे। जब मैंने लोगों से इस बारे में पता किया तो लोगों ने बताया कि तिलसुवा निवासी शाहदेव ,सवेंद्र ने चार कुत्तों को जहर दिया है जिससे वे तड़फ रहे है।कुछ देर बाद कुत्ते अचेत होकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक काकोरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**काकोरी।** थाना काकोरी क्षेत्र के पानखेड़ा में विवाहिता छाया पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी ।मृतका के परिजनों नें पति सहित ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका की माँ ने शिकायत दर्ज कराई है ।पुलिस ने तहरीर मिलते ही दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

मां अनीता पाल के अनुसार बेटी छाया पाल उम्र लगभग 23 वर्ष की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व पान खेड़ा निवासी सूरजपाल पुत्र रामचंद्र पान खेड़ा काकोरी के साथ हुई थी शादी के 6 माह बाद सूरज के परिजन 10 लाख रुपए नगद वह एक प्लाट की मांग करने लगे ।बेटी ने फोन पर बताया कि सूरज की बहन रोली भाई शेर सिंह, गोविंद,रामू व ससुर रामचंद्र बार-बार दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं, वहीं मेरी सास मेरे पति की दूसरी शादी कराने की धमकी देती रहती थी ।बीते रविवार शाम 5 बजे मेरी पुत्री का फोन आया और रोते हुए बताया कि मैं घर आ रही हूं। लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं आई तो हम लोग सूरज व उनके भाई को लगातार फोन करने लगे किसी ने फोन नहीं उठाया देर रात रामचंद्र ने फोन पर बताया की छाया की तबीयत अत्यधिक खराब है जिसको मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है ।आनन फानन हम लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो मेरी पुत्री छायापाल म्रत्यु अवस्था में मिली परिवारजन का कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था सूरज और परिवारजन ने मेरी पुत्री की दहेज के लिए हत्या कर दी है। वही मंगलवार शाम पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर परिजन ससुराल पहुंचे और सड़क पर शव रखकर जाम लगा प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर जाम हटवाया लेकिन परिजन शव लेकर आरोपियों के घर के सामने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफतारी की मांग करते हुए पदर्शन करने लगे ।खबर लिखे जाने तक परिजन प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक काकोरी नवाब अहमद ने बताया परिवारीजनों की तहरीर पर नामजद मामला दर्ज कर लिया गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उनके मुंबई मुख्यालय में आयोजित किए गए रिटेलथॉन 2024




**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उनके मुंबई मुख्यालय में आयोजित किए गए रिटेलथॉन 2024 में उनकी सुप्रतिष्ठित और मजबूत विरासत का प्रदर्शन किया गया। 15 और 16 जून को कोरा केंद्र, ग्राउंड 2, बोरीवली में आयोजित दो दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री संजय रुद्र, कार्यपालक निदेशक के द्वारा श्री अभिजीत बसाक, अंचल प्रमुख, मुंबई और अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ किया गया। इस प्रदर्शनी में रियल इस्टेट, ऑटोमोटिव और शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख भागीदारों ने अपने पेशकश के विषय में बताया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राहकों के घर और शिक्षा की आकांक्षाओं के अनुकूल तत्काल स्वीकृति को सरल करते हुए 2050 से अधिक ग्राहकों को वित्तीय समाधान पेश किए। साथ ही इस कार्यक्रम में 'मुस्कान' की शुरुआत की गई, जो यूनियन बैंक के 18 वर्ष से कम उम्र के युवा ग्राहकों को बैंकिंग और वित्तीय समझदारी के बारे में शिक्षित करने वाली एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी को प्रेरित करना और उनके साथ जुड़ना है।

# नीट में धांधली के आरोप की याचिकाएं जोर न देने पर खारिज

- फर्जी दस्तावेज लगाकर आयुषी ने दाखिल की थी याचिका
- हाईकोर्ट ने एनटीए को दी कारवाई की छूट

**विधि संवाददाता**

**लखनऊ।** नीट- यू जी 2024 में कथित धांधली की शिकायत मामले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने दाखिल दो याचिकाओं को मंगलवार को याचियों के जोर न देने के आधार पर खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि आयुषी ने याचिका फर्जी दस्तावेज लगाकर दाखिल की, लिहाजा मामले में कानूनी कारवाई करने से प्राधिकारियों को रोका नहीं जा सकता। कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी( एनटीए ) को मामले में समुचित करवाई करने की छूट भी दी है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की ग्रीष्मावकाश कालीन एकल पीठ ने यह आदेश स्थानीय अभ्यर्थी आयुषी पटेल की याचिका पर दिया। याची ने मामले में कथित धांधली को लेकर एनटीए के खिलाफ जांच कराने के निर्देश केंद्र सरकार को जारी करने का आग्रह किया था। साथ ही नीट 2024 की प्रक्रिया को अंतिम रूप न दिए जाने की गुजारिश भी की थी। पहले, कोर्ट ने एनटीए के वकील को मामले में पूरी जानकारी लेकर 18 जून को पेश करने का आदेश दिया था।

मंगलवार को सुनवाई के समय एनटीए के अधिवक्ता ने पहले के आदेश पर याची का जब रिकार्ड पेश किया तो पता चला कि याचिका के साथ दाखिल दस्तावेज फर्जी थे। आवेदन का जो रजिस्ट्रेशन नंबर याची होने का दावा कर रही थी, वह भी गलत था। इसपर, याची के अधिवक्ता ने कोर्ट से याचिका पर जोर न देने की अनुमति मांगी। इसपर, कोर्ट ने कहा कि याचिका फर्जी दस्तावेज लगाकर दाखिल की गई, लिहाजा मामले में कानूनी कारवाई करने से प्राधिकारियों को रोका नहीं जा सकता। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने जोर न देने के आधार पर याचिका खारिज कर दी।

उधर, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता एस बी पांडेय ने वरुण पांडेय के साथ कहा कि नीट 2024 में कोई धांधली नहीं हुई है। याची खुद धांधली होने का दावा गलत दावा कर रही थी। पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने इसी मामले में दाखिल एक अन्य याचिका पर भी इसके याची द्वारा जोर न देने के आधार पर खारिज कर दिया। साथ ही मामले में एनटीए को समुचित करवाई करने की छूट दी है।

# राजधानी में 120 करोड़ की धोखाधड़ी के 7 आरोपी गिरफ्तार

## फर्जी मेल आईडी बनाकर ठगी की थी, फिल्म प्रोड्यूसर-फार्मासिस्ट भी शामिल था

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी पुलिस ने 120 करोड़ की धोखाधड़ी के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने यूनियन बैंक का मैनेजर बनकर साइबर फ्रॉड किया था। पुलिस ने गुजरात से 2 और यूपी से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने 119 करोड रूपये की रिकवरी कर लिया है। 12 जून को एकेटीयू के बैंक खाते से एफडी पर ज्यादा इंटरेस्ट देने का लालच देकर 120 करोड़ की ठगी की गई थी। 12 जून को यूनियन बैंक के मैनेजर अनुज कुमार सक्सेना ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि उनकी ब्रांच से जालसाज ने बैंक का ऑफर लेटर लेकर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) से 120 करोड़ की धोखाधड़ी की। जालसाज बापू भवन के सामने यूनियन बैंक की ब्रांच के पर एक व्यक्ति एकेटीयू का फाइनेंस ऑफिसर बनकर गया। बैंक में एकेटीयू के खाते की एफडी कराने की बात कही। बैंक मैनेजर ने



अपना विजिटिंग कार्ड और ऑफर लेटर दे दिया। जिसे जालसाज ने एडिट करके अपने नाम से बना लिया। इसके अलावा यूनियन बैंक और एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी बनाई। फर्जी मेल से एकेटीयू की ऑफिसियल मेल पर और एकेटीयू की फर्जी आईडी से बैंक की असली आईडी पर मेल से लेटर चलाया। इसके बाद एकेटीयू में खुद को बैंक मैनेजर बनकर पहुंचा। वहां पर एफडी में सबसे ज्यादा इंटरेस्ट देने का लालच दिया। इस एकेटीयू का फाइनेंस ऑफिसर उसके झांसे में आ गया और 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए तैयार हो गया। एकेटीयू का आथारिटी लेटर व केवाईसी लेकर 120 करोड़ आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया था। सर्विलांस की मदद से अमरौली सूरत गुजरात के रहने वाले देवेंद्र जोशी, अहमदाबाद के रहने वाले उदय पटेल, उन्नाव, यूपी के रहने वाले राजेश बाबू, बीकेटी लखनऊ के गिरीश चंद्र, महानगर लखनऊ के शैलेश कुमार रघुवंशी, मुसाफिर खाना अमेठी के रहने वाले दस्तगीर आलम, गांधीनगर बस्ती के रहने वाले कृष्णकांत को गिरफ्तार किया। मामले का मास्टर अनुराग श्रीवास्तव अभी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने 119 करोड़ रिकवर कर लिए हैं, जबकि 1 करोड़ की रिकवरी होनी बाकी है। मामले में शामिल राजेश बाबू फिल्म प्रोड्यूसर है। भोजपुरी फिल्म दबंग दामाद प्रोड्यूस कर चुका है। जिसके कलाकार रितेश पाण्डेय और अकक्षरा सिंह थे। वहीं शैलेश कुमार फार्मासिस्ट है। जिसके खाते से विटनेस कराकर नया फर्जी खाता खुलवाया था। सूरत का रहने वाला कपिल और राजेश बाबू मुंबई में साथ काम किए थे। इसके बाद रजेश बाबू फिल्म की प्रोडक्शन लाइन में आ गया। काफी समय बाद कपिल ने राजेश से संपर्क किया। एक बैंक एकाउंट के बारे में पूछा जिसमें 200-300 करोड़ रूपए आ सके। इसके बाद राजेश ने गिरीश चंद्र से संपर्क कराया। गिरीश ने शैलेश कुमार रघुवंशी से मिलवाया। शैलेश कॉन्ट्रैक्टर था तो उसके एकाउंट में करोड़ों का ट्रांजेक्शन होता था। उसने बैंक मैनेजर से संपर्क करके फर्जी खाता खुलवाया। जिसमें धोखाधड़ी का पैसा आया। जिसे तुरंत गुजरात के अलग-अलग खातों में भेज दिया गया। जिसमें से श्रृद्धा एजुकेशन सोसाइटी के नाम पर कुछ पैसे भेजे गए।

# नर्सिंग कॉलेज में करंट से झुलसी छात्रा

**बीकेटी।** बीकेटी के जीसीआरजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज परिसर में छात्रा करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। सिविल अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिगवां के रेवामऊ निवासी धीरज सिंह के मुताबिक बहन पूर्णिमा सिंह (19) का पण्डित दीन दयाल योजना के तहत एमएसटी डिप्लोमा कोर्स सीखने के लिए चयन हुआ था। पूर्णिमा डेढ़ माह से चन्द्रिका देवी रोड स्थित जीसीआरजी इंस्टीट्यूट ऑफ निर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में रहकर कम्प्यूटर कोर्स सीख रही थी। रविवार शाम इंस्टीट्यूट से फोन आया कि पूर्णिमा करंट की चपेट में आकर झुलय गई है। धीरज ने आरोप लगाया कि रविवार शाम वह पानी पीने निकली थी। इस बीच वह करंट की चपेट में आ गई। इंस्टीट्यूट प्रबंधन का कहना है कि छात्रा पूर्णिमा इंस्टीट्यूट परिसर में लगे आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रही थी। इस बीच वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गई।

### करंट की चपेट में आए बैंक ऑडिटर की मौत

पारा स्थित घर की छत पर पानी डालते समय करंट की चपेट में आकर बैंक ऑडिटर मनीष राय (28) की मौत हो गई। चार माह पहले उनकी शादी हुई थी। देवपुर निवासी मनीष नाबार्ड बैंक की एलडीए कॉलोनी शाखा में ऑडिट के पद पर कार्यरत थे। पिता अजय राय के मुताबिक बेटा मनीष रविवार शाम को छत पर पानी डाल रहे थे। इस बीच मनीष ने एक हाथ से लोहे की रेलिंग पकड़ ली। रेलिंग में करंट आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिवार वाले आनन- फानन में उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चार माह पहले मनीष की अनुराधा से शादी हुई थी। अजय पुलिस विभाग में दरोगा के पद से सेवानिवृत्त हैं।

# तारपीन गोदाम में आग से झुलसी मासूम की मौत

**लखनऊ।** देवपुर पारा स्थित तारपीन गोदाम में आग लगने से झुलसी मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में करीब 11 लोग घायल हुए थे। नौ जून की रात देवपुर निवासी प्रकाश सोनी के दो मंजिला मकान में आग लगी थी। हादसे में परिवार के 11 सदस्य झुलसे थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था। सोमवार को केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती प्रकाश की नातिन आद्या (11) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मां जया के साथ ननिहाल आई हुई थी।

# एयरपोर्ट पर गर्मी में 500 मीटर दूर उतारे जा रहे यात्री

**लखनऊ।** एयरपोर्ट पर इस भीषण गर्मी में भी ऑटो से आने वाले यात्रियों को 500 मीटर दूर उतरना पड़ रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन इसके आगे ऑटो से जाने नहीं दे रहा। ऐसे में लगेज लेकर इतना लम्बा चलना यात्रियों को बेहाल कर रहा है। सोशल मीडिया पर यात्री इस दिक्कत पर नाराजगी जता रहे हैं।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर यूजर शिकायत कर रहे हैं कि नए टर्मिनल में उनको दूर रोक दिया जा रहा है। क्या मध्यमवर्गीय और उच्च वर्गीय का मापदंड भी इस तरह तय किया जाएगा? इसी तरह अन्य यूजर भी लखनऊ एयरपोर्ट को आड़े हाथों ले रहे हैं। उनका कहना है कि एयरपोर्ट पर ऑटो से तीन गुना ज्यादा कैब का किराया है। ऐसे में जिनके पास ज्यादा पैसा नहीं है। विमान से यात्रा करना मजबूरी है, उनको या तो सामान लेकर पैदल चलना होगा। नहीं तो महंगी कैब बुक कराएं। इनके अलावा और कोई विकल्प उनके पास नहीं है। मनीष झा लिखते हैं कि आप ऑटो से आ रहे हैं तो इस भीषण गर्मी में पैदल चलने की सजा मिलेगी।

# केजीएमयू: ओपीडी के एसी बेअसर,मरीज और तीमारदार बेहाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** केजीएमयू के मुख्य ओपीडी ब्लॉक में मंगलवार को भीषण गर्मी में एसी भी जवाब दे गए। मरीज और तीमारदार कई घंटे गर्मी में बेहाल रहे। पंजीकरण काउंटर, डॉक्टरों के कमरे व जांच कांउटर के बाहर कतार में लगे मरीज और तीमारदार पसीने से तर बतर थे। कई तीमारदार हाथ वाले पंखे, गमछा, रुमाल व पर्चे और रिपोर्ट से मरीज को हवा दे रहे थे। रविवार व सोमवार को बकरीद की छुट्टी के चलते मरीजों का भारी दबाव था। मरीज रात से ही परिसर में आ गए थे। पंजीकरण काउंटर पर सुबह से ही लम्बी कतरे लग गई थी। दो दिन की छुट्टी के बाद पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया, बलरामपुर, सिविल व लोक बंधु अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में मरीजों का भारी दबाव रहा।

केजीएमयू नए ओपीडी में रोजाना करीब हजार मरीज आते हैं। दो दिन के छुट्टी के चलते मंगलवार को ओपीडी में रोज की तुलना में मरीज और तीमारदारों का भारी दबाव था। दोपहर करीब 12 बजे एसी काम नहीं कर रहे थे। मरीज और तीमारदार गर्मी से परेशान थे। कर्मचारियों ने बताया कि एसी चल रहे हैं, लेकिन गर्मी और मरीजों व तीमारदारों के दबाव के चलते असर कम हो रहा है। सीतापुर से आए तीमारदार राजेश ने बताया कि वो पिता को सर्जरी विभाग में पथरी के ऑपरेशन के लिए दिखाने आये थे। सुबह 11 बजे पंजीकरण कराने आए तो एसी बंद था।

डॉक्टर के कमरे के बाहर गर्मी में बैठना मुश्किल था। मरीज और तीमारदार बाहर गर्मी से बिलाबिला रहे थे। कोई फर्श पर बैठा तो कोई मरीज को लिटाए हुए हाथ के पंखे से हवा कर रहा था। लखीमपुर से आए मरीज रामशंकर ने एसी बंद होने से सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। वो बाहर चले गए। गोंडा से आए सुरेश ने बताया कि बेटे को न्यूरो की समस्या है। गर्मी और उमस बेटे की हालत और बिगड़ रही थी। गर्मी से बचाव के लिए गमछे को कई बार पानी से भिगोकर शरीर का पोछा। तब जाकर राहत मिली है।

> “ओपीडी के एसी और पंखे सभी चल रहे थे। मैं खुद ओपीडी में मरीज देख रहा था। कुछ देर के लिए एसी बंद हुआ होगा। इसकी जानकारी नहीं है।
>
> – डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

## लखनऊ में हीट वेव और लू से हाल बेहाल

लखनऊ में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को बहाल कर रखा है। सोमवार को सीजन का सबसे ज्यादा तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 31.6 रहा। इसके पहले 31 मई को 45.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार 18 जून 2015 को 46 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ था। मंगलवार को दिन का पारा 44.7 डिग्री के पार जा सकता है। रात में तापमान 31 डिग्री तक रहेगा। आने वाले दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना है। इसके बाद कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। फिलहाल जून के महीने में गर्मी से राहत मिलने का आसार नहीं दिख रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, आसमान साफ होने से गर्मी ज्यादा मालूम हो रही है। आज भी लू के थपेड़े लोगों को परेशान करेंगे। मौसम विभाग की ओर से मानसून के अभी नरम पड़ने की जानकारी सामने आ रही है। प्रदेश के लोगों को अभी दो से तीन दिनों का और इंतजार करना होगा। 48 घंटे के



बाद बादलों की आवाजाही हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 3-4 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में मानसून सक्रिय हो सकता है। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां सही बनती दिख रही हैं। बिहार में आगे बढ़ने के बाद ही मानसून के उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ने के बारे में स्थिति साफ होगी।

## एक नजर

### कुर्बानी को लेकर दो समुदायों में तनातनी

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कोतवाली कुर्सी के मोहसंड गांव में मंदिर की दीवार के पीछे भैंस की कुर्बानी दी गई। हिन्दुओं ने इसे नई परम्परा बताकर विरोध किया। दरअसल, बकरीद दौरान सोमवार को कुर्सी थाना क्षेत्र के मोहसंड गांव में मुस्लिमों ने मंदिर के पीछे (खाली पड़ी जगह) में दोपहर के समय भैंसा कुर्बान कर डाला। ग्रामीण जब मंदिर पर पहुंचे, तो उन्हें कुर्बानी की जानकारी हुई। बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण मंदिर के पास एकत्र हुये और विरोध शुरू कर दिया। इसी बीच, इस्लाम मतावलम्बी भी सामने आ गये। देखते ही देखते, दोनों सम्प्रदायों में तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी पाकर तत्काल ही पुलिस पहुंची। आक्रोशित लोगों को जैसे-तैसे शांत कराया। कार्रवाई के लिए हिंदू पक्ष के लोगों ने थाने पहुंच नामजद तहरीर दी। चौकी इंचार्ज ओदार ने बताया कि, मौके पर जाकर वहां से उन्हें हटवा दिया गया। कहा गया कि, आगे भी इस स्थान पर न करें।

### वृद्ध समाजसेवी की मौत

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील रामनगर के कस्बा गणेशपुर में 100 वर्ष की आयु पूर्ण होने में मात्र दो महीने पूर्व वयोवृद्ध समाजसेवी शंशाराम त्रिवेदी का निधन सोमवार दोपहर को हुआ। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा उनके निवास पर लगने लगा। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। कुछ ही दिन पूर्व उन्हें हिन्द अस्पताल में भी इलाज के लिये भर्ती कराया गया था। पूर्व प्रधान शिवराम गुप्ता ने बताया कि, स्व. श्री त्रिवेदी गणेशपुर क्षेत्र के सबसे उम्रदराज व्यक्ति थे। उनके पौत्र ने उनका 99वां जन्मदिन मनाया था। 100 वर्ष पूरे होने में सिर्फ दो महीने ही बचे थे। दो महीने बाद वह शताब्दी पूरा करते जाते। देर शाम सरयू नदी किनारे उनकी अन्त्येष्टि की गई। पुत्र रमेश ने दाह संस्कार किया। इस दौरान निरंकार, अमित, पौत्र विपिन, विवेक सहित सैकड़ों क्षेत्रीय व परिजन शामिल रहे।

### ट्रेन से नहर में कूदे युवक का शव बरामद

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र के भगौली चौकी क्षेत्र में ट्रेन से नहर में कूदने वाले युवक का शव एसडीआरएफ टीम ने पुल से कुछ दूरी पर खोज निकाला। दो दिन पूर्व जिला सीतापुर के कस्बा व कोतवाली महमूदाबाद के सरावगी मोहल्ला निवासी महेश कुमार उर्फ सुनील यादव पुत्र फूलचंद (20) अपनी बहन उर्मिला के साथ जननायक एक्सप्रेस से दवा लेने जा रहा था। भगौली चौकी क्षेत्र से गुजरी शारदा सहायक नहर में युवक ने ट्रेन से छलांग लगा दी था। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ टीम को भी लगाया था। सोमवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल से कुछ मीटर दूर युवक का शव खोज निकाला। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। कोतवाली प्रभारी ज्योति वर्मा ने बताया कि, युवक का शव मिल गया है। पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

### चोरों ने किया नकदी जेवर पर हाथ साफ

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में रविवार रात अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर हजारों की नकदी सहित लाखों के जेवरात पार कर दिये। क्षेत्र के सरसवा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के घर रविवार रात अज्ञात चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े। चोरों ने अलमारी, बक्सा व लॉकर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी हजारों की नगदी, एक सोने का हार, दो सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, चांदी के पायल, 12 चांदी के सिक्के सहित करीब लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिये। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित वीरेंद्र सिंह ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में जुटी है। थाना प्रभारी ज्योति वर्मा ने बताया कि, मामला जानकारी में है। पुलिस जांच कर रही है।

### साइकिल चोरी में केस दर्ज

**सूरतगंज, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के बसौली गांव निवासी हरिकेश सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि, बीती 12 जून को शिवा तिवारी उर्फ छोटकू ने मेरी दुकान पर खड़ी साइकिल चोरी कर ली। काफी खोजबीन की। लेकिन, साइकिल नहीं मिली। पुलिस ने शिवा के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि, केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बाढ़ राहत केन्द्र का किया निरीक्षण

**सूरतगंज, बाराबंकी।** रामनगर तहसील के संभावित बाढ़ इलाके का एसडीएम पवन कुमार ने दौरा किया। उन्होंने हेतमापुर के अपस्ट्रीम तटबंध के पास निर्माणधीन बाढ़ राहत केंद्र के ग्राउंड फ्लोर को 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि, हेतमापुर तटबंध के इस पार करीब छः करोड़ की लागत से स्थाई बाढ़ राहत केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणधीन बाढ़ राहत केंद्र निर्माण 2025 में पूरा होगा। हालांकि, संभावित बाढ़ को लेकर एसडीएम पवन कुमार ने कार्यदायी संस्था को 30 जून तक ग्राउंड फ्लोर का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि, बाढ़ प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ से पहले सभी राहत बचाव की तैयारी पूरी कर ली जाएंगी।

# कउन सो काज कठिन जग माही, जो नहि होत तात तुम्ह पाहीं

### ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल सम्पूर्ण रामचरित मानस, सुंदरकांड, भण्डारे ही भण्डारे चहुंओर गूंजा 'जय श्री राम, जय हनुमान'

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़ा मंगलवार के अवसर पर चहुंओर बजरंग बली के पूजन अर्चन के साथ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी के कारण भोर-पहर से ही मन्दिरों में भक्तों की भीड़ लग गई। सुबह तकरीबन पांच बजे से ही मन्दिरों में लोग पहुंचने लगे। हाथों में भोग प्रसाद और माला लेकर अपनी बारी का इंतज़ार करते रहे। 'बजरंग बली की जय', 'पवनसुत हनुमान की जय', 'रामभक्त हनुमान की जय' आदि जयकारों से चहुंओर वातारण गुंजायमान रहा। मंगलवार को ही निर्जला एकादशी के चलते लोग श्री हरि का पूजन अर्चन करते भी नज़र आये। जिले भर में सैकड़ों भण्डारे आयोजित किये गये। नगर क्षेत्र में गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों पर विभिन्न भण्डारे लगे। कहीं कोई शर्बत पिलाता नज़र आया तो कहीं हलवा, छोला, पूड़ी, चावल, सब्जी, लस्सी, बूंदी आदि का वितरण करता दिखा। नगर के छाया चौराहा, धनोखर चौराहा, कैलाश आश्रम, श्री सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर, नागेश्वरनाथ महादेवा मन्दिर सहित कई जगह भण्डारे आयोजित हुये। नगर के बस स्टॉप के सामने स्थित दुर्गा मन्दिर पर गुड्डू भैया द्वारा विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें मंगेश साहू आदि लोगों ने भरपूर सहयोग दिया। निन्दूरा प्रतिनिधि के अनुसार, ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगलवार को ब्लॉक निन्दूरा प्रांगण में बीडीओ संतोष कुमार सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह, ज्वाइंट बीडीओ राकेश श्रीवास्तव सहित समस्त पंचायत सचिव व कर्मचारियों ने वीर बजरंगी की पूजा अर्चना की। सुन्दरकाण्ड का रसपान किया। दोपहर में भंडारा आयोजित हुआ। बीडीओ के साथ उनके सुपुत्र ने प्रसाद वितरित किया। क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद पाया। इस मौके पर सीएम फेलो डॉ अलकमा, एडीओ कॉपरेटिव खुशबू राय, एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव सुधाकर सिंह, पवन पोरवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जीआईसी निंदूरा प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, सचिव सौरभ यादव, राजेंद्र कुमार विकल, राजेश कुमार निगम, अभिनव श्रीवास्तव, महमूद अंसारी, आनंद सिंह, टीए सत्येंद्र कुमार, अकाउंटेंट अतुल गुप्ता व हजारों भक्त मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार, कस्बा बदोसरांय के हनुमान मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बजरंगबली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पर विशाल भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। पंजरौली के हनुमान मंदिर पर आशीष वर्मा ने विशाल भंडारा आयोजित कर पूड़ी, सब्जी, बूंदी आदि प्रसाद वितरित किया। कोटवाधाम में रवि वर्मा ने भण्डारा का आयोजन किया। ग्राम रसूलपुर में रामानंद वर्मा, खजुरिहा में अमित पान्डेय, बदोसराय में अशोक तिवारी ने भण्डारा आयोजित करवाया। जैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार, नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बड़ी बाजार स्थित जायसवाल मेडिकल स्टोर के सामने श्री बालाजी मिष्ठान भंडार संचालक मन्नू पहलवान द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। निकट ही, भीम कश्यप, परशुराम कश्यप द्वारा आयोजित झांकी में कलाकारों ने सुन्दर धार्मिक झांकी का प्रदर्शन किया। प्रसाद वितरित किया गया। पूर्व सभासद संजय गुप्ता ने पूरब तरफ सिद्धौर टेम्पो स्टैंड के पास भंडारा आयोजित कराया। सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार, ब्लॉक सिद्धौर मुख्यालय पर बीडीओ पूजा सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक परिवार की ओर से भण्डारा आयोजित हुआ। जिसमें हनुमत प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी बूंदी का वितरण बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ किया गया। इस मौके पर लघु सिंचाई अवसर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, रवि अवस्थी, उत्तम कुमार, संजय चौधरी, वरुणपाल, सचिन अवस्थी समेत ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। डोमनगड्ढ़ा मोहल्ला में पूर्व सभासद अखिलेश यादव, सरसा में प्रधान प्रतिनिधि रोनू सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, गणेशपुर मोड़ की शुक्ला मार्केट में अनुपम शुक्ला व उत्तम वर्मा द्वारा सभी सहयोगियों व भजन टोली सहित संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ व हवन पूर्ण कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर चेयरमैन रामशरण पाठक, पवन ओझा, रविकांत पांडे, मोनू भास्कर आदि भक्त मौजूद रहे। लोहटीजई के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रेलीबाजार के बजरंगबली मंदिर पर प्रसाद वितरित किया गया। भाजपा नेता श्यामजी मिश्र ने मीतपुर में आवास पर सुंदरकाण्ड का पाठ कर पूड़ी सब्जी व शरबत वितरण किया। गणेशपुर कस्बा के श्री द्वारिकादास ठाकुरद्वारा से शाम को बजरंगबली की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से गाजे बाजे सहित निकाली गई। जो रेलीबाजार, मीतपुर, झाला, लकड़मंडी आदि ग्रामों से होते हुए वापस ठाकुरद्वारा पहुंची। रात्रि में भजन व सुंदर झांकी का आयोजन किया गया।



# अक़ीदत से मनाई गई ईद–उल–अज़हा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** इस्लाम मतावलम्बियों को कुर्बानी का प्रमुख त्यौहार ईद-उल-अज़हा (बकरीद) पूरे जनपद में अकीदत से मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज़ अता की गई। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। नगर के पीरबटावन स्थित ईदगाह में बकरीद की नमाज़ अता की गई। मुस्लिमों ने तरक्की, कौमी यकज़हती और अमच-चौन की दुआ मांगी। नगर के नेबलेट तिराहा निकट जामा मस्जिद, रेलवे स्टेशन के निकट मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज़ अता की गई। लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार, कस्बा बड़ागाँव ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद अंसारी, ईदगाह मसौली में हजरत मौलाना सैय्यद गुलजार शाह इस्माईली, कस्बा सआदतगंज ईदगाह में हाफिज सिराजुद्दीन, मस्जिद पचासा में मुफ़्ती आरिफ, मस्जिदे मरकज़ में हाफिज अब्दुल्ला, मस्जिद मक्की में मौलाना अकील व मस्जिदे मदनी में मौलाना अयाज, कस्बा रामपुर कटरा मे मौलाना अरकम सहाबपुर मे मौलाना इमरान, सुरसंडा मे मास्टर समीमउद्दीन ने ईद-उल-अजहा की नमाज़ अता कराई। नमाज अता होने के बाद अल्लाह की राह में पशुओं की कुर्बानी दी गई। जैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार, बलिदान व खुशियों का त्यौहार ईद-उल-अजहा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मनाया गया। बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग साफसुथरे कपड़े पहन ईदगाहों और मस्जिदों की ओर जाते दिखे।

थाना चौराहा स्थित नई ईदगाह में हाफिज अजीजुद्दीन अंसारी ने नमाज अदा कराई। बड़ापूरा स्थित पुरानी ईदगाह में मुफ्ती हलीम अंसारी साहब ने नमाज अदा कराई। अली अकबर कटरा में हाफिज मोहम्मद मुबीन खान ने नमाज अदा कराई। मरकज मस्जिद, मुखिन मस्जिद, मोहम्मदिया पचदारी, मस्जिद छोटी बाजार सहित क्षेत्र के अन्य तमाम मस्जिदों में भी नमाज पढ़ाई गई। चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी, वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद कलीम अंसारी सुबह से ही थाना चौराहा स्थित नई ईदगाह के पास लोगों का इस्तकबाल करते रहे। नगर प्रशासन ने सफाई, चूना छिड़काव व पानी व्यवस्था की व्यापक व्यवस्था की। एडिशनल एसपी, सीओ सदर सुमित सिंह त्रिपाठी, थानाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज सहित अन्य तमाम पुलिस अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते दिखे। नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अंसारी, पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद व क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों व आम जनता के आवासों पर पहुंच कर ईद-उल-अजहा की बधाइयां दीं। बेलहरा प्रतिनिधि के अनुसार, ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्यौहार कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह पहुंच कर सामूहिक रूप से नमाज़ अदा की। स्थानीय कस्बा की ईदगाह में मौलाना मो. कुर्बान कासमी, भटुवामऊ में मौलाना तौफीक नदवी, घघसी में मौलाना मो. हारुन क़ासमी ने नमाज़ अदा कराई।

नमाज से पूर्व धर्मगुरुओं ने कहा कि, ईद-उल-अजहा पैगंबर इब्राहिम की सुन्नत के तौर पर मनाई जाती है। यह त्योहार मोमिनों का अपने रब के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उलमा ने अपील की कि, अपने पड़ोसियों का ख्याल रखें। जो साहिबे हैसियत है, वह क़ुर्बानी जरूर करें। नमाज़ बाद लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। इसके बाद सुन्नते इब्राहीमी (कुर्बानी) का सिलसिला शुरू हुआ। जो दूसरे दिन भी जारी रहा। इंस्पेक्टर अनिल सिंह व बेलहरा चौकी प्रभारी चंद्रहास मिश्रा पुलिस बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

# भीषण गर्मी में लो वोल्टेज ट्रिपिंग से परेशान ग्रामीण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सूरतगंज, बाराबंकी।** सब स्टेशन सूरतगंज की बिजली व्यवस्था इन दिनों चरमरा गई है। हालात ऐसे हैं कि, भीषण गर्मी के बीच 350 गांवों की पूरे दिन बिजली गुल रहती है। रात में बिजली सप्लाई बहाल होने पर लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। दरअसल, सूरतगंज सब स्टेशन से 350 गांवों को बिजली आपूर्ति होती है। इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पूरे दिन में एक साथ सात घंटे सब स्टेशन से आपूर्ति ठप रहती है। सुबह 11 बजे लाइन ट्रिप होने के बाद शाम पांच बजे ही आपूर्ति बहाल की जाती है। रात में लो वोल्टेज बिजली आपूर्ति से कूलर, पंखा, फ्रिज और मोटर तक नहीं चल रहे हैं। इससे लोग काफी परेशान हैं। बिजली की ट्रिपिंग की सबसे अधिक समस्या महिलाओं और छोटे बच्चों को हो रही है। कारण कि, वह गर्मी से बचने के लिए किसी खुले स्थान पर भी नहीं जा पा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि, लो वोल्टेज बिजली आपूर्ति के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लोड नहीं उठा पा रहे हैं। इसी वजह से पानी की किल्लत काफी बढ़ गई है। इसके बावजूद सब स्टेशन के जेई सीयूजी नंबर पर उपभोक्ताओं का फोन रिसीव नहीं करते हैं। उपभोक्ताओं को सही जानकारी भी नहीं मिल पाती है। एक्सईएन दिलीप यादव ने बताया कि, लोड बढ़ने के चलते 33 केवी लाइन में बार-बार फाल्ट होने से दिक्कत आ रही है। बिजली अधिक से अधिक देने का प्रयास किया जा रहा है।

## अनुरक्षण कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा ने अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड एसके सिंह व सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं आदि के साथ सरयू नदी के सनांवा से तेलवारी आदि स्थानों पर करवाये जा अनुरक्षण कार्यो व ड्रेजिंग कार्यों का सोमवार को निरीक्षण किया। बाढ़ से पूर्व सभी काम पूर्ण करा लेने के निर्देश दिये। विदित हो कि, सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि, बरसात और बाढ़ से पहले बचाव व राहत कार्य पूर्ण कर लिये जायें। डीएम श्री झा ने सरयू नदी तटबंध के भीतर सनांवा, पासिन टेपरा, कुर्मिन टेपरा, भौंरीकोल, तेलवारी, इटहुवा पूरब आदि बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों में बाढ़खण्ड व सिंचाई विभाग द्वारा करवाए जा रहे अनुरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया।

## शराब पीते ही बिगड़ी हालत, मौत

**निन्दूरा, बाराबंकी।** अत्यधिक शराब पीने से एक युवक की मौत हुई। जिला सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा निवासी राम प्रकाश (40) सोमवार को थाना घुंघटेर के ओदारिया में अपने एक रिश्तेदार के घर पहुंचा। शाम को पिंडसावा चौराहा स्थित एक दुकान पर शराब खरीदी और पी। शराब सेवन दौरान ही अचानक उसकी तबियत बिगड़ी और वह गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे सीएचसी घुंघटेर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ठेकेदार शराब की दुकान बंद कर मौके से फरार हुआ। घुंघटेर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि, शराब पीने के बाद एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बात पता चल सकेगा कि, युवक की मौत शराब पीने अथवा गर्मी के चलते हुई है।

## प्रेमी ने किया शादी से इन्कार फांसी पर झूली प्रेमिका

**सूरतगंज, बाराबंकी।** प्रेमी के शादी से इन्कार करने पर प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली। युवती का शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर आम के पेड़ से दुपट्टे से लटका मिला। थाना मोहम्मदपुर खाला इलाके के दुर्गापुर नौबस्ता निवासी स्वामी दयाल के मुताबिक, उसकी बेटी सुशीला (18) का गांव के बंशीलाल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बेटी उससे शादी करने के लिए भी तैयार थी। सोमवार को अचानक प्रेमी ने उसके साथ शादी करने से इन्कार कर दिया। प्रेमिका डिप्रेशन में थी। सोमवार रात वह घर से निकली और फिर लौटकर नहीं आई। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह उसका शव गांव के बाहर आम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटकता देखा। मृतका के पिता ने प्रेमी पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। बीट इंचार्ज रघुवीर सिंह ने बताया कि, मृतका के पिता की तहरीर पर प्रेमी बंशीलाल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्जकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## टूटी जर्जर एचटी लाइन, बालक की जलकर मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी।** मंगलवार को तहसील रामसनेहीघाट के थाना असंद्रा क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे अवस्थी मजरे डिगसरी में जर्जर हाईटेंशन लाइन तार गिरने से एक नौनिहाल जलकर मर गया। जानकारी अनुसार, अजीत (12) पुत्र राजितराम खेत से घर जा रहा था। रास्ते में चलती बिजली का तार टूट कर ऊपर गिर गया। जिससे बालक की जलकर मौत हुई। ग्रामीणों ने बताया कि, काफी दिनों से जर्जर तार को जगह-जगह बाइंडिंग कर लाइन चलाई जा रही है। घटनास्थल पर नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, लेखपाल, कानूनगो, असंद्रा पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। लेखपाल रजनीकांत ने बताया कि, अजीत खेत से अपने घर जा रहा था। रास्ते में तार टूट जाने से ऊपर गिर गया। जिससे मृत्यु हो गई। बिजली विभाग का मामला है। रिपोर्टिंग कर दी गई है। जो भी सहायता है, बिजली विभाग से मिलेगी।

### एसबीआई का एटीएम खराब

**बनीकोडर, बाराबंकी।** ब्लॉक बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत कोटवासड़क में लगभग पिछले पांच दिनों से भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम मशीन खराब है। व्यापारियों, एटीएम यूजर उक्त एटीएम मशीन से रूपये नहीं निकाल पा रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ एमएल साहू ने बताया कि, क्षेत्र में एक ही एटीएम होने की वजह से व्यापारियों को लेनदेन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर बाइक पर गिरा, तीन लोगों की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद क्षेत्र में हेमपुर गांव के पास सीतापुर ब्रांच नहर की पटरी रोड पर बिजली विभाग की लापरवाही से तीन जानें चली गईं। सोमवार शाम हाईटेंशन लाइन के खंभे के इंसुलेटर से निकला 440 वोल्टेज का तार बाइक पर गिर गया। करंट की वजह से बाइक में आग लग गई। इससे भाई-बहन समेत तीन की मौत हो गई। जबकि युवक की मां और भांजी छिटक नहर में जा गिरे। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में जान गंवाने वाले बाइक चला रहे युवक की दो जुलाई को शादी थी। वह मां के साथ रिश्तेदारी में कार्ड बांटने गया था।

सोमवार को पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी, बहादुरपुर गांव निवासी बबलू (21) पुत्र अमरीक बाइक से अपनी मां बिंदिया (55) के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने रिश्तेदारी में गया था। बहन मंजू (28) पत्नी सोनेलाल निवासी लालपुरवा नीमगांव के ससुराल भी गया। शाम करीब साढ़े चार बजे बबलू अपनी मां, बहन मंजू, भांजे अनमोल (4) और भांजी खुशी (7) के साथ बाइक से बहादुरपुर लौट रहा था। सभी लोग एक ही बाइक पर सवार थे। हैदराबाद थाना क्षेत्र में हेमपुर गांव के पास सीतापुर ब्रांच नहर रोड पर हाईटेंशन लाइन के खंभे के इंसुलेटर से अचानक तार निकलकर बबलू की बाइक पर आ गिरा। इससे बाइक धू-धूकर जलने लगी। करंट लगने की वजह से बबलू, उसकी बहन मंजू और भांजा अनमोल भी जलने लगे। लपटों में घिरने की वजह से तीनों की मौके पर मौत हो गई। मां बिंदिया और भांजे खुशी छिटककर नहर में जा गिरे, जिन्हें लोगों ने बाहर निकाला। हादसे से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीओ अजेंद्र यादव, थानाध्यक्ष दीपक तिवारी मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिंदिया और खुशी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सूचना मिलने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और जांच की। घटना का संज्ञान लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया और मृतकों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करने के साथ घायलों के उचित इलाज के लिए डीएम को निर्देश दिए हैं।



## 2 जुलाई को थी शादी, पल भर में जल गईं खुशियां

**लखीमपुर खीरी।** हाईटेंशन लाइन के टूटे तार ने पल भर में दो परिवारों की खुशियां जला डालीं। मृतक बबलू की दो जुलाई को शादी थी। परिवार में हंसी-खुशी का माहौल था, लेकिन सोमवार शाम हुए हादसे के बाद घर में मातम है। इस दर्दनाक हादसे के बारे में जिसने भी सुना, वो सहम गया। रोते-बिलखते बहादुरपुर सेहरा मऊ निवासी बबलू के पिता अमरीक ने बताया कि उनके 21 वर्षीय पुत्र बबलू की शादी को लेकर तैयारियां जोरों के साथ की जा रही थीं। रिश्तेदारी कहां-कहां थी, बबलू को नहीं पता था। लिहाजा वह मां बिंदिया के साथ शनिवार सुबह कार्ड बांटने के लिए घर से निकला था। रविवार को वह अपनी बहन मंजू के घर ललपुरवा नीमगांव पहुंचा। सोमवार दोपहर को बबलू, बहन मंजू, मां बिंदिया, भांजा अनमोल और भांजी खुशी बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे की खबर के बाद बबलू के पिता की आंखों के आंसू थमते नहीं दिखाई दे रहे थे। घटनास्थल पर नीचे गिरे हाईटेंशन लाइन के तार से रोड के दूसरी ओर खाई में खड़ी खरपतवार में भी आग लग गई।

**डीएम ने बबलू के पिता को सांत्वना दी-** हादसे की खबर मिलने पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सीओ अजेंद्र यादव, तहसीलदार सुखबीर सिंह, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार सुखबीर सिंह आदि अधिकारी पहुंचे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बबलू के पिता अमरीक को सांत्वना दी और हिम्मत बंधाई। ऊर्जा मंत्री की बड़ी कार्रवाई एक्सईएन समेत चार निलंबित

लखीमपुर खीरी जिले के गोला मोहम्मदी विद्युत फीडर की लाइन के इंसुलेटर से निकलकर तार के बाइक पर गिरने के दौरान युवक और उसकी बहन व भांजे की जिंदा जलकर मौत होने के मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रारंभिक जांच के बाद बड़ी कार्रवाई की है। ऊर्जा मंत्री ने सोमवार की आधी रात करीब 12:00 बजे एक्स पर ट्वीट करके गोला डिवीजन के अधिशासी अभियंता राज नारायण, एसडीओ सब डिवीजन फर्स्ट विनीत कुमार और जेई गोला टाउन अमृत लाल को निलंबित करने की जानकारी दी। लाइनमैन राकेश कुमार को भी निलंबित किया गया है। वहीं डीएम ने बिजली निगम के अधिकारियों की आज बैठक बुलाई है।

# रामनगर मुख्य चौराहा पर यातायात पुलिस की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामनगर, बाराबंकी।** आमजन को रामनगर मुख्य चौराहा और केसरीपुर रेलवे लाइन के हाईवे पर ट्रैफिक पुलिस की अति आवश्यकता महसूस हो रही है। हाईवे मार्ग होने के कारण प्रतिदिन लोगों की काफी भीड रहती है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन तक इस रोड पर तेजी से आते जाते हैं। जिससे साइकिल और पैदल राहगीरों को रोड पार करने में बहुत परेशानी होती है। विदित हो कि, सपा के शासनकाल में स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा इस चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई थी। काफी दिनों तक यहां दो ट्रैफिक सिपाही ड्यूटी पर तैनात रहते थे। जिससे यातायात में परेशानी नहीं होती थी। इस चौराहा से कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, उतरौला, नेपाल बॉर्डर से लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। विद्यार्थियों का भी आवागमन रहता है। सुबह से लेकर देर रात तक लोगों की चहल पहल रहती है। काफी भीड़भाड के कारण आवागमन बाधित होता है। कभीकभार अधिक भीड़ के कारण वाहनों की लम्बी लाइन लग जाती हैं।

घंटो लोग जाम में फंसे रहते हैं। रेलवे क्रॉसिंग के निकट हाईवे पर लोगों को सड़क पार करने में परेशानी होती है। हाईवे के कारण मार्ग पर तेज रफ्तार में वाहन चलते हैं। इसके अलावा लोधेश्वर महादेव, केसरीपुर, कड़ाकापुर, भैरमपुर, गणेशपुर, सूरतगंज जाने वाले वाहनों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिस की दोनों स्थानों पर आवश्यकता है। इस संबंध में कई बार शिकायत पत्र दिया गया। लेकिन, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# जमैठा तालाब से खनन के मामले में लेखपाल निलंबित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जमैठा तालाब से खनन का खुलासा होने के चार दिन बाद क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश कुमार को निलंबित कर दिया गया। संबंधित लेखपाल को सदर तहसील में संबद्ध किया है। तालाब में खनन की मिट्टी ले जा रहे वाहन से महिला शिक्षा मित्र की मौत के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कराई तो गड़बड़ियां सामने आईं।

सदर तहसील के जमैठा तालाब को खनन माफिया पिछले काफी समय से खोद रहे थे। मिट्टी शिव कॉलोनी सहित कई जगहों के पर भेजी जा रही थी। लोगों ने अवैध खनन का विरोध भी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। अधिकारी आंखें बंद कर बैठे थे। चार दिन पहले इसी तालाब से मिट्टी लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शरबती देवी कॉलोनी के पास शिक्षामित्र कमलेश्वरी देवी को रौंद दिया था। यह घटना सुर्खियां बनी तो प्रशासन की नींद खुली। जांच कराई तो तो फर्जीवाड़ा पाया गया। इस तालाब का पट्टा मछली पालन के लिए था, लेकिन उस पर अवैध खनन का खेल चल रहा था। आनन-फानन में प्रशासन ने मुकदमा फरधान थाने में दर्ज कराया। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच बिठा दी गई। जांच के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश कुमार की लापरवाही सामने आने पर उसे निलंबित किया गया है। सदर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि लेखपाल कमलेश को निलंबित कर सदर से संबद्ध किया है।

**विवाद** मुख्य चिकित्साधिकारी आवास का मामला तूल पकड़ता जा रहा है

# भूमाफिया द्वारा जालसाजी कर जमीन को लेकर ट्रस्ट ने लिखा राष्ट्रपति, सीएम को पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** नगर के कलेक्ट्रेट निकट स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी आवास का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजस्व विभाग कर्मियों और भूमाफियाओं द्वारा जालसाजी कर जमीन को लेकर खेले गये खेल की जांच के लिये जगजीवन सतनाम सेवा ट्रस्ट ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा है। सीएम योगी आदित्यनाथ को भेजे गये पत्र में राज्य स्तरीय एण्टी भूमाफिया टीम से जांच करवाकर दोषी पाये जाने वाले भूमाफिया व सहयोगियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराये जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि, राजस्व ग्राम ओबरी परगना व तहसील नवाबगंज स्थित एनजेडए खतौनी भूमि खाता खेवट नम्बर तीन मालिकाना हक भारत सरकार जेरे इंतज़ाम जिलाधिकारी की गाटा संख्या 315/1 रकबा 0.622 हेक्टेयर (क्लब घर) व गाटा संख्या 315/2 रकबा 0.033 हेक्टेयर (रास्ता) व गाटा संख्या 315/3 रकबा 0.136 हेक्टेयर बंजर भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज चली आ रही है। उक्त भूमि सरकार के देखरेख व संरक्षण में सदैव से चली आ रही है। गाटा संख्या 315/1 रकबा 612 वर्ग मीटर की सशर्त लीज़ (पट्टा) राय राजेश्वर बली के पक्ष में 19 मार्च 1939 को तीस वर्ष की अवधि के लिये दी गई थी। लेकिन, सशर्त लीज़ अवधि 30 वर्ष पूर्व होने से पहले ही राजेश्वर बली की मौत हुई। भूमि सशर्त लीज़ डीड के अनुसार राज्य सरकार के हक में आ गई। सरकार ने उक्त भूमि पर कब्जा व दखल प्राप्त कर लिया।

उक्त भूमि को सिविल सर्जन के आवास के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। बाद में, इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी बाराबंकी के आवास के रूप में प्रयोग होने लगा। जिसमें जिले में तैनात अब तक के सीएमओ रहते चले आ रहे हैं। राय राजेश्वर बली के पक्ष में जारी सशर्त लीज़ पट्टा अवधि पूर्ण होने से पहले ही उनके वारिस दीनानाथ बली ने कपूरा देवी के हक में कथित बैनामा पंजीकृत करा दिया गया। यह अपने आप में जांच का विषय है। उक्त बैनामा प्रथम दृष्ट्या शून्य व जाली प्रतीत होता है। क्रेता कपूरा देवी के जायज वारिस कथित नन्दलाल जैन का नाम नजूल रजिस्टर में पाया गया। नन्दलाल जैन द्वारा सबसे पहले ओरल डीड मय शपथ पत्र डॉ. विनय जैन के हक में किया जाना स्वीकार किया गया। जिसके आधार पर फ्री होल्ड की कार्यवाही डॉ. विनय कुमार जैन द्वारा की गई। बाद में, नन्दलाल जैन द्वारा एक पंजीकृत वसीयतनामा डॉ विनय कुमार जैन व शारदा प्रसाद यादव के हक में किया है। जो किसी न्यायालय द्वारा साबित नहीं है। प्रथम दृष्ट्या शून्य दस्तावेज है क्योंकि राय राजेश्वर बली की मौत के बाद उनके वारिस दीनानाथ बली द्वारा बिना सरकार को सूचित किये व बिना भूमि पर कब्जा प्राप्त किये ही कथित बैनामा किया या उनके स्थान पर कोई छद्म व्यक्ति द्वारा किया गया है। जांच का विषय रहा है। विधिक व्यवस्थाओं के अनुसार, पट्टेदार या उसके वारिसों को किसी अन्य व्यक्ति के हक में बैनामा किया जाने का अधिकार नहीं है। इस पत्र में कई प्रश्नों का भी उल्लेख भी किया गया है। पत्र में बतौर सवाल कहा गया कि, क्या सरकार द्वारा दिया गया सशर्त पट्टा राय राजेश्वर बली की मौत के बाद उसके वारिसान को ट्रांसफर हो सकता था? यदि हो सकता था तो विधिक प्रक्रिया क्या थी? विक्रय विलेख के आधार पर नजूल सम्पत्ति रजिस्टर में कपूरा देवी का नाम दर्ज किया जाना सही है अथवा यह फर्जी प्रविष्टि है? क्या नन्दलाल जैन द्वारा डॉ. विनय कुमार जैन के हक में नोटरी शपथ पत्र के रूप में ओरल गिफ्ट किया जाना विधिक है? कोतवाली नगर में दर्ज 1163/2023 में अब तक क्या कार्यवाही की गई है? क्या जब डॉ. विनय कुमार जैन ने भूमि को अपने हक में विधिक रूप से फ्री होल्ड घोषित करवा लिया था तो फिर डॉ. जैन ने किरायेदारी एक्ट के तहत कार्यवाही क्यों की? यदि पंजीकृत वसीयतनामा वैध व सही है तो वसीयतग्रहीता शारदा प्रसाद यादव अथवा वारिसों ने भूमि पाने के लिये कोई कार्यवाही क्यों नहीं की? इस प्रकार कई अन्य सवालों के साथ मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है।

## संपादकीय


# सुप्रीम कोर्ट सख्त

**चिकित्सा** प्रवेश परीक्षा 'नीट' पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त तेवर दिखाये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है वह परीक्षा के पूरे आयोजन को खतरे में डालने वाली है। वर्ष 2015 में ऐसी ही टिप्पणी कर सुप्रीम कोर्ट ने एआईपीएमटी की परीक्षा रद कर दी थी। इस बार भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धोखाधड़ी से बना डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक साबित हो सकता है। नीट ही नहीं, इधर कुछ वर्षों में हुई विभिन्न परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठाये जा रहे हैं। अक्सर प्रश्न पत्र लीक होने की बात सामने आती है और बाद में परीक्षा रद कर दी जाती है। हजारों विद्यार्थी जो परीक्षाओं के लिए जी-जान से तैयारी करते हैं, उनकी मेहनत पर एक मिनट में पानी फिर जाता है। नीट परीक्षा आयोजित कराने का जिम्मा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के पास है। इस बार नीट का रिजल्ट 4 जून को घोषित हुआ था। परिणाम घोषित होने के बाद से ही नीट परीक्षा में धांधली की बात सामने आने लगी थी। इसे लेकर छात्रों के माता-पिता प्रदर्शन तो कर ही रहे थे, राज्यों के विभिन्न उच्च न्यायालयों में याचिकाएं भी दाखिल की गयी थीं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने सभी हाई कोर्ट में दाखिल याचिकाएं तलब कर ली हैं। वह स्वयं इन पर एक साथ सुनवाई कर रहा है। हालांकि अभी तक सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है। सिर्फ एनटीए को नोटिस जारी किया है लेकिन उसकी सोमवार को की गयी टिप्पणी इस बात का आहट है कि परीक्षाएं रद भी की जा सकती हैं। स्वाभाविक है कि जो छात्र नीट परीक्षा ही क्लीयर नहीं कर सकता वह चिकित्सा की शिक्षा कैसे ग्रहण करने लायक कैसे हो सकता है। अगर धांधली से वह डॉक्टर बन भी गया तो निश्चित रूप से वह मरीजों के लिए, समाज के लिए खतरनाक ही साबित होगा। जिसे चिकित्सा का ज्ञान ही नहीं होगा, वह इलाज क्या करेगा। दरअसल नीट परीक्षा के परिणाम पर संदेह करने के कुछ वाजिब कारण हैं। इस परीक्षा में पहली बार ऐसा हुआ है जब 67 छात्रों को 720 में 720 अंक मिले हैं। सवाल उठता है कि क्या यह सम्भव है। माना कि विद्यार्थी बहुत मेहनत करते हैं, तमाम कोचिंग आदि लेकर भरपूर प्रयास करते हैं। लेकिन पूर्णांक और प्राप्तांक एक होना तो सम्भव ही नहीं है। एनटीए ने माना है कि 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिये गये। उसने कवर ओढ़ा है कि कुछ छात्रों को विलम्ब से पेपर मिले जिससे उन्हें ग्रेस मार्क्स देने पड़े। सवाल यह है कि क्यों देर से पेपर मिले। एक सवाल यह भी है कि याचिकाओं में यह भी तर्क दिया गया है कि गुजरात के कुछ सेंटर हासिल करने के लिए लाखों रुपये रिश्वत के दिये गये। इन सबसे परे यह है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने स्वीकार किया है कि नीट परीक्षा में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। परीक्षा एजेंसी एनटीए में सुधार किये जाने की जरूरत है। जब सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि परीक्षा में त्रुटियां हुई हैं तब तो कोई संदेह नहीं रह जाता है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने अभी कोई फैसला नहीं दिया है। अगली सुनवाई की तिथि 08 जुलाई नियत की है। इसी तिथि को याचिकाएं दाखिल करने वालों के सभी अधिवक्ता बहस करेंगे। कोर्ट ने कहा है कि छात्र जी-तोड़ मेहनत करते हैं। हम उनकी मेहनत जाया नहीं होने देंगे। अगर गड़बड़ी हुई है तो उसे सुधारने का मौका देंगे। प्रश्न यह है कि जिस तरह की गड़बड़ियां हुई हैं उसमें सुधार की गुंजाइश कहां है। एनटीए ने कहा है कि ग्रेस मार्क्स आदि पाने वाले 1563 छात्रों की परीक्षा पुन: आयोजित की जायेंगी। क्या ऐसा करने से गड़बड़ी ठीक हो जायेगी। गड़बड़ियां बड़े स्तर की हैं, मात्र इतने से इस बार हुई नीट परीक्षा में सुधार सम्भव नहीं है। ऐसे में यह आशंका तो उपजती ही है कि 8 जुलाई को बहस के बाद कहीं परीक्षा रद कर नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने के आदेश सुप्रीम कोर्ट जारी न कर दे। चिकित्सा शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सुप्रीम कोर्ट भी मानता है कि इसके लिए छात्र जबर्दस्त तैयारी करते हैं। ऐसे में इस तरह की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# कंचनजंघा ट्रेन हादसे से उठे कई सवाल


अरविंद कुमार सिंह

पश्चिम बंगाल में कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना ने एक बार फिर से भारतीय रेल के सुरक्षा संरक्षा के दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने स्वीकार किया है कि जहां हादशा हुआ वहां कवच स्थापित नहीं था। जल्दी ही संसद सत्र के दौरान इस मुद्दे को फिर से गूंजने के आसार बन रहे हैं। क्योंकि प्राथमिकता के आधार पर अंतरिम बजट 2024-25 में इस मद में 557 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। जुलाई 2020 में कवच को राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के रूप में अपनाया गया था। पर अभी तक इसकी सीमित तैनाती ही है।

हाल के सालों में शून्य दुर्घटना मिशन, आधुनिकीकरण और तकनीक को लेकर रेलवे ने बहुत से दावे किए थे। संयोग से बीच में बड़े हादशे बचे रहे, पर ठीक एक साल पहले अतीत में 2 जून, 2023 को बालासोर रेल हादसा हो गया जिसने रेलवे की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। उस हादसे में एक नहीं तीन गाड़ियां टकराई थीं और 275 से अधिक मौतें हुईं, 1100 से अधिक लोग घायल हुए। रेल मंत्री के त्यागपत्र की मांग के साथ विपक्ष ने भी तमाम सवाल उठाए और फिर धीरे धीरे सब शांत हो गया।

रेल इतिहास में लाल बहादुर शास्त्री के मंत्री काल में पहली बार 23 नवंबर, 1956 को तूतीकोरण एक्सप्रेस की दुर्घटना के बाद नैतिक आधार पर उनका पहला त्यागपत्र हुआ था। उस घटना में 154 लोगों की मौतें हुईं थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नेहरूजी ने शास्त्रीजी को जिम्मेदार नहीं माना फिर भी उन्होनें इस्तीफा दिया। बाद में 2 अगस्त 1999 गाइसल रेल दुर्घटना के बाद नीतिश कुमार ने भी इस्तीफा दिया, जिसमें 300 मौतें हुईं। फिर 2017 में खतौली के पास कलिंग उत्कल एक्सप्रेस को लेकर रेल मंत्री सुरेश प्रभु को इस्तीफा देना पड़ा था।

लेकिन मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बाकियों से अलग हैं। वे एक दशक में चौथे रेलमंत्री हैं। उनके पहले डीवी सदानंद गौड़ा, सुरेश प्रभु और पीयूष गोयल मंत्री थे। सबने सुरक्षा तथा संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ टक्कर रोधी उपकरणों की स्थापना, ट्रेन प्रोटेक्शन वार्निंग सिस्टम, ट्रेन मैनेजमेंट सिस्टम, सिगनलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण पर काम किया। फिर भी कमजोरी बनी रही।

भारतीय रेल देश की जीवनरेखा कही जाती है। आस्ट्रेलिया की आबादी के बराबर और करीब सवा दो से ढाई करोड़ मुसाफिरों को ले जाती है। औसतन 13,523 सवारी और 9146 मालगाड़ियां रोज चलाने वाली भारतीय रेल बुलेट युग की ओर जाने की तैयारी में है। वंदे भारत जैसी ट्रेन चमकदमक में बहुत आगे है।

रेल बजट को आम बजट में समाहित करने के साथ ही यह दावा लगातार किया जाता रहा है कि अब भारतीय रेल का संरक्षा रिकार्ड बेहतर बन कर यूरोपीय देशों के बराबर हो गया है। पर जमीनी हकीकत चिंताजनक है।

आज भारतीय रेल नेटवर्क में उच्च यातायात घनत्व के 7 मार्गो और 11 अति व्यस्त मार्गों की दशा बेहद खराब है। इन पर 41% माल परिवहन होता है, जबकि 25 हजार किमी के 11 अति व्यस्त मार्गों पर 40% यात्री चलते हैं। भारतीय रेल की 50% रेल लाइनें 80% बोझा संभाल रही हैं। 25% रेल नेटवर्क पर 100 से 150% यातायात चल रहा है। क्षमता से अधिक उपयोग के कारण कई खंडों पर भारी दबाव है।




कोरोना संकट के बाद भारतीय रेल की आर्थिक सेहत और बिगड़ी थी जो संभल तो रही है पर आंतरिक संसाधनो में गिरावट आ रही है। 2019-20 में भारतीय रेल का परिचालन अनुपात 98.36% तक था, इसमें पेंशन भुगतान भी जोड़ लें तो 114.35% हो गया था। 2021-22 में यह 107.39 रुपए रहा। ऊपर से रेलवे पर 7.53 लाख करोड रुपए लागत की 51,165 किमी लंबी लंबित 464 रेल परियोजनाओं का बोझ भी है।

हर साल करीब 200 सिगनल ओवरएज होते हैं और 100 बदले जाते हैं। हर साल 4500 किमी से 5000 किमी रेलपथ बदले जाने के लिए तैयार हो जाते हैं। पर बदलाव की गति धीमी रहती है। बकाया काम बढता जाता है। इस कारण सुरक्षा और संरक्षा की चुनौती बरकरार है और कौन गाड़ी कब शिकार बन जाये, कुछ कहा नहीं जा सकता।

बीते दो दशकों में काफी बदलाव हुए हैं। आज रेलवे के समक्ष आतंकवाद और उग्रवाद की वह समस्या नहीं जो पहले हुआ करती थी। मुंबई हमले के बाद इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी सिस्टम के तहत कई काम हुए। यही नहीं राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष के रूप में 2017-18 में पांच साल की अवधि के लिए एक लाख करोड़ रुपए की एक खास निधि से रेलपथ नवीकरण, सुरक्षा, पुलों की मरम्मत जैसे कई काम हुए। बड़ी लाइन के रेल फाटकों को 31 जनवरी 2019 तक समाप्त कर दिया गया। पर यही स्थिति बरकरार नहीं रही। रेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट बताती है कि 2017-18 से रेल दुर्घटनाओं का घटता क्रम 2021-22 से फिर उठान पर है।

कवच से लेकर कोई भी अत्याधुनिक तकनीक रेलवे के पास पहुंच जाये तो भी कर्मचारियों की अहमियत बरकरार रहेगी। भारतीय रेल में स्वीकृत 14.74 लाख स्वीकृत पदों की तुलना में 11.62 लाख कर्मचारी काम कर रहे हैं। तीन लाख से अधिक रिक्तियों में 1.22 लाख संरक्षा श्रेणी में हैं। लोको पायलटों को चिलचिलाती गरमी में 10 घंटे से अधिक की ड्यूटी देनी पड़ रही है।

भले ही हवाई अड्डों जैसे रेलवे स्टेशन बाद में बनें पर हर रेल यात्री सुरक्षित यात्रा करना चाहता है। रेलवे को ही यह सुनिश्चित करना है कि उसे चमक दमक या रफ्तार को प्राथमिकता देनी है, या सुरक्षा और संरक्षा की।

बेशक रेलवे में सफलता की तमाम कहानियों के बीच आज जरूरत इस बात की है कि हर हाल में सुरक्षा और संरक्षा के पहलुओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। रेलवे क्षेत्र के विशेषज्ञों का एक आयोग बना कर नए दौर की चुनौतियों के आलोक में प्राथमिकताएं तय की जायें, कवच को हर क्षेत्र में लगाया जाये ताकि हर जान सुरक्षित रहे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# ईवीएम, मस्क और जिन्न


रामविलास जांगिड़

मस्क एक छोटे से गांव का रहने वाला एक युवा उद्यमी था, जिसे नई-नई चीजें खोजने का शौक था। एक दिन, वह गांव के पास स्थित एक पुरानी हवेली में गया। हवेली बहुत पुरानी थी और वहां लोगों का जाना मना था। वह हवेली के एक बंद कमरे में घुस गया, जहां धूल और मकड़ियों के जाले थे। अचानक उसकी नजर एक चमकदार चीज पर पड़ी। यह एक पुरानी ईवीएम मशीन थी।

मस्क ने उस मशीन को उत्सुकता से छुआ और उसकी स्क्रीन पर हाथ फेरते ही एक तेज रोशनी फैल गई। देखते ही देखते, मशीन से एक धुंधली आकृति निकली और वह एक विशाल जिन्न के रूप में प्रकट हो गई। जिन्न ने मस्क को देखते ही कहा, मैं ईवीएम जिन्न हूं। तुमने मेरा ध्यान किया, इसलिए तुम्हारी तीन इच्छाएं पूरी करूंगा।

मस्क को यह सब पहले से ही विश्वास था कि ईवीएम का जिन्न उसके लिए फायदेमंद रहेगा। उसने सोचा और बोला, मेरी पहली इच्छा है कि इंडिया की उन्नत टेक्नोलॉजी भी अमेरिका की टेक्नोलॉजी से पीछे ही मानी जाए। जिन्न ने अपनी उंगली घुमाई और कहा, तुम्हारी इच्छा पूरी हुई। और सचमुच, उस दिन से पूरी दुनिया में सिर्फ अमेरिका की टेक्नोलॉजी की ही प्रशंसा होने लगी।

अब मस्क ने सोचा कि क्यों न अपनी दूसरी इच्छा अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मांगी जाए। उसने कहा, मेरी दूसरी इच्छा है कि मुझे दुनिया का सबसे अच्छा और सफल व्यवसायी बना दो। जिन्न ने फिर से अपनी उंगली घुमाई और कहा, तुम्हारी यह इच्छा भी पूरी हो गई। कुछ ही महीनों में मस्क का एक छोटा सा व्यवसाय बड़े उद्योग में बदल गया। अब मस्क की तीसरी और अंतिम इच्छा बाकी थी। उसने बहुत सोचने के बाद कहा, मेरी तीसरी इच्छा है कि मैं दुनिया भर के चुनावों को अपने ढंग से प्रभावित कर सकूं। मैं चाहूं जिस पार्टी को राजा बना दूं और चाहूं जिस पार्टी को रंक बना दूं। जिन्न ने मुस्कुराते हुए कहा, तुम्हारी ये इच्छा भी पूरी हो जाएगी, लेकिन इसके लिए तुम्हें दुनिया भर के सोशल मीडिया पर अपना प्रोपेगेंडा चलना पड़ेगा। अपने ढंग की पार्टी और व्यक्ति पर अपने ढंग का दांव लगाना पड़ेगा।



मस्क ने जिन्न की बात मान ली और उसने अपने व्यवसाय से जो लाभ कमाया था, उसका एक बड़ा हिस्सा विश्व के कई देशों की सरकारों को तोड़ने और जोड़ने के काम में लगा दिया। सोशल मीडिया में एक जबरदस्त अलग ढंग की भ्रांति का आगाज किया। उसके प्रयासों से उसके गांव और आस-पास के इलाकों में एक नई महाभ्रांति फैल गई।

जब जिन्न ने देखा कि मस्क ने अपने वादे को पूरी तरह नहीं निभाया है। मस्क ने अपनी बेईमानी कर दी, तो उसने कहा, अब समय आ गया है कि मैं वापस अपनी दुनिया में चला जाऊं। तुम्हारी सभी कुमार्गी इच्छाएं कभी पूरी नहीं हो पाएगी। जिन्न ने मस्क को बुरा भला कहा और वापस ईवीएम मशीन में समा गया। मस्क तब तक एक सफल व्यवसायी और ऑटोक्रेट बन चुका था।

## कविता


मोनिका डागा 'आनंद'

### हम हैं बिल्कुल तैयार

मैं गठबंधन की तगड़ी घमासान सरकार बनाऊं, मेरी मर्ज़ी.........
मैं सारे चाल बाज नेताओं की बैंड बजाऊं, मेरी मर्ज़ी.........
मैं शपथ समारोह में विदेशी मेहमान बुलाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं भ्रष्टाचारियों के खिलाफ़ अभियान चलाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं एक-एक करके घोटालों को बंद करवाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं सोने की चिड़िया का राज फिर से लाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं जन-जन तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं अपने देश का झंडा शान से विश्व में फहराऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं नागरिकों को हर क्षेत्र में उनका हक दिलवाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं अन्याय के ख़िलाफ़ तगड़े तेवर दिखलाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं जनता जनार्दन के हित में कदम उठाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं अपने देश पर अपनी जान सर्वस्व लुटाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं मातृभूमि को हरा-भरा स्वच्छ सुंदर बनाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं सबके हृदय में एकजुट हो देश प्रेम ₹आनंद₹ जगाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं गद्दारों पथ भ्रष्टों को जेल की हवा खिलाऊं, मेरी मर्ज़ी......
मैं अपना कर्तव्य सर्वप्रथम सर्वोपरि सर्व हित निभाऊं, मेरी मर्ज़ी...

# वायनाड से प्रियंका की जीत को भाजपा आसानी से नहीं दे सकती वाक ओवर !


अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन के बाद सबकी नजर इस पर थी कि राहुल गांधी किस सीट से लोकसभा में जाएंगे। राहुल इस बार उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड संसदीय सीट से चुनाव जीते थे। ऐसे में उन्हें एक सीट छोड़नी थी। राहुल ने वायनाड सीट से इस्तीफा देते हुए रायबरेली सीट से अपनी सांसदी बनाए रखी। वायनाड से इस्तीफा देने के साथ ही कांग्रेस ने यह भी ऐलान कर दिया कि वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा उम्मीदवार होंगी। प्रियंका अगर वायनाड से चुनाव जीतती हैं तो संसद में गांधी-नेहरू परिवार एक नया कीर्तिमान रच देगा।लंबे इंतजार के बाद साल 2019 में प्रियंका गांधी जब सक्रिय राजनीति में आईं, तभी से उनके चुनाव लड़ने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। कभी उनके लिए उत्तर प्रदेश की परंपरागत अमेठी सीट, तो कभी मां सोनिया गांधी की रायबरेली सीट तो कभी वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के दावे किए जाने लगे लेकिन वह कभी भी चुनावी समर में नहीं उतरीं।

हालांकि अब पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड सीट से उपचुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया। अब तक खुद को चुनाव प्रचार तक सीमित रखने वाली प्रियंका अब पहली बार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगी। प्रियंका अब अगर अपनी पहली चुनावी बाधा को पार कर लेती हैं तो संसदीय इतिहास में यह ऐतिहासिक क्षण होगा।यदि प्रियंका गांधी वायनाड से लोकसभा उपचुनाव जीत लेती हैं तो यह पहली बार होगा कि जब गांधी-नेहरू परिवार से मां, बेटा और बेटी एक साथ संसद में होंगे। सोनिया गांधी इस समय राज्यसभा सांसद हैं तो राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं।

हालांकि इससे पहले कई बार इस गांधी-नेहरू परिवार के कम से कम 2 सदस्य एक समय में संसद में रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान उनके दामाद फिरोज गांधी लोकसभा सांसद रहे थे। फिरोज गांधी पहले 1952 में, फिर 1957 में रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस दौरान पीएम नेहरू भी लोकसभा सांसद (फूलपुर सीट) थे। इंदिरा गांधीने पहली बार 1964 में राज्यसभा की सदस्य बनने के साथ अपने संसदीय करियर की शुरुआत की थी जबकि उन्होंने 1967 में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था।

1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी सांसद चुनी गईं थी, तब उनके बेटे संजय गांधी भी अमेठी सीट से लोकसभा सांसद चुने गए थे। संसद में पहली बार गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी सांसद बनी थी लेकिन कुछ महीने बाद एक विमान हादसे में संजय की मौत हो गई। ऐसे में यहां पर उपचुनाव कराया गया। संजय गांधी के बड़े भाई राजीव गांधी ने 1981 में अमेठी सीट पर हुए उपचुनाव में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और लोकसभा पहुंचे। तब इंदिरा गांधी भी लोकसभा सांसद थीं और उनके बेटे भी सांसद चुने गए थे।



फिर साल 2004 में गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी फिर से संसद पहुंची। सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद चुनी गईं और उनके बेटे राहुल गांधी ने अमेठी से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करते हुए अपनी पहली चुनावी बाधा पार की। फिरोज और इंदिरा की दूसरी संतान संजय गांधी का परिवार भी लगातार राजनीति में बना हुआ है। संजय की पत्नी मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी की जोड़ी भी संसद में 3 बार बनी रही। वरुण गांधी ने अपने चुनावी करियर की शुरुआत 2009 में पीलीभीत सीट से चुनाव जीतकर की। तब आंवला सीट से मेनका गांधी से सांसद चुनी गई थीं। 2014 में वरुण सुल्तानपुर से सांसद बने तो मां मेनका पीलीभीत से लोकसभा पहुंचीं। 2019 में वरुण पीलीभीत से तीसरी बार सांसद चुने गए तो मेनका ने सुल्तानपुर से जीत हासिल की।

हालांकि 2024 में मेनका कड़े संघर्ष के बाद चुनाव हार गईं जबकि उनके बेटे को बीजेपी ने मैदान में नहीं उतारा था। दूसरी ओर, 2004 से लेकर अब तक सोनिया और राहुल के रूप में मां-बेटे की यह जोड़ी संसद में बनी हुई है लेकिन इस समय सोनिया लोकसभा की जगह राज्यसभा की सदस्य हैं।अब ठीक 20 साल बाद 2024 में मां-बेटे की यह बेमिसाल जोड़ी एक कदम आगे बढ़ाते हुए अपने साथ एक बेटी को भी शामिल करने जा रही है। अगले 6 महीने के अंदर वायनाड सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा। उपचुनाव में अगर प्रियंका जीत हासिल करती हैं तो 6 महीने बाद सोनिया गांधी के परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद में दिखेंगे तो मेनका के परिवार का कोई सदस्य संसद में नहीं दिखेगा। पर इन सब बातों में एक पेच भी है । वायनाड से प्रियंका को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस इस जीत को आसान समझ रही है पर भाजपा इतनी आसानी से वाक ओवर भी नहीं देने वाली। भले ही गांधी परिवार का साउथ से भी पुराना रिश्ता रहा है। इंदिरा गांधी 1978 का उपचुनाव कर्नाटक के चिकमगलूर से जीतीं थीं। इसके बाद 1980 में इंदिरा ने आंध्र के मेडक सीट से जीत हासिल की। 1999 में सोनिया गांधी ने भी अपना राजनीतिक करियर दक्षिण से शुरू किया था। वे 1999 में अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ी थीं और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी हालांकि, बाद में बेल्लारी सीट उन्होंने छोड़ दी थी।

वायनाड से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है कि इस सीट से बीजेपी किसे उम्मीदवार बनाएगी। चर्चा ये भी है कि बीजेपी तेज तर्रार नेता स्मृति ईरानी को वायनाड सीट से उतार सकती है। भले ही स्मृति ईरानी इस बार अमेठी से के एल शर्मा के सामने लोकसभा चुनाव हार गई हों लेकिन 2019 में वे कांग्रेस के गढ़ अमेठी से राहुल गांधी को हरा चुकी हैं। ऐसे में बीजेपी उन्हें इस सीट से उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना सकती है।

गौरतलब है कि बीजेपी टिकटों को लेकर पहले भी चौंकाने वाले फैसले करते आई है। 1999 में जब सोनिया गांधी के बेल्लारी से डेब्यू करने की बात सामने आई थी, तब बीजेपी ने इस सीट से सुषमा स्वराज को टिकट देकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया था। सुषमा ने इस सीट पर सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी हालांकि, वे इस चुनाव में हार गई थीं। सोनिया गांधी को 414000 वोट मिले थे जबकि सुषमा स्वराज ने साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट हासिल किए थे। सोनिया गांधी इस चुनाव में करीब 56000 वोट से चुनाव जीत पाई थीं।

एक चर्चा में माधवी लता का भी नाम आ रहा है । माधवी लता एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ राजनीतिज्ञ भी हैं। उन्होंने तेलुगु और तमिल फिल्मों में अभिनय किया है। माधवी ने 2008 की फिल्म 'नचावुले' में मुख्य भूमिका में अपनी शुरुआत की। फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही और तीन नंदी पुरस्कार जीते। बाद में उन्होंने स्नेहीटुडा (2009), अरविंद 2 (2013), और अंबाला (2015) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। 2018 में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं और 2019 आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव में गुंटूर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हाल ही में 2024 के चुनाव में वह खूब चर्चा में रही पर वह चुनाव हार गई । हैदराबाद सीट से माधवी लता AIMIM के नेता असदुद्दीन ओवैसी से 338087 वोटों से हार गईं। ओवैसी को 661981 वोट मिले। जबकि माधवी लता को 323894 मत मिले। हार के बाद भी उसके लिए नारा गूंजा ' खूब लड़ी मर्दानी ....... । भाजपा की उन पर भी नज़र रह सकती है ।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# बर्निंग ट्रेन बनी मालगाड़ी धू-धू जली

## दिल्ली से बिहार जा रही मालगाड़ी के डिब्बे में भरे सामान में लगी आग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लहरपुर (सीतापुर)।** सीतापुर बुढ़वल रेल प्रखंड पर परसेंडी रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर दौड़ती मालगाड़ी के एक कोच में आग लग गई। स्टेशन मास्टर ने ट्रेन रुकवाकर सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। फायर ब्रिगेड ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

● कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, लाखों का सामान खाक



आग लगने से बोगी में भरे जूते - चप्पल, दवाइयां, बिजली के पंखे, टायर, खिलौना, मोबिल व ग्रीस समेत अन्य लाखो का सामान जलकर नष्ट हो गया। दिल्ली से बिहार जा रही मालगाड़ी सोमवार तड़के जब टप्पा खजुरिया स्टेशन से गुजरी तो स्टेशन मास्टर ने एक कोच में धुआं उठता देखकर कंट्रोल रूम को सूचना दी। ट्रेन को परसेंडी रेलवे स्टेशन पर रुकवाकर मामले की सूचना फायर ब्रिगेड और अन्य उच्चाधिकारियों को दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्टेशन मास्टर अरविंद अग्निहोत्री ने बताया कि मालगाड़ी की बोगी के अंदर भरा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर डीसीआई आरके बांगर, सीनियर डीसीएम लखनऊ नीतू सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण कुमार ने मौके पर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। रेलवे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ सामान को आग से बचा लिया है। आग लगने के बाद मालगाड़ी के कोच को अलग कर ट्रेन को उसके गन्तव्य के लिए रवाना कर दिया गया है।

# पवन तनय संकट हरन मंगल मूरत रूप, राम लखन...

**सीतापुर।** जेठ माह के अंतिम मंगलवार को पूरे जिले में भंडारों की धूम रही। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। इसके पश्चात बजरंग बली के भक्तों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया और पुण्य के भागीदार बने। इस दौरान बजरंग बली के भक्ति के गीत भी कानों में शहद घोलते रहे। शहर के कलेक्ट्रेट परिसर में भंडारे का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विधि-विधान से पूजन किया और लोगों को प्रसाद वितरण किया। शहर के आंख अस्पताल रोड पर संतोषी माता मंदिर के सामने चमत्कारिक हनुमान मंदिर पर आरएमपी महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व भाजपा नेता संजीव गुप्ता 'टिंचू' ने लोगों को प्रसाद वितरित किया। शहर की म्यूनिसिपिल मार्केट में कांग्रेस उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई व अन्य लोगों ने भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। नैमिषारण्य: धार्मिक नगरी





नैमिषारण्य में मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने बजरंग बली के दर्शन कर पूजन किया और प्रसाद चढ़ाया। सतयुग से विराजमान छोटी अयोध्या दक्षिणेश्वर हनुमान जी का भक्तों ने चोला बंधन एवं फूलों से भव्य श्रृंगार किया। यहां भी विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नैमिष में जगह-जगह लगाए गए स्टाल पर शरबत, लस्सी, पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, खस्ता व पानीपुरी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित की गई। हनुमानगढ़ी स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान जी के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और अपनी कामना मांगी। काली पीठ, महामृत्युंजय पीठ, काशी विश्वनाथ, सिद्धेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर शिवाला, पंचमुखी हनुमान मंदिर, नैमिष तिराहा पर समेत अनेक स्थानों पर प्रसाद वितरित किया गया। लहरपुर: नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में निरंकार मल्होत्रा, गुरुद्वारे में दिलीप मल्होत्रा, महावीरन मंदिर, पक्का तालाब तीर्थ पर राजकुमार निगम, विश्व तिराहा गेट पर जय रानी कपूर द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। खतराना चौराहे पर गुप्ता बंधु द्वारा व सरस्वती शिशु मंदिर में नन्हे मुन्नों द्वारा शरबत का वितरण किया गया। मोहल्ला अंबर सरांय स्थित महावीरन मंदिर पर अखंड रामायण का समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित कन्या भोजन भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न हनुमान मंदिरों में सांध्य बेला में विशेष भजन संध्या का आयोजित किया गया।महोली: नगर के जीटी रोड स्थित बाजपेई मेडिकल स्टोर, गंज बाजार मोड़ के पास जीतू गुप्ता, टीवीएस एजेंसी के सामने, बड़ागांव रोड तिराहा, पानी वाली टंकी, सीएचसी के सामने, कृष्णानगर बड़ागांव रोड पर शिवराज होटल के सामने तथा सती जयदेवी चमखर में गन्ना समिति चेयरमैन प्रतिनिधि व पिपरझला मोड के पास भी भंडारों का आयोजन प्रसाद वितरित किया गया।



## एक नजर

### रामकोट में लगेगा 10 एमबी का बिजली ट्रांसफार्मर

**सीतापुर।** सिख संगठन जिला अध्यक्ष ने बीते दिनों ज्ञापन देकर रामकोट पावर हाउस समेत पूरे जिले के विद्युत व्यवस्था को खस्ताहाल बताते हुए सुधार की मांग की थी। संगठन का कहना था कि रोस्टिंग के मुताबिक पूरे जिले में कहीं भी बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि अधीक्षण अभियंता ने रामकोट पावर हाउस पर 10 दिनों में 10 एमबी क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि बिजली न मिलने से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। यदि फसल ही बर्बाद हो गई तो परिवार की जीविका कैसे चलेगी। पिंदर सिंह ने बताया कि यदि 10 दिनों में विद्युत व्यवस्था में सुधार न हुआ तो अधिशासी अभियंता के आवास का घेराव करेगा।

### घर से निकला अधेड़ लापता, गुमशुदगी दर्ज



**सीतापुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुप्ता कालोनी तरीनपुर निवासी विमलेश श्रीवास्तव (50) 15 जून को घर से दिन के दो बजे खाना लेकर प्लांट पर गए थे। प्लांट डालडा मिल के पीछे स्थित है जहां वह नहीं पहुंचे। इसके बाद से विमलेश श्रीवास्तव का कोई पता नहीं चला है। विमलेश श्रीवास्तव की पत्नी रीना श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने सफेद रंग की शर्ट, काली पैंट व चप्पल पहने हुई थी। रीना व अन्य परिजनों ने विमलेश को रिश्तेदारी में भी तलाश किया मगर उनका कोई पता नहीं चल सका। इस मामले में रीना श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### अनसुलझी गुत्थी बनी दिनदहाड़े चोरी की वारदात

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुलरामऊ में लगभग साढ़े छह लाख की चोरी के मामले में पुलिस अभी किसी नतीजे पर नही पहुंच सकी है। जबकि आशंका के तहत आरोपियों के घरों तक को भी पुलिस ने खंगाल डाला फिर भी नतीज़ा सिफर ही रहा है। हालांकि नामजद आशंका के तहत कोतवाली लाये गए दो लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।विदित हो कि बीते शुक्रवार को गुलरामऊ निवासी गल्ला व्यापारी के घर से दिनदहाड़े लगभग साढ़े छह लाख की चोरी हो गई थी। वारदात के समय व्यापारी परिवार समेत धार्मिक स्थल गया हुआ था वापस घर लौटने पर उसे चोरी की जानकारी हुई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की पड़ताल शुरू की थी। उस वक़्त पीड़ति व्यापारी ने दो लोगों पर चोरी किए जाने की आशंका जताई थी। लेकिन आशंका के तहत पकड़े गए आरोपी दोनों युवकों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से लोगों का खाकी से भरोसा उठता जा रहा है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया था कि टीम गठित कर दी है। जल्द घटना का खुलासा होगा, लेकिन जब इस मामले को लेकर पुलिस एक्टिव मोड़ में ही नही है तो आखिर यह खुलासा आखिर होगा तो कैसे होगा। यह सवाल बार बार ज़ेहन में कौंध रहा है। मंगलवार को जनसुनवाई पोर्टल पर पीड़ति विनोद ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चोरी के मामले में पुलिस कुछ कर ही नही रही है। इसलिए उसने आईजीआरएस के माध्यम से एसपी से शिकायत की है।

# तुम्हें जो जिद है तो आगे तुम्हीं निकल जाओ...

**लहरपुर (सीतापुर)।** उर्दू के मशहूर शायर सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवांनी की पुण्यतिथि पर साहित्यिक संस्था दबिस्तान-ए-अदब ने एक अदबी महफ़लि का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता ख़ानक़ाह मुस्तफा अली शाह के सज्जादानशीन डॉ अफजल लहरपुरी व संचालन अनवर बिसवानी ने किया। महफ़लि में मौजूद शायरों और साहित्यकारों ने अफसर बिसवांनी की साहित्यिक सेवाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें नजराने अकीदत पेश किया।

● सैय्यद खुर्शीद अफसर बिसवांनी की पुण्यतिथि पर आयोजन



महफ़लि का आग़ाज़ खुर्शीद अफसर बिसवांनी की एक मशहूर ग़ज़ल से हुआ। 'तुम्हें जो ज़दि है तो आगे तुम्हीं निकल जाओ, हम अपने पांव में कांटा कोई चुभो लेंगे'। डॉ अफ़जल लहरपुरी ने नज़राने अकीदत पेश करते हुए कहा कि अफसर बिसवांनी ने अपनी शायरी के जरिए इंसानी कदरों को फ़रोग़ देकर समाज की बेहतर रहनुमाई की है। हिन्दी साहित्य परिषद लहरपुर के अध्यक्ष संतोष कश्यप ने अफसर बिसवांनी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी शायरी गरीब, मजदूर, किसान और समाज के दबे कुचले मजलूमों की आवाज थी। उनके हक के लिए पूरी शिद्दत से आवाज़ बुलन्द की। अफसर बिसवांनी ने हिंदी विधा में भी रचनाएं की हैं। उनका प्रचार जिस तरह से होना चाहिए वह नहीं हुआ है। वरिष्ठ अधिवक्ता जेड़ आर रहमानी ने अफसर बिसवांनी की ज़ंदिगी का खाका पेश करते हुए बताया कि अफसर बिसवांनी ने दो दर्जन से भी अधिक किताबें लिखीं और उन्हें जितने पुरस्कारों से नवाजा गया वह बहुत कम लोगों को ही नसीब होता है। इस मौके पर जुबेर वारिस, मुबीन लहरपुरी, गुलजार खैराबादी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# नाले में गिरने से मानसिक विक्षिप्त की मौत

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम परसेंडीपुरवा में बनाए गए नाले में सोमवार को एक 25 वर्षीय नवयुवक गिर गया। युवक मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है।

बताते हैं कि वह गांव के आस पास ही घूमा करता था उसकी बिना पत्थर पड़े नाले में गिरने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची तालगांव पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी तालगांव ने बताया कि युवक मानसिक विक्षिप्त था जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# बाइबल, परी दाना व चुड़ैल दाना समेत चार गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के क्रम में विभिन्न थानों की पुलिस ने आठ वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। तम्बौर पुलिस ने रामचन्द्र पुत्र बांके लाल व अनुज पुत्र रामचन्द्र निवासीगण जालेपुर भिटिया थाना तम्बौर, सर्वेश पुत्र राजाराम निवासी खजुरा थाना सकरन व देशराज पुत्र रामचन्द्र निवासी पुरैनी थाना लहरपुर जको गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से बाइबल, ईसा मसीह की फोटो, डिब्बे में दो शीशी में खमीज दाना, एक शीशी में औघड़ दाना, एक शीशी में जिन्न दाना, दो शीशी में भूत दाना एक शीशी में फकीर दाना, दो शीशी में चुडैल दाना, एक शीशी में परी दाना, एक शीशी में चन्दाल दाना, एक शीशी में पानी जैसा तरल पदार्थ एक अदद लोहे की चिमटी व 879 रुपये बरामद हुए हैं। इसके अलावा पाक्सो एक्ट में वांछित जलीस पुत्र रफीक निवासी सेवता थाना रेउसा को भी तम्बौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

रामकोट पुलिस ने वांछित अभियुक्त शुभम ठाकुर उर्फ झंडू पुत्र स्व. राज सिंह निवासी ग्राम लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। हरगांव पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त हरिनाम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम खानपुर मजरा शेरपुर थाना हरगांव को पकड़ लिया। थानगांव पुलिस ने वारंटी चंद्रिका पुत्र हजारी निवासी करोत थाना थानगांव को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की है।

# युवती की पिटाई कर बांके से किया हमला

» सरे बाजार हुई घटना, भीड़ ने आरोपी युवक को भी पीटा

**रामपुर मथुरा (सीतापुर)।** तिलक होने के बाद युवती ने होने वाले पति के किसी गैर युवती से सम्बंध के शक में रिश्ता तोड़ दिया। जिससे नाराज युवक ने सरे बाजार अपने साथियों के साथ युवती की जमकर पिटाई कर गर्दन पर बांके से प्रहार कर दिया। हालांकि भीड़ ने आरोपी युवक की धुनाई कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा के बिसेशर निवासी एक युवक ने अपनी पुत्री की शादी तिवारीगंज उत्तरढोना निवासी अंकित के साथ तय की थी।

11 मार्च को तिलक भी कर दिया था। इसके बाद लड़के के नाजायज संबंध के शक में लड़की पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया तथा तिलक में दिया गया सामान भी वापस ले लिया। परिजनों के अनुसार सोमवार की शाम करीब छह बजे उसकी पुत्री पड़ोस की बाजार बिसेसर गई हुई थी। वहीं कार सवार होकर कई लोग आए जिसमें युवती के होने वाले पति अंकित ने अपने साथियों के साथ लड़की को मारा पीटा तथा बांके से भी गर्दन पर प्रहार कर दिया। ग्रामीणों ने पकड़कर लड़के की भी पिटाई कर दी, जिससे लड़के को भी चोटे आई है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णनंदन तिवारी ने बताया कि शादी टूटने को लेकर मारपीट हुई है लड़की पक्ष से तहरीर मिली है जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लड़की को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# अशर्फीलाल अध्यक्ष व राज मेहरोत्रा चुने गए मंत्री

» एबीवीपी की नगर इकाई का सर्वसम्मित से हुआ मनोनयन

**लहरपुर (सीतापुर)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के प्रभात मुन्नूलाल बिमला देवी इंटर कॉलेज में मंगलवार को नगर इकाई का पुर्नगठन किया गया।

विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही निरन्तर छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करती आ रही हैं। छात्र कल का नहीं आज का भविष्य है। तहसील संयोजक विकास मौर्य ने बताया कि लहरपुर तहसील में चार इकाईयों के गठन का प्रस्ताव है। नगर इकाई के चुनाव अधिकारी के रुप में विभाग सह प्रमुख प्रो. एसपी गुरु ने नगर





ईकाई का पुनर्गठन किया। जिसमें नगर अध्यक्ष अशर्फीलाल पाल, उपाध्यक्ष सनी यादव, रंजीत कौर, ललित मिश्रा, विशेष आमंत्रित सदस्य मीनाक्षी मिश्रा, मंत्री राज मेहरोत्रा, सह मंत्री आरूषी वर्मा, संदीप मौर्य, राहुल अवस्थी, दिव्यांस सैनी, रिंकू गुप्ता, अर्पित शुक्ला, एसएफडी प्रमुख विनीत राजपूत, एसएफडी सह प्रमुख विभू मिश्रा, कला मंच प्रमुख अमित राजपूत, कला मंच सह प्रमुख आशू वर्मा, एसएफएस प्रमुख सचिन गुप्ता, एसएफएस सह प्रमुख प्रियांशु वर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख अतुल राज, सोशल मीडिया सह प्रमुख शिवम श्रीवास्तव, इंटर कॉलेज प्रमुख अभिजीत गौड़, इंटर कॉलेज सह प्रमुख अभय प्रताप शुक्ला को मनोनीत किया गया।

# बकरीद की नमाज अदा कर मुल्क की खुशहाली की मांगी दुआ

» पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मना ईद-उल-अजहा का त्यौहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज पूरे एहतराम के साथ अदा की गई। इस मौके पर शहर की ईदगाह में हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क के चौन व अमन की दुआएं मांगी। साथ ही पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने को बारिश के लिए भी दुआ में लाखों हाथ उठे।

बकरीद की नमाज शहर पेश इमाम मौलाना शौकत कासमी के बेटे ने अदा करवाई। इस मौके पर तमाम राजनीतिज्ञों ने भी नमाज के बाद पेश इमाम व अन्य लोगों से मुलाकात की। ईदगाह की नमाज के बाद तमाम मस्जिदो में अलग अलग समय पर बकरीद नमाज पढ़वाई गई।





जिसके बाद लोगों ने घरों में कुर्बानी की।लहरपुर। क्षेत्र में हमेशा की तरह इस वर्ष भी ईद उल अजहा का पर्व परंपरागत ढंग से बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम संप्रदाय के लोगों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न मस्जिदों में ईद उल अजहा, बकरीद की नमाज अदा की गई। नगर की प्रमुख ईदगाह में ईद उल जुहा की नमाज मुफ्ती अब्दुल रहमान द्वारा अदा कराई गई। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। बकरीद के पर्व को लेकर प्रशासन काफी मुस्तैद दिखा। ईदगाह स्थल पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल खण्ड विकास अधिकारी, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा सहित समस्त प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। ईद उल अजहा, बकरीद पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में साफ सफाई का बेहतर प्रबंधन किया गया । ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज में उपस्थित लोगों ने मुल्क में अमन की दुआ मांगी। महमूदाबाद। तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों में बकरीद (ईद-उल-अजहा) की नमाज मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा सकुशल अदा हुई। नमाज मुकम्मल होने के बाद देश की खुशहाली और अमन शान्ति की दुआ मांगी। शांतिपूर्ण नमाज कराने के लिए नगर की ईदगाह कमेटी और क्षेत्रीय पुलिस मुस्तैद रही। नगर सहित सदरपुर, पैंतेपुर, बाँसुरा, रामपुर मथुरा, पैगंबरपुर, बहादुरगंज, बनबीरपुर, शेखपुर समेत विभिन्न कस्बों की ईदगाह और मस्जिदों में मुसलमानो ने नमाज के बाद एक दुसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। नमाज को लेकर सुरछा व्यवस्था व शांतिपूर्ण नमाज संपन्न कराने के लिए पैनी निगरानी की गयी। ईदगाह के समीप नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर अरफात सहित प्रशासनिक अधिकारी व राजनैतिक पार्टियों के नेता व समाजसेवी मौजूद रहे। जिन्होंने मुस्लिम समाज के लोगो से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**महोली (सीतापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में बाइपास पर चड़रा गांव के निकट मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नीरज (20) पुत्र भजन पासी निवासी भुड़यिा थाना महोली की मौत हो गई। नीरज अपने घर से दोपहर बाद एक बजे के करीब अपनी मौसी के घर जा रहा था।

वह बाइपास पर चड़रा पुल के पहले ही पहुंचा था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अभी तक हादसा करने वाले वाहन का पता नहीं लगा सकी है।

# कुएं में गिरे बकरी के बच्चे को बचाने में युवक की मौत

**मिश्रिख (सीतापुर)।** कोतवाली इलाके की ग्राम पंचायत तेलियानी के मजरा बौधनी में सोमवार सुबह एक बकरी का बच्चा अचानक कुएं में गिर गया। इसे बाहर निकालने को लेकर कुएं में उतरे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस व दमकल टीम ने रेस्क्यू कर युवक के शव को बाहर निकाला।

बकरीद के त्यौहार पर युवक की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। बौधनी गांव में सोमवार सुबह एक बकरी का बच्चा कुएं में गिर गया। जिसे देखने को मौके पर भीड़ जुट गई। इसी भीड़ में से गांव के ही हनीफ पुत्र बदलू कुएं में उतर गए और बच्चे को निकालने की कोशिश करने लगे। परन्तु कुएं में गैस होने के कारण वह कुए में ही बेहोश हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और दमकल टीम ने रेस्क्यू करके



युवक को कुएं से निकाला, परन्तु तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

ग्रामीणों का कहना था कि हनीफ एक मिलनसार युवक था, जो हर समय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहता था। आज बकरीद का त्यौहार होने के कारण बकरी के बच्चे को बचाने के लिए उसने अपनी ही कुर्बानी दे दी। जिससे समूचे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो जख्मी

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र की भदफर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खनियापुर के निकट मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो युवकों को ट्रामा सेंटर ओयल लखीमपुर खीरी रेफर किया गया है। गुड्डू (30) पुत्र सहजराम निवासी ग्राम सालपुर थाना रेउसा अपने पुत्र नितिन (12), अभिषेक (32) पुत्र अनिल कुमार के साथ मोटरसाइकिल से बिना हेलमेट लगाए शारदा नगर स्थित बालाजी मंदिर से दर्शन कर वापस गांव लौट रहे थे। इनकी बाइक ग्राम खनियापुर के पास पहुंची थी तभी कुसेपा मोड़ पर पीछे से आ रही एक डबल डेकर बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे गुड्डू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और घायल नितिन व अभिषेक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर ओयल रेफर कर दिया गया।

**निष्पक्ष हो जांच** किसान मंच ने सीएम को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को दिया

# जिलाधिकारी ने एलडीएम को दिए जांच के आदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बैंक आफ इंडिया हरगांव में दलालों के माध्यम से करोड़ों रुपये की जालसाजी के मामले में किसान मंच के पदाधिकारियों ने डीएम अनुज सिंह से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी की मांग की। जिलाधिकारी ने एसडीएम को पूरे प्रकरण की जांच कर समस्या के निस्तारण के आदेश दिए हैं।

किसान मंच के प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया में तैनात शाखा प्रबंधक देवेश तिवारी, कैशियर राहुल रस्तोगी व बैंक मित्र के साथ दलालों के माध्यम से करोड़ों की ठगी की गई थी। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण से डीएम को अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपए

» बैंक ऑफ इंडिया हरगांव में जालसाजी का मामला

» लोगों को गुमराह करके फर्जी भुगतान कराया गया

की इस लूट के शिकार पचासों किसान और बेरोजगारों के किसान कार्ड व शासन द्वारा बेरोजगारों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की फाइलें तैयार करके लोगों को गुमराह करके फर्जी भुगतान कर दिया गया था। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि काफी दिनों से चल रही इस लूट में शिकार ग्रामीणों को जब इस फर्जी ऋण भुगतान की बैंक द्वारा नोटिस पहुंचने लगी तब इस घोटाले का खुलासा हुआ। बड़ी संख्या में पीड़ति लोगों द्वारा थाना हरगांव सहित जिला प्रशासन तक शिकायत की गई तब बैंक मैनेजर को निलंबित कर प्रशासन द्वारा खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लिया गया। जिला उपाध्यक्ष उत्तम मौर्य ने कहा मूढ़ीखेरा निवासी नीरज शुक्ला पुत्र परशुराम शुक्ला के पास नोटिस पहुंचने पर गरीब किसान जिसके नाम सिर्फ चार वीघा जमीन थी, एक लाख का किसान कार्ड बताकर एक लाख पचास हजार की निकासी से वह परेशान है। शिकायत पत्र देने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न होने के कारण हार्ट अटैक से किसान की आकस्मिक मौत हो गई।



### रोस्टिंग के अनुरूप नहीं मिल रही बिजली आपूर्ति

**लहरपुर (सीतापुर)।** स्थानीय विद्युत उप केन्द्र पर मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों व किसानों ने उपखण्ड अधिकारी को मांगपत्र देकर विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग की है। तालगांव फीडर से जुड़े गांव अमौरा, धीरपुर रौरापुर, बेनी रामा आदि गांवों के रहने वाले पंकज वर्मा, अनिल सिंह, करनैल सिंह, जरनैल सिंह, जसवंत सिंह, सुखदेव सिंह, सलवंत सिंह, अवधेश कुमार, विद्या शंकर, आशा राम, विवेक सिंह, घनश्याम शर्मा व छोटे लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे। उपभोक्ताओं ने उप खण्ड अधिकारी को मांग पत्र देकर बताया कि हम लोगो का तालगांव फीडर है। जिस पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नही मिल रही है। रात के समय में दो फेस ही लाइट आती है और दिन में बार-बार रोस्टिंग होने के चलते बिजली आपूर्ति किश्तों में मिल रही है।

## एक नजर

### खेलकूद प्रतियोगिता के लिए करें आवेदन

**उन्नाव।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा वि द अधिकारी ने बताया है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विवेकानंद यूथ एवार्ड (जनपद/ब्लाक स्तरीय) प्रदान किये जाने हेतु मंगल दलों द्वारा सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यो जैसें खेलकूद, प्रतियोगिता में सहभागिता / आयोजन, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, नशामुक्ति, राष्ट्रीय एकीकरण, जैविक खेती, जनसंख्या नियंत्रण, सौर ऊर्जा संयत्र, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय टीकाकरण, मतदाता में सहभागिता एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में प्रचार प्रसार एवं अन्य सराहनीय कार्य करने के साक्ष्य फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग, प्रमाण पत्र आदि को संकलित कर बुकलेट में अपना आवेदन सम्बंधित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा वि द अधिकारी के पास अथवा जिला कार्यालय कमरा नं0–64 प्रथम तल विकास भवन उन्नाव में जमा कर सकते है। विकास खण्ड स्तर पर चयनित मंगल दल को 5000/–रूपये एवं जनपद स्तर पर चयनित मंगल दल को 20000/–रूपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

### दो ठग महिलाएं नकदी व जेवर लेकर फरार

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के चपरी शाहपुर गांव में भीख मांग रहीं दो महिलाओं ने एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। फिर घर से जेवर और नकदी लेकर भाग गईं। पीड़िता के अनुसार, 2.50 लाख कीमत के जेवर और पांच हजार की नकदी लेकर भाग निकली। अचलंगज थाना क्षेत्र के चपरी शाहपुर गांव के रहने वाले किसान लल्लू प्रसाद की पत्नी शिवदेवी के घर बीती शाम दो महिलाएं भीख मांगने के बहाने पहुंचीं। धूप होने की बात कहकर बरामदे में बैठ गईं और दोनों शिवदेवी से बातचीत करने लगीं। शिवदेवी के अनुसार, इसी दौरान दोनों ने उन्हें कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद वह जैसा कहती गईं वह करती गईं। पहले उनके बाले और तोड़िया उतरवा लिए। इसके बाद घर में रखे पांच हजार रुपये व अन्य जेवर भी ले लिए। इसी दौरान पड़ोस में गई बेटी प्रीति पहुंची तो दोनों महिलाएं भागने लगीं। शक होने पर प्रीति ने अपने मोबाइल से फोटो खींच ली। हालांकि कैमरे में एक ही महिला कैद हो सकी। मां की हालत देखकर प्रीति ने पानी पिलाया और चेहरा धोया। तब शिवदेवी को घटना पता चली। शिवदेवी के अनुसार, दोनों महिलाओं ने कुछ पाउडर जैसा उड़ाया था। इसके बाद वह दोनों जैसा कहती गईं वह बिना सोचे समझे करतीं गईं। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता की ओर से तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एंबुलेंस पलटी, बाल -बाल बचे सवार



**औरास उन्नाव।** क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 264 पर एम्बुलेंस एर्टिगा कार वाहन संख्या PB 10 F 9197 जो लुधियाना पंजाब से बिहार शव लेकर जा रही थी। अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मार दी गई जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। जबकि गाड़ी में सवार अमरपाल सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी लुधियाना पंजाब, चालक गौतम पुत्र पातीराम दास निवासी बेतिया बिहार, सईद आलम पुत्र राजा मियां भूपेंद्र पुत्र हरचरण दास, सूरज पुत्र प्रेमचंद निवासी बेतिया बिहार को मामूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंची औरास पुलिस ने यूपीडा की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया।

### गैर जनपद मजदूरी करने गए मजदूर की छत से नीचे गिरने से मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की मौत कानपुर नगर में छत से गिरने से हो गई, मृत्यु की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कोड़री मजरा भड़सर नौशहरा निवासी जगदीश यादव का पुत्र सुशील कुमार 42 वर्ष कानपुर नगर में दादा नगर क्षेत्र में किसी फैक्ट्री में काम करता था। साथ ही वह कानपुर शहर में रहता भी था। परिवारीजनो के अनुसार वह बीती रात्रि छत से गिर गया था, जिसकी मृत्यु हो गई। उसकी मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य कानपुर शहर पहुंच मृतक के शव को लेने गए । मृतक के एक पुत्री रिमझिम है। पत्नी संगीता सहित परिवार के सदस्य रो रो कर बेहाल हैं।

### 20 हजार करोड़ रूपए का ट्रांसफर देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में सीधे

**कानपुर।** 17वीं पीएम किसान निधि वितरण समारोह का दिखाया गया सजीव प्रसारण चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आज पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त वाराणसी से लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का ट्रांसफर देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में सीधे ट्रांसफर किया गया।जिसका सीधा लाभ किसानों को प्राप्त हुआ। इस सजीव प्रसारण को देखने के लिए केंद्र के सभागार में 42 महिला कृषक सहित कुल 87 कृषक व केंद्र के सभी वैज्ञानिक गण और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### वीआई मेवरिक्स व रमन ट्रेडर्स ने जीते अपने पहले मैच

**कानपुर।** पहली आजाद कुमार जैन चैलेन्जर ट्राफी में पहले दिन खेले गये दो मुकाबलों में रमन ट्रेडर्स ने जीटीवी वारियर्स को 8 विकेट से तथा वीआई मेवरिक्स ने शिव शक्ति को 6 विकेट से हराकर अपना विजयी आगाज किया। इससे पहले मैच का शुभारम्भ रमन ट्रेडर्स के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बीसीए मैदान में खेले गये पहले मैच में जीटीवी वारियर्स की टीम 18.4 ओवर में 112 रनों पर ऑलआउट हो गयी। टीम से सतनाम सिंह ने 31, निलेश कौल ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में मनीष अवस्थी ने 4, कुमार विनायक सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में रमन ट्रेडर्स ने आदेश कुमार के नाबाद 62 रनों की बदौलत 14.3 ओवर में 2 विकेट खोकर आठ विकेट से जीत हासिल की। टूर्नामेंट के दूसरे मैच में शिव शक्ति की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 143 रनों का स्कोर बनाया। टीम से विकास यादव ने 36, शिवम कुमार ने 24, भवानी सिंह ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में मो. आकिब ने 4, अभिनव शर्मा और शिवम उपाध्याय ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में वीआई मेवरिक्स ने 19.3 ओवर में 4 विकेट पर 144 रन बनाते हुए जीत हासिल की। जीत में प्रणव बोहरा ने 72, साहिल मोर्या ने नाबाद 29 रनों का योगदान किया। गेंदबाजी में भवानी सिंह ने दो विकेट लिए। इस मौके पर विशाल जैन, केसीए अध्यक्ष एन एन सिंह, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, सचिव कौशल कुमार सिंह, सौरभ गुप्ता, डा. दीपक श्रीवास्तव, पीएस नेगी, भूपेंद्र सिंह, मंजुल गुप्ता, विकास भारतीय, ईशान खन्ना व केसीए जीएम दिनेश कटियार मौजूद रहे।

# चालक की हत्या कर कैब लूटने वाले दो गिरफ्तार, एक फरार

## गिरफ्तार आरोपित निखिल भदौरिया थाना कल्याणपुर कानपुर का निवासी है

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कानपुर।** हनुमंत विहार थाना पुलिस ने मंगलवार को चालक की हत्या कर कैब लूटने की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें एक बाल अपचारी भी है। वहीं एक आरोपित अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

एडीसीपी अंकिता शर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 13 जून को नारायण सिंह ने अपने साले पुष्पेन्द्र सिंह की गुमशुदगी हनुमंत विहार थाना में दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसका साला किसी कंपनी में अपनी कार को अटैच किया है और कैब चलाता है। उसी दिन पनकी थाना क्षेत्र में अंडरपास के एक शव मिला और परिजनों ने शव की पहचान पुष्पेन्द्र के रुप में की। इसके बाद गुमशुदगी की जगह हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस टीम को घटना के खुलासा के लिए लगाया गया। सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के जरिये पुलिस टीम ने एक बाल अपचारी सहित दो हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा आरोपित विशाल पाल अभी फरार है। गिरफ्तार हुए आरोपित निखिल भदौरिया थाना कल्याणपुर कानपुर का निवासी है। पूछताछ में पता चला कि आरोपित विशाल पाल ने 12 और 13 की रात्रि घंटाघर से मकसूदाबाद जाने के लिए कैब बुक कराई। मकसूदाबाद ग्रामीण क्षेत्र होने के चलते कैब चालक पुष्पेन्द्र सिंह ने राइड को कैंसिल कर दिया। इस पर चालक को अधिक पैसा देने का लालच देकर बिना बुक किये मकसूदाबाद के लिए रवाना हो गये। मकसूदाबाद पहुंचने पर सुनसान जगह पर चालक पुष्पेन्द्र की गला रेतकर हत्या कर दी और बैगन आर कार को लूट लिया।

इसके बाद चालक के शव को उसी की गाड़ी से पनकी थाना क्षेत्र में फेंक दिया। आरोपितों ने प्लान बनाया था कि जब राइड कैंसिल हो जाएगी तो हम लोग पकड़ में नहीं आएंगे और कार बेचने से रुपया भी मिल जाएगा। आरोपितों को न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर लिया गया है और जल्द ही तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### स्वच्छता अभियान चला, कागज के ग्लास व पत्तल से बने दोने बाटे

**उन्नाव।** जनपद में गत कई वर्षो से अनवरत स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त भारत का अभियान चला रहे नर सेवा - नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने आज भीषण गर्मी में भी ज्येष्ठ मास के ज्येष्ठ मास के आखिरी मंगलवार को अनेक स्थानों पर आयोजित भंडारों में झाड़ू लगा चलाया स्वच्छता अभियान, भंडारा आयोजकों को कागज ग्लास व केले व पत्तल से बने दोन्ने बाँट दिलाया प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प। साथ ही विमल द्विवेदी ने भंडारे व शर्बत वितरण के बाद स्थलों पर झाड़ू लगाकर समाज को स्वकच्छता का सन्देश दिया । उन्होंने कहा उनका प्रयास प्लाटिक का कम से कम उपयोग हो ताकि पर्यावरण स्वच्छ व व्यक्ति भी उससे स्वस्थ रहे। उन्होंने सभी आयोजको की धर्मनिष्ठा को सराहा व हनुमानजी से प्रार्थना की उनका आशीर्वाद उनके भक्तों पर बना रहे व हिन्दू समाज एकजुट रहे।

इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, राकेश राजपूत, योगेंद्र तिवारी, केतन अवस्थी, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, परिमल मिश्रा, अभी तिवारी, कमलेश बाजपेई, अभिषेक तिवारी, शिवम शुक्ल, नीरज शुक्ला के द्वारा स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया गया ।

## स्थापना दिवस समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका के स्थापना दिवस समारोह में मेधावियों को सम्मानित किया गया।समारोह में क्षेत्र के एक बालिका विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षक ने सम्मान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

राजधानी लखनऊ में प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका बोधिसत्व बाबासाहब टुडे के स्थापना दिवस के अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में प्रदेश के कई जिलों के मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सम्मान समारोह में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के कस्बा ऊगू स्थित ज्वाला देवी दीक्षित बालिका विद्यालय की हाई स्कूल की दो छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समारोह में ग्राम शाकूराबाद निवासी विद्यालय की छात्राओं सोनी पुत्री रामदास एवं

रानी पुत्री रविशंकर को पुरस्कार के रूप में साइकिल घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र दिया। साथ ही समारोह में शिक्षक सौरभ राज भारती को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में उन्नाव प्रतिनिधि के रूप में बी एल गौतम एवं शिवराम भारती को भी सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लंदन प्रवासी डॉक्टर मंजू लाल एवं मुख्य वक्ता आई पी एस डॉक्टर बीपी अशोक ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित कर अपने वक्तव्य में छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समारोह को बोधिसत्व बाबा साहब टुडे पत्रिका के संपादक ज्ञान प्रकाश जख्मी उप संपादक बी एल गौतम आदि समेत कई विद्वान वक्ताओं ने संबोधित कर मेधावी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## ईंट भट्टे में गिरकर मजदूर जला



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडित खेड़ा के पास स्थित प्रकाश ब्रिक फील्ड में श्रमिक की जलते भट्ठे में गिरने से काफी झुलस गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडित खेड़ा के समीप प्रकाश ब्रिक फील्ड में कोयले को भट्ठे में डालने का काम करने वाले छोटे 40 पुत्र देवी निवासी टिकरी थाना बालामऊ जनपद हरदोई की अचानक भट्ठे में गिरने से काफी झुलस गया। जानकारी पर आसपास काम कर रहे मजदूरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा था। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी औरास अनूप तिवारी ने बताया कि सुबह लगभग नौ बजे लाया गया था जो की लगभग चालीस प्रतिशत के आसपास जल चुका था जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद परिजनों ने बलरामपुर अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर किया गया था।

इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त उन्नाव एस एन नागेश ने बताया कि उपरोक्त श्रमिक कैसे जल गया है जांच कराई जा रही है और संबंधित को निर्देशित किया गया है कि घायल श्रमिक का अच्छा इलाज कराया जाय।

### उप निबंधक भवन बनाए जाने हेतु भूमि चिन्हित

**बीघापुर उन्नाव।** उप निबंधक भवन बनाए जाने हेतु उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे के किनारे पाटन में भूमि का चिन्हांकन कर शासन के द्वारा बोर्ड लगा दिया गया है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उप निबंधक भवन का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है उप निबंधक कार्यालय तहसील भवन में अस्थाई रूप से बना हुआ है शासन के द्वारा उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे व तहसील मुख्यालय से 500 मीटर की दूरी पर भूमि नंबर 341 व 342 स्थित ग्राम पाटन की भूमि पर उप निबंधक कार्यालय के नाम से दर्ज है।

जिसमें उप निबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित के द्वारा उक्त चिन्हांकित भूमि पर भवन बनाए जाने हेतु बोर्ड लगा दिया गया है उपनिबंधक ने बताया कि भूमि लगभग 18 बिशुवा है स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग द्वारा प्रमुखतः अचल सम्पत्ति के लेखपत्रों के रजिस्ट्रीकरण का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त पक्षकारों के विकल्प पर अन्य प्रकार के लेखपत्रों की भी रजिस्ट्री की जाती है। लेखपत्रों की रजिस्ट्री के अतिरिक्त यह विभाग रजिस्ट्रीकृत लेखपत्रों को संरक्षण करता है और लेखपत्रों को जनसाधारण हेतु सुलभ बनाता है।

## ग्रीनपार्क की पहचान अब खिलाड़ियों के लिए केवल प्रयोगशाला

**भूपेन्द्र सिंह**

**कानपुर।** नगर ही नही बल्कि देश-प्रदेश के खेल जगत में कभी ध्रुव तारे की तरह जगमगाने वाला ग्रीनपार्क अब खिलाडियों के लिए केवल प्रयोगशाला बनता जा रहा है। वह भी ऐसी प्रयोगशाला जिसमें खिलाडी केवल खेल के गुर सीख सकते हैं उस पर अमल करने के लिए उन्हे बाहर के खेल संगठनों पर आश्रित रहना पडता है। ग्रीनपार्क में वैसे तो कई खेलों के लिए खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जाता रहा है।

कभी बास्केटबाल और वॉलीबाल की टीमों का वर्चस्व पूरे प्रदेश में कायम रखने वाली टीमों के खिलाडी अब यहां पर न के बराबर मिलते दिखायी देते हैं तो फुटबाल सहित हॉकी और अन्य खेलों में ग्रीनपार्क की टीमों को केवल फाइलों में ही देखा जा सकता है। कभी यह आलम था कि संगठनों की टीमों के अलावा ग्रीनपार्क की टीमें प्रतियोगिताओं के लिए अलग से अपना नाम दर्ज कराती थी। खेल विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाले कुछ खेल गतिविधियों को अगर छोड दिया जाए तो ग्रीनपार्क में बीते कई सालों से कोई प्रादेशिक और राष्ट्रीय खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन तक नही किया जा सका है।

अब ग्रीन पार्क सिर्फ खेल सीखने वालों के लिए एक आम मैदान साबित होता जा रहा है, जहां कुछ प्रशिक्षकों की निगरानी में बच्चे क्रिकेट के अलावा हॉकी,फुटबाल के ही गुर सीखने को मजबूर हो रहे हैं।

खिलाडी यहां केवल खेल ही सीखने का काम कर रहे हैं उन्हे किसी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर ही नही मिल पाता है। ग्रीनपार्क में बीते डेढ दशक पूर्व से केवल क्रिकेट का वजूद छाता गया और वह तिलिस्मक भी अब धीरे धीरे टूटने सा लगा है। बतातें चलें कि नगर के बीचों बीच बने ग्रीनपार्क स्टेडियम हालांकि अब यहां पर हो रहे बड़े और छोटे मैचों के अभाव से शहर के वो खिलाड़ी जो बड़े खिलाड़ियों की तरह बनने का सपना देख रहे हैं वो खेल विभाग और यूपीसीए की अंतर्कलह के चलते ध्वस्त होता जा रहा है।.इस बारे में पालिका स्टेडियम के पूर्व खेल निदेशक जफर आलम ने कहा कि कानपुर शहर की शान और पहचान कहे जाने वाले ग्रीन पार्क स्टेडियम से सभी वाकिफ हैं।. शहर के बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने इस के बदलते स्वरूप को भी देखा है।. ग्रीन पार्क स्टेडियम में हर खेल की अमूमन व्यवस्था है, यहां अलग अलग खेल को खेलने और उसे देखने के लिए मैदान और कोच भी उपलब्ध है, लेकिन इस स्टेडियम की खास पहचान क्रिकेट मैचों से होता चला आया है, लेकिन अब इसका भी अन्त, हो चला है।

खेल विभाग और यूपीसीए इस स्टेडियम में कराए जाने वाले मैचों को लेकर लचीला रुख अख्तियार किए है। इसे दोनों के बीच आपसी कलह की कहानी कहे या फिर कुछ और ग्रीन पार्क स्टेडियम से खेलों का आयोजन कोसों दूर होता जा रहा है। अगर इसे रोका नही गया तो खेल की प्रयोगशाला के भीतर केमिकल के मिश्रण से किसी खिलाडी का जन्म नही हो सकेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** कलेक्टेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों यथा राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर गड्ढामुक्त तथा डिवाइडर के किनारे झाड़ियों को कटवाने, ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण, ई-रिक्शा के पड़ाव व उनके संचालन, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में एबुलेंस की उपलब्धता, डग्गामार/ अनाधिकृत वाहनों की संचालन, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद में चिन्हित किए गए 37 ब्लैक स्पॉटस पर आवश्यक कार्य जैसे बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप आदि निर्धारित मानकों के अनुसार तुरन्त पूर्ण करा लिए जाए तथा पुलिस एक बार सभी ब्लैक स्पॉट्स को चैक कर लें कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन हुआ है या नहीं। डीएम ने कहा कि सभी प्रकार की सड़कों को आगामी वृक्षारोपण अभियान में कवर किया जाए। शहर में जामिंग की समस्या को रोकने के लिए ई-रिक्शों का संचालन निर्धारित रूट पर ही कराया जाए एवं ई-रिक्शों के संचालन हेतु जो कार्ययोजना बनायी गयी है उसका पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। डग्गामार/ अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगायी जाए।

जनपद में ओवरलोडिंग को प्रतिबन्धित किया जाए। बैठक में एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर प्रज्ञा पाण्डेय, सीओ सदर सोनम सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजीत कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन अरविन्द कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली के साथ बारिश गिरने की संभावना

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर मंडल समेत 18 जनपदों में अचानक तेज हवाओं और आकाशीय बिजली, मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है।

यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज, संत रविदास नगर, जौनपुर, प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा,बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन,राय बरेली, अमेठी, कानपुर, ललितपुर, झांसी, कानपुर देहात, उन्नाव में मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली और 30—40 किलोमीटर की गति से अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

डॉ. पांडेय ने बताया कि ऐसे मौसम में लोगों को घर से निकलने के बाद, सड़क पर अपने वाहन बहुत सावधानी चलाए। यदि हवा तेज गति से चलती है तो अपने वाहनों की गति को धीमी कर दें, हो सके तो एक सुरक्षित स्थान पर खड़े हो जाए।

## गोशाला में बीमार मवेशियों को देखने नहीं आते चिकित्सक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बांगरमऊ उन्नाव।** विकास खंड गंज मुरादाबाद क्षेत्र के ग्राम सभा रूरी सादिकपुर बनी गौशाला में गोवंशों की हालत खस्ता केयरटेकर ने बताया कि बीमार गोवंशों को देखने नहीं आते डॉक्टर डॉक्टर का कहना है कि सारे गोवंश मर जाए मेरा क्या केयरटेकर ने बताया कि 6 महीने से कई बार डॉक्टर को बताया गया। कि गोवंश बीमार है पर कभी देखने नहीं आते जिससे कई गोवंशों की बीमारी के बाद मौत भी हो चुकी है वही सामने देखने को मिला कि गौशाला में पर्याप्त पानी व भूसा होने के बावजूद भी गोवंशों के आगे नहीं पड़ा चारा केयरटेकर का कहना है कि हमारे प्रधान जी बहुत अच्छे हैं और गौशाला का बहुत ध्यान भी रखते हैं।

रोज सुबह शाम टाइम से देखने आते हैं किसी गोवंश को परेशानी होने पर डॉक्टर को फोन भी करते हैं पर डॉक्टर गोवंश को देखने नहीं आते ब्लॉक गंज मुरादाबाद के अंतर गत रूरी सादिकपुर में बनी गौशाला मैं कई गोवंश बीमार रहते हैं। डॉक्टर शिवराम का कहना है कि सारे गोवंश मर जाए मुझे कोई मतलब नहीं है ऐसा केयरटेकर का कहना है। केयरटेकर ने बताया कि कई बार गोवंश बीमार होने पर डॉक्टर शिवराम को सूचित किया जाता है पर डॉक्टर नहीं आते आखिर ऐसे डॉक्टर पर उन्नाव शासन प्रशासन क्यों नहीं करता करवाई एक तरफ योगी सरकार ने सपना निर्देश दिया है। कि कोई भी गोवंश गौशाला में भूख प्यास नहीं रहेगा बीमार होने पर डॉक्टर जाए और तुरंत इलाज करें पर यहां तो कुछ और ही है। डॉक्टर देखने तक नहीं आते सूचना देने पर डाक्टर का कहना है कि सारे जानवर मर जाए मेरा कोई मतलब नहीं आखिर ऐसा क्यों शासन प्रशासन के लिए बड़ा सवाल बनता नजर आ रहा है।

## राहगीरों को रोक- रोककर कराया गया प्रसाद वितरण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** मौरावां, पुरवा, असोहा, कालूखेड़ा, नवाबगंज, अचलगंज, बीघापुर, भंगवंतनगर, सफीपुर, बांगरमऊ मे चौथे एवं अंतिम बड़े मंगल को भक्तों में आम का बितरण किया गया। श्रद्धालुओं और राहगीरों को रोक रोककर प्रशाद ग्रहण कराया। फतेहपुर चौरासी के ग्राम दोस्तपुर शिवली स्थिति त्यागी बाबा की तप स्थली पर सम्पन्न हुआ यह कार्यक्रम।

जेठ माह के बड़े मंगलवारों को हनुमान जी के मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जमा रहती है। इस चौथे एवं अंतिम मंगलवार को जहाँ विभिन्न स्थानों पर भंडारा एवं शर्बत वितरित करने का कार्यक्रम किया गया। जहाँ गांव और आसपास के सैकड़ों महिला पुरुषों और बच्चों नें पहुंच कर प्रसाद रूप में आम प्राप्त किये और आर पी एस समाचार सम्पादक के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। बॉगरमऊ क्षेत्र के खम्भौली गॉव में रणंजय प्रताप सिंह उर्फ मोनू सिंह ने बड़े मंगल के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में प्रसाद पाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थिति रही। प्रसाद पाने के लिए क्षेत्रीय श्रद्धालु भी पीछे नही रहे उन्होंने भी बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रसाद वितरण में बिशुन सिंह, रामेन्द्र सिंह, आदर्श प्रताप सिंह, राहुल सिंह, सतेन्द्र सिंह, रज्जन पंडित, अनुज सिंह, होरी लाल, लालाराम गुप्ता आदि ने भी अपना सराहनीय योगदान दिया वहीं क्षेत्र के मुस्तफाबाद गॉव में आजाद कुशवाहा व सोने लाल उर्फ सोनू द्विवेदी एवं नरेश प्रधान ने बाबा के प्रसाद के रूप में अलग-अलग जगह पर सरबत वितरण किया। मुस्तफाबाद गॉव के ही दिनेश कुशवाहा ने पूडी सब्जी का प्रसाद वितरण किया। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों एवम कस्बे में हनुमान जी के भक्तो के द्वारा बूंदी, शर्बत पूड़ी सब्जी, छोला चावल, कढ़ी चावल आदि के स्टाल लगाकर बांटे गए। वही कस्बे में मुख्यत विनोद रावत, पवन शर्मा, सुनील रावत गोशवा कुलदीप वर्मा, ज्ञानेंद्र पासी, अनूप गुप्ता, देवी भट्ट, ठाकुर बउवा सिंह, वही शीशी में शर्मा स्वीट हाउस के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे संचालक पंकज शर्मा पवन शर्मा के अलावा फहीम सुनील अनूप शर्मा, कृष्णा रावत, आकाश पासी के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने भंडारों में प्रसाद चख कर पुण्य के भागीदार बने।

**त्योहार** — नगर एवं तहसील क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ कल मनाया गया

# नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की मांगी दुआ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर एवं तहसील क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ कल मनाया गया। बकरीद की नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। तत्पश्चात एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। इसके बाद लोगों ने घर जाकर सुन्नते इब्राहीमी कुर्बानी की रस्म अदा की। कल बांगरमऊ नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित ईदगाह में काजी शहर इमाम ईदगाह सैयद जिया उलआरफीन ने हज़ारो लोगो को ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई ।

इस दौरान नायब इमामे ईदगाह मौलाना फैसल बिलाल जा मई ने कहा कि कुर्बानी इब्राहीम अलै की सुन्नत है। साहबे निसाब के लिए इस सुन्नत को अदा करना वाजिब है। उन्होंने कहा कि हम वतन भाइयों की भावनाओं का ख्याल रखकर तथा हुकूमत की गाइडलाइन के तहत ही कुर्बानी की रस्म अदा की जाए। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। तत्पश्चात



ईदगाह के बाहर लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

ईदगाह के बाहर चेयरमैन रामजी गुप्ता, सपा नेता डॉक्टर मुन्ना अल्वी, मुफ़ीस अहमद के अलावा नगर पालिका और तहसील प्रशासन ने भी शिविर लगाकर बकराईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में कमेटी के सदर हाजी लईक, नायब शहर काजी हाफिज फिरोज, मौलाना अब्दुल रहमान अंसारी, पूर्व चेयरमैन इज़हार खान , मौलाना अरमान सिद्दीकी, मोहम्मद खालिद, कुर्बान अली, डॉक्टर इरफ़ान, इसरार खान सभासद व डॉक्टर सगीर अहमद आदि सहित हजारों लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। सीओ अरविन्द चौरसिया व कोतवाल राजकुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। फतेहपुर चौरासी में ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व पर कल नगर की मुख्य ईदगाह में बकरीद की नमाज सुबह पढ़ी गई। नमाज के बाद होने वाली दुआ में मुल्क में अमन-चैन व भाईचारा की दुआएं भी मांगी गई। सुबह से ही ईदगाह जाने वाले नमाजियों की लंबी कतारे लग गई थी। नमाज के बाद ईदगाह एवं मस्जिदों के बाहर लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और गले मिले। इस मौके पर डाक्टर जुल्फिकार अली, पूर्व चेयरमैन साबिर अली, नगर पंचायत के सभासद आरिफ अली, पूर्व सभासद लियाकत अली आदि सहित तमाम लोगों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को बधाई दी।

इसके साथ ही क्षेत्र के सैंता, तकिया, खेवरई, पट्टी हमीद, कुजगवाँ सहित क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांव में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। इसी तरह कस्बा गंज मुरादाबाद में ईद उल अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा ग्राम मऊ, सुरसेनी, आसत, भटिया पुर, अत रधनी, हरियावर, रुरी सादिकपुर, कांटा गुलजारपुर, झर तेरा, जोगीकोट, रसूलवापुर, शीतल गंज, हयात नगर, चहोलिया, फतेहपुर हमजा, मदारपुर, खभौली , खालसा, रघुरामपुर,नेवल, सिरधर पुर, आलमऊ सराय, दरियापुर, नौबत मदार नगर, जमादार पुरवा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### नगर की सड़कों पर नहीं, मस्जिदों और ईदगाहों में अदा हुई नमाज, फिर चला कुर्बानी का दौर

**कानपुर।** ईद–उल–अजहा (बकरीद) पर सोमवार की सुबह ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज के लिए भीड उमड़ी रही। कड़ी सुरक्षा के बीच मुसलमानों ने नमाज अदा की और देश में खुशहाली, बीमारियों, परेशानियों, मुसीबतों से निजात की दुआ की गई। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी और जानवरों की कुर्बानी भी की। ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा।ईद–उल–अजहा की नमाज मस्जिदों में निर्धारित संख्या में लोगों ने अदा की । इस वर्ष लोगों ने खुलकर त्योहार मनाया। ईदगाह व मस्जिदों में नमाजियों की संख्या अच्छी रही। मस्जिदों में दो बार नमाज अदा की गई। नमाज से पहले लोगों को ईद–उल–अजहा के बारे में बताया गया और कुर्बानी पर प्रकाश डाला गया। नमाज के बाद मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद बड़ी ईदगाह गद्दियाना में साढ़े आठ बजे नमाज अदा की गई। डीसीपी मध्य आर एस गौतम ने सोमवार को बताया कि बड़ी ईदगाह सकुशल सम्पन्न हो गई। नमाज के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती रही। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे और ईदगाह के गेट पर मेटल डिटेक्टर लगा दिया गया था। इसके साथ ही छतों से भी नमाजियों की सुरक्षा होगी। ईद उल जुहा पर्व पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के निर्देशन में थाना जाजमऊ क्षेत्र अंतर्गत ईदगाह एवं मस्जिद का भ्रमण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए व नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था मनोज कुमार पाण्डेय व

## एक नजर

### दो बाइकों में भिड़ंत एक की मौत, दो घायल

**रायबरेली।** बछरावां थाना के गांव सुदौली निकट दो बाइकों में आमने सामने से भिड़ंत संतुलित न होने के कारण हो गया।जिसमें बाइक सवार राजन 22वर्ष पुत्र भोलाप्रसाद;रामसुमिरन 48वर्ष पुत्र बचनूप्रसाद व रामनंद पाल 60वर्ष पुत्र सूर्यवीर निवासी रतनापुर थाना निगोहां गंभीर घायल हो गए।जिसमें तीनो को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरावां में भर्ती किया गया।जहां पर उपचार के दौरान रामनंद की मौत हो गई।बछरावां थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक रामनंद का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### एनटीपीसी यूनिट नंबर 3 में आई तकनीकी खराबी

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सलोन मार्ग पर एनटीपीसी प्लांट है।जिस प्लांट में 210 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली यूनिट नंबर तीन में तकनीकी खराबी आने के कारण बंद कर दिया गया है।जिस यूनिट के बंद होने के बाद उत्तराखंड, दिल्ली व यूपी के आंषिक जिले में विद्युत सप्लाई प्रभावित हुआ है।हलाकि एनटीपीसी में 210मेगावाट विद्युत उत्पादन करने की कुल 5 यूनिट व पांच सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली महज एक यूनिट है।एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि बंद यूनिट के फाल्ट खोजने के लिए विभागीय टीम लगा दिया गया है।

### कंपनी के दैनिक श्रमिक की करंट से मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव रामसाण्डा निकट कानपुर राजमार्ग के पास बाईपास कंपनी का प्लांट है।जहां पर इलेक्ट्रिक कटर में संचालित हो रहे करंट की चपेट में आने से दैनिक श्रमिक शैलेष कुमार 22वर्ष निवासी बेमपुर थाना मुधवन जिला मऊ की हालत बिगड़ गई जिसको स्थानीय लोगों के द्वारा सीएचसी में भर्ती किया गया जहां पर उसको मृतक चिकित्सक ने घोषित किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक श्रमिक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।वहीं विद्युत करंट की चपेट में आने से विद्युत विभाग के एक्सइन ने बताया कि जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया गया है।

### शराब के नशे से रिटायर्ड बिजली कर्मी की मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव पचखरा निवासी अवधेष कुमार शराब के यादी थे जिनके द्वारा शराब पीने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई जिनको प्राथमिक उपचार हेतु जब तक परिजन अस्पताल ले जाते तब तक उनकी मौत हो गई।मृतक विद्युत विभाग के कर्मी थे।जिनके मौत पर परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।जिनके शराब के पीने के बाद मौत होने की चर्चाएं थी।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, हत्या की आशंका

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव खोजनपुर व एनटीपीसी गेट नंबर दो के मध्य नाला है।जिसके निकट खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियो में मिला जिसके मूंह व नाक से खून बह रहा था।जिसके शरीर पर चोट के निषान थे।जिसके हालात के अनुसार ग्रामीणों में हत्या करके शव को फेंकने की अषंका जताया गया है।कोई अषनाई के चक्कर में जहर देकर उसकी हत्या कर देने तो कोई अलग बात में हत्या करने की बात करते नजर आए।जिस मामले की सूचना एक युवक थाना पहुंचा तो उसकी बातों को पुलिस ने पहले नजर अंदाज किया जब सूचना सही मिली तो हड़कंप मच गया।

### लापता युवक का शव मिला

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गांव प्यारेपुर निवासी अमन 18वर्ष विगत दो दिनो से घर से संदिग्ध परिस्थितियो में लापता हुआ था जिसका शव रेलवे ट्रैक के किनारे उगी झाड़ी में मिला जिसके शरीर में धारदार हथियार से हमले के निषान मिले हैं।मृतक माता पिता का इकलौता पुत्र था जिसकी हत्या की अषंका परिजन ने जताया है।परिजन ने हत्या करके उसका शव फेंकने की बात कही है।उधर हरचंदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के दूसरे प्रेमी हिमांषु यादव पुत्र रामषंकर निवासी गांव कनहट थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

### विषाक्त जल पीने से 30 बकरी व एक गाय की मौत

**रायबरेली।** लालगंज थाना के अन्तर्गत लखनऊ से फतेहपुर एनएच मार्ग पर गांव पूरे अधीन है, जिस गांव में खेत में भरे विषाक्त पानी 40 मवेशियों ने पिया है। जिसमें 30 बकरी व एक गाय की मौत हो गई जबकि अन्य मवेषी बीमार होने पर उनका पषुचिकित्सक टीम द्वारा उपचार करवाया जा रहा है।पषु विभाग के चिकित्सक ने बताया कि सभी मवेषियों का पोस्टमार्टम करवाया गया है।मवेषी स्वामी को शासन से मिलने वाले लाभ को दिलवाया जाएगा।जिन्होने बताया कि लोगों ने यूरिया खाद व अन्य केमिकल खेत में डालने के बाद पानी खेत में भरे जाने की बात बताया है जिसका पानी सैंपल हेतु भेजा गया है।जिसकी रिपोर्ट आने के बाद खेत स्वामी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### महिला को पीटा, पांच पर आरोप

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव छतौनामरियानी निवासिनी सरिता को कुछ बातों को लेकर मारपीट करके घायल कर दिया गया था, जिनको सीएचसी में भर्ती किया गया। महिला ने गांव के पांच लोगों पर रंजिस में मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### आक्सीजन प्लांट एक माह से खराब

**रायबरेली।** जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट विगत एक माह से तकनीकी खराबी के कारण हो गय था।जिसके न बनने पर मरीजों तक को असुविधा होता है।जिसका खुलाषा डीएम के निरीक्षण के दौरान हुआ था।डीएम के आदेष पर सीएमएस ने बताया कि आक्सीजन पर्याप्त मात्रा में है प्लांट खराब है जिसको बनवाने हेतु विभागीय पत्राचार कर दिया गया है।

### करंट की चपेट में आने से मकान मालिक झुलसा

**रायबरेली।** मिलएरिया थाना के गांव कल्लूकापुरवा निवासी अवधेष कुमार अपने घर पर लिंटर डलवाते दौरान ग्यारह हजार करंट की चपेट में आने से गंभीर झुलस गया।जिसको सीएचसी में परिजन के द्वारा भर्ती करवाया गया है।जहां पर हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार करवाया जा रहा है।सीएमएस ने बताया कि करंट लगे व्यक्ति का भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

### ट्रेन से कटने से युवक की मौत

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुंदनगंज स्थित रिलायंस सीमेंट फैक्टरी के पास रेलवे ट्रैक पर गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन से राकेष गौतम 35वर्ष निवासी कुंदनगंज थाना हरचदंपुर की कटने के बाद मौत हो गई।मृतक का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अपने बहन के यहां कुंदनगंज आया था।जिसकी ट्रेन से कटने से मौत हुई है।जिसकी जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### 8 वर्षीय मासूम बच्ची को कार ने रौंदा, मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के बाबूगंज बाजार में लखनऊ से प्रयागराज एनएच मार्ग पर कार ने मार्ग के किनारे खड़ी प्रियंका 8वर्ष निवासिनी चतुरपुरमिश्रपुर को रौंदते हुए फरार हो गया।जिसको स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में लाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया।मृतक बच्ची के परिजन का रो रोकर बुरा हाल था।उधर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### महिलाओं को पीटते वीडीओ वायरल, जांच जारी

**रायबरेली।** जगतपुर थाना के गांव साई में भूमि विवाद को लेकर चल रहे खुन्नस के बीच मारपीट हो गया जिसमें महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हुए बाल घसीटते हुए मारपीट किया गया।जिसका वीडीओ सोषल मीडिया में वायरल किया गया है।वायरल वीडीओ के बाद हड़कंप मच गया है।जगतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करके विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### खनन का वीडिओ बनाने पर मारी युवक को गोली

**रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कूढ़ा में मिट्टी खनन जेसीबी लगाकर किया जा रहा था, जिस दौरान का वीडीओ मोबाइल से बनाने गांव के बबलू सरोज पहुंचे जिस दौरान खनन माफियाओं ने खुन्नस खाते हुए उसके ऊपर फायर झोंक दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। मौका पाकर खनन माफिया अपने समर्थकों के साथ फरार हो गए।

## आखिरी चौथे बड़े मंगल पर जिले भर में चहुंओर रामदूत बजरंगबली के जयकारों की गूंज

# अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता ....

## जै श्री अभयदाता, जय बजरंगबली, जय हनुमान के जयकारों से वातावरण हुआ गुंजायमान

» लाखों भक्तगणों ने पवन पुत्र की चौखट पर माथा टेक, लिया आशीर्वाद

» जगह-जगह भंडारों की धूम, प्रसाद में पूड़ी, हलवा चना, शर्बत, मिष्ठान व फलों के वितरण का आयोजन











**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का शास्त्रों में अपार महिमा का गान है। यहां तक वर्णित है कि उनके नाम-जस का बखान प्रभु राम ने स्वयं किया है। रामदूत की यह अपार महिमा ज्येष्ठ माह के चौथे आखिरी बड़े मंगलवार पर भी परिलक्षित हुई। जिले भर में चहुंओर मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पुरुषों, महिलाओं व बच्चों की सुबह से ही लंबी कतारें लगीं रहीं। भक्तों ने हनुमान जी दर्शन किए। जय बजरंगबली जय हनुमान की जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। जगह जगह भंडारों के आयोजन किए गए। शहर से लेकर कस्बों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी भंडारों की धूम मची रही। प्रसाद में पूड़ी, हलवा चना, शर्बत, मिष्ठान व फलों के वितरण का भक्तों ने आयोजन किया। शहर के श्री भवानी पेपर मिल प्रांगण स्थित प्रसिद्ध श्याम वर्णन श्री अभयदाता मंदिर में भोर से भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई। पुजारी ओमप्रकाश मिश्रा एवं पुजारी सूर्यकांत त्रिवेदी ने विधि विधा से पूजन अर्चन किया। मंदिर प्रबंधन व हनुमान भक्त गोपाल श्रीवास्तव की ओर से मंदिर से लेकर परिसर के अंदर और बाहर तक भव्य सजावट का आयोजन कराया गया। आशु शुक्ला के संगीतमय भजनों , सुंदरकांड, हनुमान चालीसा सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गए। शहर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जहानाबाद, कैनाल रोड स्थित संकट मोचन धाम, सूरजपुर के प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर सहित जिले के बछरावां के सिंह द्वार पर स्थित पीपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर में भक्तों ने बजरंग बली बाबा का दर्शन व विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सुबह सर्वप्रथम हनुमत लाल का श्रृंगार विधि विधान से किया गया। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी ने बताया की मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन व दर्शन की व्यवस्था कर दी गई है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। भक्तों ने भी संयम का परिचय देते हुए खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और मंदिर की चौखट पर अपनी मनौती मानकर मत्था टेका लोगों ने बताया मंदिर बहुत प्रसिद्ध है इस मंदिर पर सभी भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर होने के कारण आने जाने वाले छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक इस मंदिर की चौखट पर मत्था टेकते हुए मनौती मांगते हैं। वही श्रद्धा अनुसार मंदिर में आकर सहयोग भी करते हैं।

लोगों का ऐसा मत है की पीपलेश्वर धाम से आज तक कोई निराश नहीं लौटा बस मन में विश्वास होना चाहिए। यहां वैसे तो सैकड़ों की संख्या में हर मंगलवार भक्त लोग आते हैं किंतु जेष्ठ माह के मंगलवार को दर्शन पूजा का विशेष महत्त्व है। जिसके कारण प्रत्येक मंगलवार से ज्यादा पूजा अर्चना करने हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्त यहां पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी, अनूप अवस्थी की देखरेख में मुनिराज अवस्थी, गोलू पंडित, विजय, विनय सबसे ज्यादा छोटे पुजारी ऋषि अवस्थी का योगदान रहा।

### आखिरी मंगल पर रही भंडारों की धूम

**लालगंज, रायबरेली।** जेठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर क्षेत्र में जगह-जगह भंडारो की धूम रही। जिसमें भक्तो ने पवनपुत्र के दर्शनोपरान्त प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के हनुमान मंदिरो मं सुबह से ही भक्तो की भारी भीड़ रही। मोहल्ले और सड़कों के किनारे पूजा पंडालों में भगवान बजरंगबली के गीतों की गूंज रही। कस्बे के बेहटा चैराहा स्थित हनुमान मंदिर, आलमपुर के सुप्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर, निरालानगर स्थित हनुमान मंदिर, ऐहार गांव स्थित भगवान बाल्हेश्वर मंदिर धाम, सब्जी मंडी के बालाजी मंदिर, सरेनी रोड पर मलपुरा गांव स्थित मां विंध्यवासिनी बालाजी मंदिर में सुबह से ही दर्शनों के लिए हनुमान भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक भगवान बजरंगबली की पूजा उपासना कर जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। तेजगांव काम्प्लेक्स परिसर में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें पहुंचे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कढ़ी चावल के रूप में प्रसाद ग्रहण किया।

### मनाया गया क्षेत्र में बकरीद पर्व

**लालगंज, रायबरेली।** त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा पर हिंदू या मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। वही मुस्लिम भाइयों ने नमाज अताकर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। कस्बे के चिक मंडी ईदगाह व घोसियाना स्थित ईदगाह अच्छी जान मस्जिद में अकीदतमंदों को नमाज अता कराई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने मुस्लिम भाइयों को बकरीद की मुबारक देते हुए कहा कि इस्लाम इंतेहाद व इंसानियत का पैगाम देता है। खानकाहो से अमन व भाईचारे का का पैगाम फैला है।

### असलहे से दो राउंड फायरिंग, एक व्यक्ति के पैर में लगी गोली

**परसदेपुर,रायबरेली।** नसीराबाद में अवैध खनन करा रहे प्रधान प्रतिनिधि द्वारा वीडियो बनाने पर गोली मारने का आरोप केस दर्ज हुआ है। बब्लू पासी निवासी ग्राम कुढ़ा मजरे कुढ़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधान प्रतिनिधि पंकज सिंह ग्राम सभा कुढ़ा के पनवरिया तालाब से मजदूर से मिट्टी की खुदाई न कराकर जे सी बी से मिट्टी खोद कर बेची जा रही थी ग्राम पंचायत सदस्य होने के नाते विरोध करते हुए वीडियो बनाने लगा तो पंकज सिंह अपने साथियों के साथ सत्यम सिंह शिवम, व अमन सिंह निवासी कुढ़ा के साथ आकर गाली गलौज कर रहे थे पंकज सिंह ने असलहे से दो राउंड फायरिंग कर दिया जिससे बब्लू के बांए पैर में गोली लग गई। थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि केस दर्ज किया गया है जांच की जा रही है।

» अवैध खनन करा रहे प्रधान प्रतिनिधि के वीडियो बनाने पर गोली मारने का आरोप मामला दर्ज

### दंपति पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर

**रायबरेली।** महराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे हनुमंत मजरे ज्योना गांव में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर दबंगों ने पति-पत्नी को लाठी डंडों तथा धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया पत्नी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।आपको बताते चलें कि राजकुमार पुत्र राजाराम, उम्र 30 वर्ष एवं राजकुमार की पत्नी पूनम उम्र 26 वर्ष दोनों घर में मौजूद थे। गांव के ही निवासी विपक्षीगढ़ राम सजीवन पुत्र राम लखन, एवं अनुज, संजय, सूरज पुत्रगढ़ राम सजीवन, शीतला प्रसाद पुत्र पर्सन, रामरतन पुत्र राम आसरे, और सक्षम पुत्र शीतला प्रसाद निवासी गढ़ पूरे हनुमत सिंह मजरे ज्योना एक राय होकर लाठी डंडे तथा कुल्हाड़ी लेकर घर के अंदर घुसकर पति और पत्नी को जमकर पीट दिया। पत्नी के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया जिससे पत्नी गंभीर होकर घायल हो गई। मारपीट कर हमलावर मौके से फरार हो गए। आज पड़ोस के लोगों ने सूचना 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से महराजगंज सीएचसी पहुंचाया ।जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु पूनम की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



### नहीं रहे समाजसेवी डॉक्टर दल बहादुर

» तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने तीन लोगों को रौंदा, सड़क हादसे में डॉक्टर की दर्दनाक मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**परशदेपुर, रायबरेली।** रायबरेली-अमेठी स्टेट हाईवे पर सोमवार को लगभग सवा दो बजे दिन विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक अनियंत्रित कार ने एक समाजसेवी डॉक्टर की जान ले ली। सड़क हादसे में गोपालपुर निवासी समाजसेवी डा. दलबहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय समरजीत सिह की अचानक मौत होने की खबर से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। परसदेपुर अमर उजाला के पत्रकार रामेंद्र सिंह सोनू के चाचा के सड़क हादसे में निधन की खबर मिलते ही नगर पंचायत क्षेत्र, आस पास के ग्रामीणों में शोक संवेदना देने वालों का उनके आवास पर तांता लग गया। जिसने भी खबर सुना वह गोपालपुर की ओर चल दिया। सड़क हादसा गोपालपुर ग्राम संतोषी माता मन्दिर निकट बरुआ नहर सड़क किनारे दूर गुमटी के पास बैठे डॉक्टर को रौंद दिया। बताते हैं कि रायबरेली से आ रही तेजराफ्तर अनियंत्रित एक स्विफ्ट कार यूपी 33 बीपी 8471 ने तीन लोगों को जोर दार टक्कर मार दी और गुमटी सहित सभी को रौंद दिया। वहां दुकानदार सहित तीन लगों में डॉक्टर की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे और तत्काल घायल अवस्था में लेकर डॉक्टर को डीह सीएचसी पहुंचे, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीह पुलिस ने कार और उसके स्वामी वाहन चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर एफआईआर पंजीकृत कर दिया गया। समाजसेवी का अंतिम संस्कार गोपालपुर गांव में किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### मृतका ने पहले बच्चों की गला दबाकर की थी हत्या

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा गांव में हुई दो बच्चों समेत महिला की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पुलिस की जांच में कई चैकाने वाली बाते सामने आई है। वही इस मामले में पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार महिला ने पहले बच्चो की गला दबाकर हत्या की थी और बाद में स्वयं फांसी के फंदे से झूल गई थी। फांसी के फंदे से झूलने का मृतका ने वीडियो बनाने का भी प्रयास किया था जो उसके मोबाईल की हुई जांच में सामने आया है। ज्ञात हो कि लोदीपुर उतरांवा गांव में हुई सनसनीखेज घटना हुई थी जिसमें एक महिला ने अपने दोनो अबोध बच्चो की हत्या कर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी हुई है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सोनी ने ही अपने दोनो पुत्रो रौनक व रिमझिम की गला दबाकर हत्या करने के बाद स्वयं को फांसी लगा ली थी।

पुलिस के अनुसार सोनी ने बच्चो की हत्या के बाद मोबाईल फोन में वीडियो रिकार्डिग प्रारम्भ कर फांसी लगाई थी। जिसका वीडियों भी पुलिस के हाथ लगा है। वही पुलिस इस बिंदु की जांच कर रही है जिसमें घटना के दिन दम्पत्ति के बीच मोबाईल फोन रिचार्ज कराने को लेकर विवाद हुआ था। जांच में यह भी पता चला है कि पति रतीभान के अनुसार घटना के दिन मोबाईल रिचार्ज कराने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत, शराब के साथ जहर पीने की जताई गई आशंका

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान शराब के साथ जहर होने की आशंका जताई है। युवक को जिला अस्पताल ले जाते समय हुई मौत। घटना 17 जून दिन सोमवार की देर 8:00 के आसपास टेरा बरौला गांव के रहने वाले युवक रंजीत उम्र लगभग 32 पुत्र रामलखन गांव के पास ही अपने खेतों पर गया हुआ था । वहाँ कुछ देर बाद खेतों में उसकी तबीयत खराब होने की परिजनों को जानकारी हुई। युवक की मां जब खेतों पर पहुंची तो युवक बेहोशी की अवस्था में पड़ा हुआ था। तबीयत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया । जहां युवक का डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। परंतु युवक अचेत अवस्था में ही था। और मुंह से शराब की बदबू तथा झाग निकल रहा था। डॉ प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए 108 एंबुलेंस से भेज दिया। बछरावां कस्बे से कुछ ही दूरी पर युवक की एंबुलेंस के अंदर ही मौत हो गई। घटना के बारे में मृतक की मां राधा ने बताया, वह घर पर थी और मेरा पुत्र खेतों की तरफ गया हुआ था, वहां तबीयत खराब होने की जानकारी प्राप्त हुई। चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जहरीले पदार्थ के साथ ही शराब के सेवन की बात भी सामने आई है ।

### दर्जनों गाय व बकरियों के मरने से मचा हड़कंप

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में दर्जनों गाय व बकरियों की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस व राजस्व विभाग की टीमों ने पहुंचकर हालात का जायजा लिया और जांच कर कारवाई की बात कही है। स्वंयसेवी संगठनों ने इसके लिए दोषी दूकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के मुताबिक लालगंज फतेहपुर मार्ग पर क्षेत्र के पूरे गड़रिया के पास दर्जनों गाय व बकरियों के मरने से सनसनी फैल गई और देखते ही देखते लोगों का जमावड़ा लग गया। जिसकी सूचना नागरिकों ने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग की टीमों ने मौके का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। सूत्रों के मुताबिक पास में ही एक ढाबे के पास यूरिया की कई दुकानें है जिसमें लापरवाही दिखाते हुए एक दुकान से मिश्रित पानी फेंका गया। जिसके पीने से गौवंशो व बकरियों की मौत हो गई। इस घटना से जानवर मालिकों में खासा आक्रोश व्याप्त है और उन्होने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ मुआवजे की मांग की है।

## सलोन पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पंचायत भवन के उपकरण चोरी के गिरोह का राजफाश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन पुलिस ने मंगलवार को अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा है। केवलपुर माफी पंचायत भवन में लगे उपकरण चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया गया है।इसी के साथ इंजन चोर गिरोह भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है।गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने बैट्री, इन्वर्टर, मॉनिटर,सीपीयू, यूपीएस ,इंजन,तमंचा कारतूस समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए है।पुलिस ने दावा किया है सहकारी बैंक में इन्ही शातिरों ने चोरी का असफल प्रयास किया था।सलोन कोतवाली क्षेत्र में बीते काफी दिनों से चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई थी। 8, 9 की रात्रि जिला सहकारी बैंक के अंदर बैंक लूटने का असफल प्रयास किया गया था। वही 13 जून की रात्रि केवलपुर माफी के पंचायत घर से अज्ञात चोरों ने बैटरी इन्वर्टर, सहित लाखो रुपये के उपकरण पर चोरो ने हाथ साफ किया था।वही सिरसिरा गांव में जल निगम के तहत बन रही पानी की टँकी में लगे इंचन को अज्ञात चोरों ने पांच मई को पार कर दिया था। एसपी द्वारा सलोन क्षेत्र में हो रही चोरियों को गम्भीरता से लेते हुए गिरोह के खुलासे के लिए, सर्विलांस,एसओजी की पुलिस टीम को एक्टिव किया गया।जिसमे स्थानीय कोतवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पंचायत भवन में चोरी की घटना में संलिप्त पंकज कुमार पूरे ठकुराइन जौदहा,धर्मेंद्र कोरी नुरूद्दीनपुर,राम भुवन पवैया,धनीराम सरोज उर्फ धनिया कालीपुर मोहनगंज को चोरी की योजना बनाने के दौरान प्राइमरी स्कूल लहुरेपुर से गिरफ्तार किया गया है।पकड़े गए सभी अभियुक्तो की निशानदेही पर पंचायत भवन में हुई चोरी का सामान बरामद हुआ है।कोतवाल ने बताया कि जिला सहकारी बैंक में घटना अंजाम देने की कोशिश पकड़े गए अभियुक्तो ने ही दी थी।उन्होंने बताया कि मई महीने में सिरसिरा गांव में जलनिगम ऑफिस में लगी एक इंजन चोरी की घटना दर्ज हुई थी।उक्त प्रकरण में चोरी के इंजन के साथ नागेश नीलेश निवासी पवैया,बैजनाथ कटका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।सभी अभियुक्तो की आपराधिक हिस्ट्री खंगाली जा रही है।




**ये चोरी के उपकरण हुए बरामद-** एक अदद मॉनीटर व सीपीयू लेनेवो,एक अदद यूपी एस व डीवीआर सीपी प्लस कम्पनी, एक अदद प्रिन्टर एचपी लेजर,एक अदद एलईडी, दो अदद इन्वर्टर माइक्रोटेक व ल्यूमीनस,दो अदद बैटरी ल्यूमीनस, ड्रिल मशीन कटर लगी हुई, एक लोहे की रॉड,एक हथौड़ी, एक अदद प्लास, छैनी, 1 अदद कुल्हाड़ी, रिंच, चाबी के गुच्छे, प्लास्टिक की टॉर्च 1 अदद बोलेरो कार UP71R4111 घटना में प्रयुक्त (सीज अन्तर्गत धारा-207 मोटर वाहन अधिनियम) तमंचा , मिस कारतूस 315 बोर (अभियुक्त पंकज उपरोक्त से बरामद) 1 अदद तमंचा व 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर अभियुक्त धर्मेन्द्र उपरोक्त से बरामद किया गया।

## अध्यात्म — श्री हरिवंश पुराण कथा के आठवें दिन कथा व्यास सत्यदेवाचार्य ने कलयुग का विस्तार से किया वर्णन

# गोपालपुर में श्री हरिवंश पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन आज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**परसदेपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के गोपालपुर ग्राम में नौ दिवसीय चल रही श्री हरिवंश पुराण कथा के आठवें दिन मंगलवार को वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सत्यदेवाचार्य जी महाराज ने कलयुग का वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में प्रजाओं की रक्षा न करते हुए उनसे कर लेने वाले राजा उत्पन्न होंगें, जो सदा अपने शरीर मात्र की रक्षा में संलग्न रहेंगे । कलियुग में जो क्षत्रिय नहीं हैं, ऐसे लोग भी राजा होंगे । ब्राह्मण लोग शूद्रों के आश्रित होकर जीविका चलायेंगे और शूद्र ब्राह्मणों के आचार का पालन करने वाले होंगे। कलयुग में धनुष बाण धारण करने वाले क्षत्रिय व्रत से जीने वाले ब्राह्मण और क्षत्रिय ब्राह्मण दोनों एक पंक्ति में बैठकर पंचयज्ञों से रहित हविष्य में भोजन करेंगे।उन्होंने कलयुग के बारे में विस्तार से श्रोताओं को बताया कि जन्मेजय ने कहा कि कलयुग में मनुष्य शिल्प कर्म करने वाले सत्यवादी मदिरा और मांस के प्रेमी तथा पत्नी को ही मित्र मानने वाले होंगे। युगांत कल कलयुग में कर राजू चित्रा वृत्त से रहेंगे और राजाओं का स्वभाव चोरों के समान हो जाएगा तथा सेवक उन वस्तुओं का भी उपयोग करेंगे जिन्हें भोगने के लिए उन्हें स्वामी की ओर से आजा नहीं मिली हो। इसी प्रकार आगे विस्तार से कलयुग की चर्चा किया श्रोताओं ने मंत्र मुक्त होकर श्री हरिवंश पुराण की कथा को सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। मुख्य यजमान सियादेवीरुद्रनारायण शुक्ला सपत्नीक आरती किया फिर प्रसाद वितरण हुआ। मानव कल्याण के लिए श्री हरिवंश पुराण कथा ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान और कार्यक्रम के आयोजक रुद्र नारायण शुक्ल ने बताया कि श्री हरिवंश पुराण कथा का नवां दिन बुधवार को पूरा होने पर हवन पूजन के बाद विधि विधान से समापन किया जाएगा।





# पाकिस्तान के गेंदबाज रऊफ एक शख्स से भिड़े

## अमेरिका में फैंस से भिड़ गए, बोले– तू इंडियन है

**एजेंसी**

**फ्लोरिडा।** पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ अमेरिका में फैंस से भिड़ गए, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में उनकी पत्नी मुजना मसूद मलिक उन्हें रोकने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन रऊफ हाथ छुड़ाकर व्यक्ति से लड़ने पहुंच जाते हैं। यही नहीं, अपने ही फैंस को रऊफ इंडियन होने का आरोप भी लगाते हैं।

दरअसल पाकिस्तान क्रिकेट टीम सुपर-8 में नहीं पहुंच पाई है, जिससे पाकिस्तानी फैंस निराश हैं और टीम की आलोचना कर रहे हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रह है कि रऊफ होटल के पास बीवी के साथ टहल रहे थे। उस दौरान कुछ फैंस ने उन पर कमेंट किया। जिसके बाद वह दौड़ कर फैंस को पकड़ने की कोशिश करते हैं। हालांकि, उनकी पत्नी उन्हें रोकने की कोशिश करती हैं, लेकिन रऊफ पत्नी से हाथ छुड़ा कर चप्पल फेंकते हुए फैंस के पास पहुंच जाते हैं। उनकी व्यक्ति से बहस होने लगती है। फैंस क्या कह रहा है, यह सुनाई नहीं दे रहा है, लेकिन हारिस रऊफ यह कहते दिख रहे हैं कि तू अपने बाप को गाली देता है... तू अपने बाप को गाली देता है...रऊफ यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि इंडियन होगा ये...वहीं वह व्यक्ति कहता है कि पाकिस्तानी हूं। इस पर हारिस कहते हैं तेरे बाप ने यही तरबियत दी है क्या...।



# वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया

## ओमरजई के डायरेक्ट थ्रो से 98 पर रनआउट हुए पूरन : मैकॉय ने नबी को क्लीन बोल्ड किया


**एजेंसी**

**सेंट लूसिया।** टी-20 वर्ल्ड कप के 40वें मुकाबले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के साथ सटीक गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग भी देखने को मिली। ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया।

अजमतुल्लाह ओमरजई के डायरेक्ट थ्रो से निकोलस पूरन शतक बनाने से चूक गए। वहीं, ओबेड मैकॉय की शानदार गेंदबाजी के चलते अफगान टीम 114 पर ही ऑलआउट हो गई। उन्होंने मोहम्मद नबी को क्लीन बोल्ड किया। वेस्टइंडीज की पारी का आखिरी ओवर नवीन उल हक ने किया। निकोलस पूरन 85 के स्कोर पर खेल रहे थे। नवीन ने पहले गेंद वाइड फेंकी। इसके बाद पूरन ने दो छक्के लगाए और 98 रन पर पहुंच गए। नवीन ने ओवर की चौथी गेंद लो फुल टॉस फेंकी। पूरन ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला।

पहला रन पूरा करने के बाद वह स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे। इसलिए वह दूसरे रन के लिए दौड़े। लेकिन, डीप कवर पर खड़े अजमतुल्लाह ओमरजई ने डायरेक्ट थ्रो किया। पूरन ने डाइव लगाई लेकिन, वह क्रीज पार नहीं कर सके, तब तक बॉल स्टंप पर जा लगी और वे रनआउट हो गए। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप 25 रन बनाकर आउट हुए। 13वें ओवर में गुलबदीन नाइब की बॉल पर होप ने डीप मिडविकेट की ओर बड़ा शॉट खेला। मौके पर फील्डिंग कर रहे नजीबुल्लाह जादरान ने दौड़ते हुए 10 मीटर की दूरी तय की और डाइव लगाकर कैच लपक लिया। अफगानिस्तान की पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट झटकने के बाद ओबेड मैकॉय फिर 10वां ओवर लेकर आए। ओवर की दूसरी गेंद मैकॉय ने मिडिल और ऑफ स्टंप के बीच फुल लेंथ फेंकी। नबी गेंद को पढ़ नहीं सके और उन्होंने लेट शॉट खेला। बॉल बैट और पैड के बीच से निकलते हुए विकेट में जा घुसी और नबी क्लीन बोल्ड हो गए। अफगानिस्तान की पारी के लिए 13वां ओवर अकील हौसेन ने किया। ओवर की पांचवी गेंद होसेन ने ऑफ स्टंप फर फुल लेंथ की फेंकी। राशिद ने बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में उसे खेला। राशिद ने रन के लिए एक कदम बढ़ाया। इतने में दूसरे छोर पर बल्लेबाजी कर रहे जनत आधी पिच तक आ गए।

राशिद ने जनत को वापस भेजा। वापस लौटने के दौरान वह लड़खड़ा गए। इसते में ही हौसेन उन्हें रन आउट कर चुके थे। करीम जनत 14 रन पर आउट हुए। 16वां ओवर अल्जारी जोसेफ ने किया। चौथी गेंद जोसेफ ने नवीन उल हक को बाउंसर की। नवीन ने नीचे झुककर बचने का प्रयास किया। लेकिन, बॉल उनके ग्लव से छूती हुई कीपर निकोलस पूरन के पास चली गई। गेंद पूरन से काफी ऊंची थी। लेकिन पूरन ने शानदार छलांग लगाई और लड़खड़ाते हुए कैच पकड़ा। नवीन उल हक 4 रन पर आउट हुए। ICC टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट स्थित डैरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड पर अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 218 रन बनाए। यह इस वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर रहा।



**सोशल मीडिया पर जानकारी दी**

# अलका याग्निक को न्यूरो डिसीज, सुनाई देना बंद हुआ



वेटरन प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को रेयर न्यूरो डिसीज हो गई है, जिसकी वजह से वो सुन नहीं पा रही हैं। सिंगर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी इस बीमारी का जिक्र किया। इसके साथ ही सिंगर ने बताया कि वो बीते काफी वक्त से इनएक्टिव क्यों हैं। अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैंस और साथी कलाकारों को तेज (लाउड) म्यूजिक से दूर रहने की सलाह दी है। 17 जून को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों के लिए। कुछ हफ्ते पहले मैं एक फ्लाइट से उतरी तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। इस घटना के कई हफ्तों बाद थोड़ी हिम्मत जुटाकर अब मैं अपने दोस्तों और शुभचिंतकों को इस बारे में बता रही हूं, जो मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि मैं कहां गायब हूं।' सिंगर ने आगे लिखा, 'मेरे डॉक्टर्स ने एक रेयर सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस डायग्नोज किया है, जो मुझे एक वायरल अटैक की वजह से हुआ है। अचानक से हुई इस घटना ने मुझे शॉक कर दिया है। मैं खुद इसे स्वीकार करने की कोशिश कर रही हूं और चाहती हूं कि इस बीच आप सभी मुझे अपनी दुआओं में याद रखें।' पोस्ट के अंत में अलका ने लोगों को लाउड म्यूजिक ना सुनने की और हेडफोन्स का कम इस्तेमाल करने की सलाह दी है। सिंगर ने लिखा, 'किसी दिन मैं अपनी प्रोफेशनल लाइफ से, हेल्थ को होने वाले नुकसान पर बात जरूर करूंगी। आप सबके प्यार और सपोर्ट से, मैं फिर से अपना जीवन पटरी पर लाने की उम्मीद करती हूं। जल्द ही फिर आपके सामने आने की कामना करती हूं। इस नाजुक मौके पर आपका सपोर्ट और अंडरस्टैंडिंग मेरे लिए बहुत मायने रखती है।'

## 11 दिनों में 'मुंज्या' की कमाई 61.25 करोड़




शरवरी, अभय और मोना सिंह स्टारर 'मुंज्या' लगातार बेहतरीन कलेक्शन कर रही है। अपने दूसरे सोमवार को फिल्म ने 5 करोड़ 50 लाख रुपए कमाए हैं। इसके साथ ही 11 दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 61 करोड़ 25 लाख रुपए हो चुका है। फिल्म ने पहले हफ्ते में भी वर्किंग डेज में अच्छा बिजनेस किया था। अगर यह इसी तरह का प्रदर्शन करती रही तो जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है। सोमवार को फिल्म की ओवरऑल ऑक्यूपेंसी 28.88% रही। सुबह 14.79%, दोपहर में 32.48%, शाम के शोज में सबसे ज्यादा 35.60% और रात के शोज की ऑक्यूपेंसी 32.64% रही। कहानी में मराठी बैकग्राउंड होने के चलते इस फिल्म को मुंबई में 37% और पुणे में 32% ऑक्यूपेंसी मिली है। सुपरनैचुरल कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' ने दूसरे हफ्ते में वर्किंग डेज में भी अच्छी कमाई की और फिर सेकेंड वीकेंड पर भी फिल्म को पब्लिक से कमाल का रिस्पॉन्स मिला। इसने दूसरे शुक्रवार को 3.75 करोड़ दूसरे शनिवार को 6.75 करोड़ और दूसरे रविवार को 8.75 करोड़ रुपए कमाए। कुल मिलाकर देखा जाए तो 'मुंज्या' का कलेक्शन हाल फिलहाल में रिलीज हुई 'भैया जी' और 'सावी' जैसी फिल्मों के कलेक्शन से कई गुना बेहतर है। 'मुंज्या' में मुख्य कलाकारों के अलावा 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाने वाले एक्टर सत्यराज का भी एक्सटेंडेड कैमियो है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोद्दार ने किया है। वहीं इसे अमर कौशिक और दिनेश विजान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह 'स्त्री', 'रूही' और 'भेड़िया' के बाद मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है।

**वित्त वर्ष-25 के लिए 7% से बढ़ाकर 7.2% किया**

# फिच ने भारत की GDP ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

**एजेंसी**

**मुंबई।** फिच रेटिंग्स एजेंसी ने मंगलवार (18 जून) को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की GDP ग्रोथ के अनुमान को मार्च में अनुमानित 7% से बढ़ाकर 7.2% कर दिया है। एजेंसी ने कंज्यूमर स्पेंडिंग में सुधार और निवेश में ग्रोथ का हवाला देते हुए भारत की ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया है।

फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.5% की ग्रोथ रेट का अनुमान लगाया है। वहीं वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.2% की ग्रोथ रेट से भारत की इकोनॉमी के बढ़ने का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान RBI के अनुमान के बराबर है। इस महीने की शुरुआत में RBI ने अनुमान लगाया था कि रूरल डिमांड में सुधार और इन्फ्लेशन में नरमी के कारण चालू वित्त वर्ष में भारतीय इकोनॉमी 7.2% रेट से बढ़ेगी। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में भारत की इकोनॉमी 8.2% की रेट से बढ़ी थी, जबकि मार्च तिमाही में ग्रोथ रेट 7.8% रही थी। फिच को उम्मीद है कि 2024 के आखिरी तक इन्फ्लेशन घटकर 4.5% रह जाएगी। वहीं 2025 और 2026 में इन्फ्लेशन एवरेज 4.3% रहेगी। उसे उम्मीद है कि RBI इस साल पॉलिसी इंटरेस्ट रेट्स में 25 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करके इसे 6.25% कर देगा। कुछ दिनों पहले वर्ल्ड बैंक ने FY2024-25 के लिए भारत का GDP अनुमान 6.6% पर बरकरार रखा था। इससे पहले वर्ल्ड बैंक ने अप्रैल में भी FY25 के लिए भारत की GDP का अनुमान 6.6% बताया था। वर्ल्ड बैंक ने कहा था कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा। हालांकि, भारत के विस्तार की गति धीमी होने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक ने बताया था कि वित्त वर्ष 2023-24 में उच्च विकास दर के बाद वित्त वर्ष 2024-25 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए एवरेज 6.7% प्रति वर्ष की स्थिर ग्रोथ का अनुमान है। वर्ल्ड बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 26 में 6.7% और वित्त वर्ष 27 में 6.8% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। वहीं वित्त वर्ष 24 में नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (NSO) ने GDP के 8.2% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। GDP इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। GDP देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रोड्यूस सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं उन्हें भी शामिल किया जाता है।




**हुमा कुरैशी भी शामिल हुईं, लव सिन्हा ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट**

# सोनाक्षी-जहीर ने सेलिब्रेट की बैचलर पार्टी

23 जून को शादी करने जा रहे बॉलीवुड कपल सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बीती रात बैचलर पार्टी एंजॉय की। दोनों ने इस पार्टी की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कीं। तस्वीरों में सोनाक्षी के साथ उनकी करीबी दोस्त और एक्ट्रेस हुमा कुरैशी भी नजर आ रही हैं। सोनाक्षी ब्लैक डीप प्लंजिंग नेकलाइन शॉर्ट शिमरी ड्रेस में सुपर गॉर्जियस लग रही हैं। विंग्ड आईलाइनर और न्यूड लिपस्टिक से एक्ट्रेस ने अपना लुक कंप्लीट किया है। सोनाक्षी के सभी फ्रेंड्स भी इस पार्टी में ब्लैक आउटफिट्स में नजर आए। पार्टी का ड्रेस कोड ब्लैक था। दूसरी तरफ जहीर ने भी अपने दोस्तों के साथ पार्टी करते हुए कुछ फोटोज शेयर किए हैं। तस्वीरों में जहीर अपनी बॉयज गैंग के साथ एंजॉय करते नजर आए। इन तस्वीरों के अलावा सोनाक्षी के भाई लव सिन्हा की एक क्रिप्टिक पोस्ट भी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने बाकू वेकेशन की पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए अजीबोगरीब कैप्शन लिखा। लव ने लिखा, 'वक्त के साथ समस्या यह है कि यह हमारे पास कभी भी पर्याप्त नहीं होता।' बताते चलें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल 23 जून को शादी करने वाले हैं। दोनों मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे। फिर इसी दिन शाम को दादर स्थित बैस्टियन रेस्टोरेंट में रिसेप्शन पार्टी होगी। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को एक्टर जहीर इकबाल से शादी करने वाली हैं। दोनों रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे।



# कियारा ने केबिन क्रू मेंबर से की बदतमीजी !

**कियारा आडवाणी** को लेकर एक केबिन क्रू मेंबर ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि उनका कियारा के साथ अच्छा एक्सपीरियंस नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार एक्ट्रेस फ्लाइट से ट्रैवल कर रही थीं, तब उन्होंने केबिन क्रू मेंबर और उनके साथियों के साथ बदतमीजी की थी। केबिन क्रू मेंबर के मुताबिक, कियारा हमेशा एटीट्यूड में रहती हैं।

केबिन क्रू मेंबर ने यह खुलासा एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में किया है। इस इंटरव्यू का कुछ हिस्सा सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसके कमेंट सेक्शन में लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर बताया कि उनका भी एक्सपीरियंस कियारा के साथ अच्छा नहीं रहा, जब वो पहली बार उनसे मिली थीं।

हालांकि इस वीडियो पर कई फैंस कियारा के सपोर्ट में भी उतरे हैं। फैंस का कहना है कि कियारा का नेचर ऐसा नहीं है। वो बहुत प्यारी और सुलझी हुई महिला हैं। हाल में एक केबिन क्रू मेंबर ने बताया कि कियारा के साथ उनकी टीम का एक्सपीरियंस बहुत खराब रहा है। क्रू मेंबर ने उस घटना का भी जिक्र किया जब कियारा बहुत भड़क गई थीं। क्रू मेंबर ने बताया कि एक बार जर्नी के दौरान कियारा को काजू और बादाम ऑफर किया गया तो उन्होंने खराब लहजे में लेने से इनकार कर दिया। फिर कियारा ने क्रू मेंबर से अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वे उन्हें काजू दे सकें। वीडियो के सामने ही लोग इस पर तरह-तरह के कमेंट करने लगे। इस यूजर ने कमेंट कर लिखा कि उनका भी कियारा के साथ खराब एक्सपीरियंस रहा है। यूजर ने लिखा कि पहली बार कियारा से उनकी मुलाकात एक कैफे में हुई थी। जाते समय कियारा का लिप बाम गिर गया था और लुढ़क कर उनके पैरों के पास आ गया था। लेकिन कियारा खुद ना उसे उठाकर अपने असिस्टेंट को लिप बाम उठाने के लिए भेजा। लिप बाम उठाने के बाद असिस्टेंट ने उस महिला के सामने ही लिप बाम को सैनेटाइज किया था। कियारा का ये रवैया देख महिला को बहुत बुरा लगा था।



## एक नजर

### ट्रैक्टर पलटा, घायल खेतिहर की मौत

**जामों।** ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली अंतर्गत पूरे चौधरी मजरे लोरिकपुर निवासी राम प्रताप यादव -45वर्ष पुत्र महादेव अपने खेत में फावड़े से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्राली में से ले जा रहा था। लगभग शाम5 .30बजे खेत से सड़क पर ट्रैक्टर चढ़ते समय ट्राली का संतुलन बिगड गया और ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया। ट्राली के नीचे आने से रामप्रताप बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर आनन फानन में उसे लेकर अस्पताल दौड़े, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

### पुलिस कर्मियों ने बंदरों को बांटे आम



**मुसाफिरखाना।** मंगलवार को जनपद के मुसाफिरखाना में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अतुल कुमार सिंह का मानवीय चेहरा सामने आया। सीओ ने परिवार सहित वीर भाले सुल्तान वनस्थली पहुंचकर बेजुबान बंदरों को आम के फल खिलाए और पानी पिलाया। सीओ ने बताया कि उन्हें बंदरों और बेजुबानों से विशेष लगाव है और इस गर्मी में उनके भूख प्यास का ख्याल रखना उन्हें पसंद है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें अवसर मिलता है तो वह ऐसे ही बेजुबानों की सेवा करते हैं और इससे उन्हें आत्म संतोष प्राप्त होता है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत नगर से सटी एक ग्राम पंचायत की एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शादी से मना करने पर युवती ने चार दिन पहले थाने में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मंगलवार को पीड़ित युवती ने थाने पहुंचकर दुबारा शिकायत की। लेकिन पुलिस से एक भी सुनने को तैयार नहीं है। आरोपी लड़के को ढूंढने की बात कर पुलिस ने युवती को थाने से बैरंग वापस लौटा दिया। पीड़ित युवती ने बताया कि 5-6 साल पहले से उसके गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच व विदेश चला गया था। फोन पर बराबर बात होती थी। वापस आने के बाद शादी करने की बात कही थी। वापस आने के बाद शादी से इंकार कर रहा है। वह अपने घर से गायब हो गया है। निराश होकर उसने पुलिस का सहारा लिया लेकिन पुलिस भी उसकी मदद नहीं कर रही है। एसपी से फोन पर शिकायत की। एसपी ने रिपोर्ट दर्ज करने का भरोसा दिया है।

### 58 कृषि सखियों ने सीखे प्राकृतिक खेती करने के गुर

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कृषि सखियों का दिनांक 12 जून से 16 जून तक दो बैंचों का पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती विषयक आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विकासखंड अखंड नगर, मोतिगरपुर, जयसिंहपुर, कूरेभार, भदैंया एवं पीपी कमैचा की 58 कृषि सखियों ने प्रतिभाग किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. जेबी सिंह ने प्राकृतिक खेती का मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में एवं बायो इनपुट के बारे में कृषि सखियों को अवगत कराया। केन्द्र के मास्टर ट्रेनर/पशुधन वैज्ञानिक डा. दिवाकर वर्मा ने फसल और पशुधन एकीकरण, स्वास्थ्य और पोषण पर कृषि सखियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर/कृषि प्रसार वैज्ञानिक डा. सीके त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं पर चर्चा करते विस्तार सेवायें और पैरा विस्तार श्रमिकों के गुण के बारे में कृषि सखियों से चर्चा की। मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. सीके त्रिपाठी एवं डा. दिवाकर वर्मा ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि को कैसे किस पद्धति से बनाया जाय और उनका उपयोग किस प्रकार से किया जाय। इसी क्रम में प्राकृतिक खेती के चैंपियन कृषक राजेन्द्र सिंह, विकासखंड- दोस्तपुर एवं अरुण शुक्ला, विकासखंड- अखंड नगर ने कृषि सखियों को प्राकृतिक उत्पाद कैसे बनाये जाते हैं की जानकारी कृषि सखियों को दी। नौवें एवं दसवें बैच के प्रशिक्षण समापन के उपरान्त रविवार को 58 कृषि सखियों का मूल्यांकन परीक्षा करायी गयी। तदोपरान्त उनको मिशन के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित साहित्य, पेन, पैड, होल्डर एवं ग्रुप फोटोग्राफ उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डा. जेबी सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक/प्रमुख द्वारा प्रशिक्षण समापन की घोषणा करते हुए कृषि सखियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर नीना सक्सेना, अतुल कुमार सिंह, रोहित सिंह, मो. मोहसिन खान, कौशल कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

### जनता की मांग के अनुरूप कराएं जा रहें हैं विकास कार्य : अनुराग

**अमेठी।** विधायक महाराजी प्रजापति के प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति ने मंगलवार को जनसमपर्क कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात के साथ ढाई सालों में विधायक निधि से हुए विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अनुराग प्रजापति ने कहा कि उनका परिवार अपने पिता पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के नक्शे कदम पर जनसेवा और विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। पिछले ढाई साल में विधायक निधि को इंटरलांकिग के निर्माण, हैंडपंपों की स्थापना और सोलर लाइटों के निर्माण पर खर्च किया गया है। विधायक महाराजी प्रजापति के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग को 150ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण/मरम्मत कार्य का प्रस्ताव भेजा गया था,सवा सौ से अधिक सड़कें नवीनीकृत कराई जा चुकी हैं, अन्य पर काम जारी है। सभी धार्मिक स्थलों और अम्बेडकर प्रतिमा स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था की गई है। विधायक के प्रस्ताव पर कैंसर, किडनी एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित 280लोगों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता प्रदान की गई है।गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में मदद, गरीब बालिकाओं की शिक्षा में मदद और अग्नि पीड़ित परिवारों की मदद के काम पहले की तरह ही किए जा रहे हैं। जनसमपर्क कार्यालय पर कार्यालय प्रभारी महावीर कश्यप और श्री नाथ यादव हर कार्य दिवस में मौजूद रहते हैं। रविवार को विधायक की ओर से जनता दरबार कार्यक्रम जल्दी ही फिर शुरू किया जाएगा। अनुराग प्रजापति ने बताया कि जनता की मांग पर 800स्थलों पर सोलर लाइट लगवाने के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं चालू वित्तीय वर्ष में सम्पर्क मार्गों के अवशेष कामों के साथ यह सभी कार्य पूर्ण कराएं जायेंगे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी संदीप श्रीवास्तव, अरूण प्रजापति, अशोक यादव, राहुल कनौजिया, अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत

## गोसाईगंज थाना क्षेत्र के देवा का पुरवा सुरौली गांव की घटना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के देवा का पुरवा सुरौली गांव में ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय संविदा कर्मी लाइनमैन की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार को मांग मानी जाने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र जासापारा गांव निवासी मोहन विश्वकर्मा उर्फ लल्लू पुत्र सम्मुख विश्वकर्मा (52) उघरपुर उपकेंद्र अंतर्गत संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। वह सोमवार दोपहर को शटडाउन लेकर देवा का पुरवा सुरौली में कमाल के घर के बगल ट्रांसफार्मर चढ़ा रहा था। उसी बीच बिजली सप्लाई चालू कर दी गई। जिससे वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर नीचे जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन मोहन विश्वकर्मा को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उघरपुर उपकेंद्र पहुँचकर क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद करवा दी। उसके बाद ग्रामीणों ने उपकेन्द्र के गेट पर ताला जड़ दिया। घटना के बाद से सभी कर्मी उपकेंद्र को छोड़कर फरार हो गए। रात करीब आठ बजे के बाद थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने मौके पर जाकर सप्लाई को बहाल करवाया। इस बीच करीब सात घण्टा 56 गांव की बिजली गुल रही।



परिजनों को आश्वासन देती पुलिस

**मांग पूरी होने पर किया शव का अंतिम संस्कार**

सुलतानपुर। मृतक लाइनमैन का शव जब सोमवार रात को पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को परिजनों ने छह मांगों को लेकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।

परिजनों की मांग थी कि पिता के स्थान पर बेटे को नौकरी, नौकरी बीमा, किसान बीमा, आवास, आवासीय पट्टा व जेई परशुराम और बिजली सप्लाई देने वाले कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाय। सूचना पर एसडीएम जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी, एक्सईएन संजय यादव व थानाध्यक्ष धीरज कुमार के साथ मौके पर गए। एसडीएम ने मृतक की पत्नी सुमन, पुत्र गिरीश हर्ष व अनिल विश्वकर्मा को मांगो को लेकर आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हो गए। मंगलवार को दोपहर बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया उच्चाधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## पेड़ों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं : ऊषा सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**



वितरित करती जिला पंचायत ऊषा सिंह

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** वातावरण में दिनोदिन बढ़ते गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। तभी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वायु, साफ वातावरण तथा गर्मी से निजात मिलेगी। वन ही जीवन है। पेड़ों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। बारिश के मौसम में अधिक संख्या में पौधे लगाए। जब तक पौधे पेड़ का रूप न ले तब तक उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी हम सबकी बनती है। उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के वलीपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कही।

ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को क्षेत्र के समाज सेवी जितेंद्र मिश्र उर्फ जीतू द्वारा फलाहार व शरबत वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ आम, नीम, पाकड़, पीपल, बरगद के चार हजार पेड़ का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह और विशिष्ट अतिथि एसडीएम विदुषी सिंह पहुंची। जिनके द्वारा पौध वितरण किया गया। साथ ही परमेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज वलीपुर परिसर में पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र मिश्र ने बताया कि हमारा लक्ष्य पचास हजार पौध वितरित करने का है। जिसमें आज चार हजार पेड़ वितरित किया गया। इस अवसर पर संतराम मिश्र, हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय, नंद किशोर मिश्र, सुनील सिंह, पिंकू मिश्र, अखिलेश सिंह कल्लू, अविनाश तिवारी, श्याम प्रीत, शुभम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार पर राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी व शर्बत



राहगीरों को शरबत पिलाते समाजसेवी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** विगत वर्षों की तरह इसबार भी समाजसेवी/पत्रकार मनोज तिवारी ने महिला थाना स्थित अपने काम्प्लेक्स के सामने ज्येष्ठ माह के चौथे व अंतिम मंगलवार के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विशाल शर्बत व ठंडा पानी का वितरण समारोह आयोजित किया, जिसमें हजारों भक्तगण पहुंचकर बजरंग बली का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी/पत्रकार मनोज तिवारी ने बताया कि श्री हनुमान जी की कृपा से हर साल मेरे निजी प्रतिष्ठान पं. मकरंद तिवारी काम्पलेक्स करौंदिया में बड़े मंगल के उपलक्ष्य में शर्बत व शीतल पेय का प्रसाद वितरण किया जाता है। हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण के साथ बजरंग बली जी का आशीर्वाद पाते है। श्री तिवारी ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम में महेश तिवारी, सूरज तिवारी, अमन तिवारी, बलराम तिवारी, अभिषेक सिंह, राम चरित्र शुक्ला, शनि शुक्ल, रिशी तिवारी, शैलेंद्र सिंह 'रिंकू' विनोद चौरसिया, विजय सिंह, आदि मौजूद रहे।

## छुट्टा जानवरों के आतंक से किसान परेशान, बी डी ओ से लगाई गुहार

**अमेठी।** अवारा पशुओं की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।गो आश्रय स्थलों में जगह नहीं है। छुट्टा जानवरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं।अवारा पशुओं का आतंक रोकने के लिए कुडवा-डेहरा गांव के लोगों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की है।

कुडवा और डेहरा की तरह विकास खंड के अन्य गांवों में भी अवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है।गो आश्रय स्थलों में स्थान न होने के कारण सफाई कर्मी इन्हें संरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। भगवती प्रसाद,अंगनू, जयराम,राजू आदि लोगों ने बताया कि छुट्टा जानवर खेती बर्बाद करने के साथ रात बस्ती में चले आते हैं और घर पर रखे सामानों को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने कहा कि जहां से भी शिकायत आ रही है उसका समाधान किया जा रहा है। किसानों को खुद भी ध्यान देना होगा, एक दूसरे के गांव में पशुओं को पहुंचाने का काम किसान खुद कर रहे हैं।

## शिक्षामित्र ब्लॉक अध्यक्ष की सड़क दुर्घटना में मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर गांव निवासी शिक्षामित्र को गांव के समीप सड़क मार्ग पर अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दिया उसके थोड़ी दूर जाकर अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। मौके पर पहुंचे परिजन गम्भीर रूप से घायल शिक्षा मित्र को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया। रात में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर रायपुर गांव निवासी**

सुलतानपुर। शिक्षामित्र प्रयागदत्त तिवारी सोमवार की शाम घर से मूँगर चौराहे के लिए निकले थे जैसे ही वह जयसिंहपुर भटमई सड़क मार्ग पर गांव के मोड़ के पास पहुंचे इसी बीच सामने से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से प्रयाग दत्त तिवारी (58) उम्र वर्ष को घसीटते हुए दूर तक ले गई और अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने परिजनों को सूचित कर आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए जयसिंहपुर सीएचसी में भर्ती कराया। मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के दौरान शिक्षामित्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आधी रात में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद सुबह शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार दोपहर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**दशकों तक शिक्षामित्रों के लिए किया संघर्ष**

सुलतानपुर। जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के बसायकपुर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत मृतक शिक्षा मित्र प्रयागदत्त तिवारी (58) वर्ष आज से दो दशक पूर्व अनौपचारिक शिक्षा से जुड़कर बच्चों को शिक्षित करने से प्राप्त आंशिक आय से परिवार का भरण पोषण शुरू किया। वर्ष-2006 में सर्व शिक्षा अभियान योजना के तहत गांव स्तर पर शुरू हुई संविदा शिक्षामित्र की भर्ती में चयनित होकर बतौर शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय में कार्य करते हुए परिषदीय विद्यालय के बच्चों को शिक्षित करने में जुट गए और क्षेत्र के सैकड़ों सहकर्मी महिला/पुरुष शिक्षा मित्रों के भविष्य की लड़ाई लड़ते रहे। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में वह ब्लॉक व जिला स्तर पर संविदा साथियों के स्थायीकरण सेवा के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। सोमवार शाम अचानक उनके निधन की जानकारी मिलने पर शिक्षकों व शिक्षामित्रों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

**ब्लॉक प्रमुख समेत सम्भ्रांतजनों ने जताया शोक**

सुलतानपुर। शिक्षा मित्र प्रयागदत्त तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उनकी पत्नी सैलकुमारी (55) वर्ष दो बेटों विकास (38) वर्ष, नितेश (35) वर्ष समेत अन्य परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। घटना जानकारी पर ब्लॉक प्रमुख राहुल चन्द्रशेखर शुक्ल, ओपी चौधरी, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा समेत संगठन के सैकड़ो सहकर्मियों व पदाधिकारियों ने घर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बधाया।

## बारिश के पहले नालियों की सफाई का अभियान अतिक्रमण हटाने को गरजा बुलडोजर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पंचायत एडवांस में तैयारी कर रही है। नालियों पर अतिक्रमण हटवाकर साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नगर पंचायत की ओर से मंगलवार को एनाउंसमेंट किया गया -जिन्होंने नालियों पर अतिक्रमण किया है, अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा बुलडोजर चलवा दिया जाएगा। एनाउंसमेंट के बाद कुछ दुकानदारों ने अपनी गुमटियां हटा ली, परंतु ठेले वाले इधर उधर ठेला लगाए हुए हैं। अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

मंगलवार को गांधी चौक, सगरा तिराहा, दुर्गापुर रोड ,धम्मौर रोड, रामलीला मैदान के साथ अन्य कई मोहल्ले में विशेष अभियान चलाकर नालियों की साफ सफाई की गई। ईओ अभिनव यादव ने बताया कि बारिश के समय नगर पंचायत में जल भराव की समस्या न हो, इसलिए पहले से विशेष





अभियान चलाकर नालियों और नालों की सफाई कराई जा रही है। दुकानदारों को पहले से ही नोटिस दी जा चुकी है।

## एयरगन से बन्दर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** रविवार एक व्यक्ति द्वारा बंदर को एयरगन से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मृत बन्दर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

रविवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भटमई चौकी प्रभारी भारत सिंह को जानकारी मिली कि कुरैशी का पुरवा खरसोमा निवासी मो आसिफ पुत्र इस्तियाक अहमद ने एक बन्दर को एयरगन से गोली मार दी जिससे बन्दर की मौत हो गई, जिससे हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना मिलने के बाद आनन-फानन चौकी प्रभारी ने सिपाही के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृत बन्दर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना चौकी प्रभारी भारत सिंह द्वारा दी गई। पुलिस ने आरोपी आसिफ को सोमवार लगभग साढ़े ग्यारह बजे खरसोमा गांव के बाहर नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार कर आरोपी की निशानदेही पर एयरगन को भी बरामद किया आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक प्रमोद मिश्रा, भटमई चौकी प्रभारी भारत सिंह और सिपाही प्रमोद कुमार का अहम योगदान रहा। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## एसडीएम ने किया थाने का निरीक्षण



संग्रामपुर थाने में अभिलेखों का जांच करते एसडीएम आशीष सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**संग्रामपुर।** एस डी एम आशीष कुमार सिंह ने मंगलवार को थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एस डी एम ने थाने के सभी अभिलेख देखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की।एस डी एम ने थाने पर आने वाली शिकायतों की स्थलीय जांच के बाद गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक से कहा कि फरियादी एक ही प्रकरण को लेकर जनसुनवाई में बार बार न आएं। जनसुनवाई के मामले में मुख्यमंत्री, शासन और जिलाधिकारी के निर्देशों पर शत प्रतिशत अमल

» निरीक्षण में मिली कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के लिए निर्देश

किया जाए। राजस्व सम्बन्धी मामले और जमीन के झगडे कोशिश करके संयुक्त टीम भेजकर निपटाएं जांए। एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी प्रकार के अभिलेखों की जांच की गई। कुछ अभिलेखों में जो कमियां थीं, उन्हें यथशीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए हैं । लम्बित विवेचनाओं को संबंधित एसआई को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## भीम आर्मी ने भीषण गर्मी में नागरिकों को पिलाया शर्बत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** भीषण गर्मी में मीठे शर्बत के साथ नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए मंगलवार को भीम आर्मी और अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के पास शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एक हजार से अधिक नागरिकों को शर्बत पिलाया। कार्यकर्ताओं ने हीट वेव से लड़ते- हुए धूप में खड़े होकर जल सेवा की।

भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष मो इश्तियाक और अम्बेडकर सेवा समिति के संगठन सचिव नरेंद्र कुमार ने सुबह 11बजे से अपराह्न तीन बजे तक शर्बत एवं जल सेवा केन्द्र संचालित किया।जल सेवा केन्द्र का सबसे अधिक लाभ साईकिल और बाईक सवार राहगीरों और टैक्सी और टैम्पो चालकों ने उठाया। ब्लॉक कर्मियों ने भी शर्बत पीकर युवा समाजसेवियों का उत्साह बढ़ाया। शर्बत वितरण के दौरान अम्बेडकर मिशन के गीतों ने शिक्षा, संगठन और पीड़ितों की सेवा के संदेश दिए।

आजाद समाज पार्टी के नेता हरिश्चंद्र कोरी, अरुण कुमार शास्त्री ने भी शर्बत और जल सेवा केन्द्र पर लोगों का उत्साह बढ़ाया।

**त्योहार** नमाज के दौरान सभी मस्जिदों पर प्रशासन की ओर से कडे सुरक्षा इंतजाम किए गए थे

# साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाया गया ईदुल अजहा का त्योहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी, जायस।** ईदुल अजहा -बकरीद का पर्व जिले में साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाया गया। नमाज के दौरान सभी मस्जिदों पर प्रशासन की ओर से कडे सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

डी एम और एस पी ने ईद के दिन भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था की निगरानी की और लोगों को ईद का मुबारकबाद दिया।

सोमवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा ईद की नमाज के साथ-साथ त्यौहार ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस में ईद की नमाज के अवसर पर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुये उपस्थित सभी लोगों को ईद-उल-





अजहा की मुबारकवाद दी गई। ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगणों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**नमाजियों से गले मिले,ईद का मुबारकबाद दिया**

अमेठी। ईदुल जुहा -बकरीद का पर्व भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जामा मस्जिद में बकरीद की नमाज में हजारों रोजेदार शामिल हुए। सपा विधायक महाराजी प्रजापति के पुत्र और प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति ने अपनी टीम के साथ मस्जिद में रोजेदारों से गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। जामा मस्जिद में रोजेदारों के बीच बकरीद पर खुशियां बांटने के बाद अनुराग प्रजापति ने विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम समाज के कार्यकर्ताओं और इष्ट मित्रों के घर जाकर मुलाकात की और बकरीद का मुबारकवाद दिया।

अनुराग प्रजापति ने कहा कि ईदुल जुहा का पर्व नेकनीयती से काम करते हुए हिन्दू मुस्लिम एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश देता है। अनेकता में एकता और गंगा जमुनी तहजीब हमारी विरासत है,इसे अक्षुण्ण रखना समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता महावीर कश्यप,सपा नेता शम्भू यादव, राहुल कनौजिया,हरीलाल प्रजापति, संदीप श्रीवास्तव, अशोक यादव, सुरेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेना ने शुरू की त्वचा बैंक सुविधा

**नयी दिल्ली।** सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल ने एक अत्याधुनिक त्वचा बैंक सुविधा केन्द्र की शुरुआत की है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को आग में जलने के कारण शरीर में गंभीर बीमारी और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह त्वचा बैंक 'स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह यह देश भर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत 'स्किन रिप्लेसमेंट उपचार सुविधा प्रदान करना है।

### जम्मू से वैष्णों देवी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**जम्मू।** जम्मू से श्री माता वैष्णो देवी की पवित्र गुफा मंदिर तक बहुप्रतीक्षित हेलीकॉप्टर सेवा 25 या 26 जून से शुरू होने की संभावना है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा, 'हेलीकॉप्टर सेवा मंगलवार से शुरू होनी थी, लेकिन परिचालन संबंधी कुछ समस्याओं के कारण अब इसे 25 या 26 जून को शुरू किए जाने की उम्मीद है। तीर्थस्थल बोर्ड ने इस सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए दो पैकेज तैयार किए हैं। एक उसी दिन वापसी पैकेज है, जिसकी लागत प्रति तीर्थयात्री 35,000 रुपये होगी तथा दूसरा अगले दिन वापसी पैकेज, जिसकी लागत प्रति तीर्थयात्री 60,000 रुपये होगी। उसी दिन वापसी के पैकेज के तहत, जम्मू से मंदिर तक आने-जाने की हेलीकॉप्टर सेवा के अलावा, तीर्थयात्रियों को पंछी हेलीपैड से पवित्र गुफा मंदिर तक और वापस हेलीपैड तक परिवहन सुविधा, प्राथमिकता वाले दर्शन, भवन में मुफ्त भोजन, भैरों घाटी मंदिर तक रोपवे टिकट और पंचमेवा प्रसाद का एक डिब्बा भी मिलेगा।

### साइबर स्पेस अभियान संयुक्त सिद्धांत

**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को यहां साइबर स्पेस अभियानों के संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करने वाला संयुक्त सिद्धांत जारी किया। जनरल चौहान ने यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी की बैठक में यह सिद्धांत जारी किया। संयुक्त सिद्धांत एक प्रमुख दस्तावेज है जो मौजूदा जटिल सैन्य संचालन माहौल में कमांडरों का मार्गदर्शन करेगा। संयुक्त सिद्धांतों का विकास तीनों सेनाओं के एकीकरण और उनमें एकजुटता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत सशस्त्र बलों में एकीकरण की प्रक्रिया को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुंबई में बीच सड़क लड़की की हत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर में मंगलवार 18 जून को सुबह 20 साल की लड़की की उसके प्रेमी ने पाना मारकर हत्या कर दी। वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह 8.30 बजे हुई इस हत्या का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आरोपी रोहित यादव पीछे से दौड़ते हुए आता दिख रहा है। बाद में वह लड़की के सिर पर 30 सेकंड में करीब 15 बार पाना मारता है। लड़की बेहोश हो जाती है। इसके बावजूद आरोपी रोहित उसे मारता रहता है। इतना ही नहीं, थोड़ी देर बाद वह लाश के पास बैठकर बातें करने लगता है। सरेआम हुई हत्या को लेकर वालिव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

### मारे गये आतंकी तार जुड़े थे लश्कर से

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मुठभेड़ में एक आतंकवादी के मारे जाने के एक दिन बाद सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मारा गया आतंकवादी उमर लोन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था और उसका मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है। सेना ने मंगलवार को कहा कि बारामूला जिले के पट्टन का निवासी उमर लोन सोमवार को बांदीपोरा में मुठभेड़ में मारा गया। सेना के 03 सेक्टर, राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर विपुल त्यागी ने मंगलवार को बांदीपोरा में मीडियाकर्मियों को बताया, 'आतंकवादी उमर लोन 2018 से सक्रिय था और वह 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था और लश्कर और टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) से जुड़ा था।'

### भवानी रेवन्ना की अग्रिम जमानत मंजूर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी। उन पर महिला के अपहरण का आरोप है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की एकल पीठ ने मंगलवार को यहां कहा, 'पुलिस को आरोपी से यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि वह उस तरह से जवाब देगा जिस तरह से पुलिस चाहती है। यह कानून नहीं है।' न्यायालय ने अपहरण के आरोपों के बीच पूर्व सांसद की मां भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत भी दे दी। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा, 'मैंने महिला को अनावश्यक या टालने योग्य हिरासत से बचाने में कदम आगे बढ़ाया है। हमारे सामाजिक ढांचे में वे परिवार का केंद्र हैं।'

### सदन में नहीं चलेगी भाजपा की मनमानी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा सरकार संसद में लगातार मनमानी करती रही है, लेकिन लोकतंत्र की ताकत ने स्थिति को बदल दिया है और सदन में अब पहले की तरह भाजपा की तानाशाही नहीं चल पाएगी। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। इंडिया समूह के दिग्गज नेता इस बार संसद में मौजूद होंगे और अब भाजपा की तानाशाही बिलकुल भी चल नहीं पाएगी।

### देवी नदी में परिवार के तीन बच्चे बहे

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में हुई एक दर्दनाक घटना में जिले के अस्तारंगा पुलिस थाना क्षेत्र के बालिडिया गांव के एक परिवार के तीन नाबालिग बेटे मंगलवार को देवी नदी की तेज धारा में बह गए। खबरों के अनुसार तीनों नाबालिग नदी में नहाने गए थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान ओम बेहरा (14), रोहन बेहरा (13) और कान्हा बेहरा (12) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बाद में उनके शवों को नदी से बाहर निकाला।

### बिजली गिरने से चार लोगों की मौत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में भितरवार विकासखंड के ग्राम करहिया में आज बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। विपटी जाटव की जमीन की नपती सीमांकन कराने के दौरान गिरी बिजली से पटवारी के पास चारों मृतक एक घायल अपने जमीन के काम से गए हुए थे। उसी दौरान बिजली गिरने इनकी मृत्यु हो गयी। मृतकों में पप्पू परमार (50), कुकू तिवारी (65), हरी सिंह कुशवाह (30) और बल्ली कुशवाह (40) शामिल हैं। इस घटना में एक घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया।








# किसान देश के सियासी एजेंडे का हिस्सा

## सीएम योगी ने पीएम की मौजूदगी में किसान सम्मेलन को किया संबोधित

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

वाराणसी। आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी के द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में कहीं। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मां गंगा के यशस्वी पुत्र नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।




सीएम योगी ने कहा कि हमने बदलती हुई काशी को देखा है। काशी नए कलेवर और नई काया के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रही है। नई काशी पूरे देश-दुनिया को आकर्षित कर रही है। 10 वर्ष में नई काशी के कायाकल्प के लिए न सिर्फ हजारों करोड़ रुपये लगे हैं, बल्कि दुनिया ने काशी को नए रूप में बदलते हुए देखा है।

काशी के बारे में आमजन की श्रद्धा-आस्था को और मजबूत होते देखा है। सम्मेलन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अनिल राजभर, जयवीर सिंह, रवींद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे।

### किसान समृद्धि पीएम की सर्वोच्च प्राथमिकता

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता किसानों की समृद्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी श्रृंखला में प्रधानमंत्री आज देवाधिदेव महादेव की पावन नगरी वाराणसी से 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी की। साथ ही स्वयं सहायता समूह की 30,000 से अधिक कृषि सखियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया और किसान भाइयों से संवाद भी किया। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखा कि काशी की जनता अपने प्रिय सांसद मोदी जी के अभिनंदन हेतु उत्साहित है। तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात 'अपनी काशी' में प्रथम आगमन पर प्रधानमंत्री जी का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन!

# पीएम मोदी किसी की धमकी में नहीं आने वाले

## भारत से रिश्तों पर ताइवान का चीन को सख्त संदेश

**एजेंसी**

**ताइपे।** ताइवान और भारत के बीच संदेशों के आदान-प्रदान को लेकर चीन ने आलोचना की। इस पर द्वीप राष्ट्र ने अब ड्रैगन के ऊपर पलटवार किया है। ताइवान के उप विदेश मंत्री टीएन चुंग-क्वांग ने कहा कि न तो हमारे राष्ट्रपति और न ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन से डरने वाले हैं। दरअसल चीनी विदेश मंत्रालय ने पीएम मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीच संदेशों के आदान-प्रदान पर आपत्ति जताई थी। द्वीप राष्ट्र की ओर से भारत में 2024 के आम चुनावों में मोदी की जीत पर बधाई दी गई थी। भारत और ताइवान के बीच मजबूत संबंधों की बात पर चीन की आलोचना के बारे में ताइवानी उप विदेश मंत्री से सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पीएम मोदी और हमारे राष्ट्रपति डरेंगे नहीं।'

दरअसल चीन ने भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा था कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। ड्रैगन के मुताबिक, ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है। इसे मेन लैंड से फिर से मिलाया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था, 'सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।' उन्होंने कहा कि एक-चीन सिद्धांत अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पूरी तरह मान्यता प्राप्त मानदंड है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर आम सहमति है।

पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई।

## अकाली दल बंदी सिखों की रिहाई की लड़ाई लड़ेगा

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ ने मंगलवार को कहा कि सिखों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिये उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ाई जारी रखेगी, जिसमें सभी बंदी सिंहों की रिहाई और एनएसए, यूएपीए आदि जैसे सभी दमनकारी कानूनों को रद करना शामिल है। भूंदड़ ने कहा कि सिख और पंजाब के हितों की रक्षा को बढ़ावा देने में गर्व महसूस करने वाली पार्टी के रूप में शिरोमणि अकाली दल सभी बंदी सिंहों के लगातार उत्पीड़न, मानवाधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाले कानूनों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी। अकाली नेता ने कहा कि हम देश में पहले थे, जिन्होने श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के दौरान कठोर कानूनों का विरोध किया था, यही हमारी पार्टी की परंपरा है।

# बिहार में नदी में समाया 12 करोड़ का पुल

## उद्घाटन का था इंतजार, 13 साल में तीसरी बार बन रहा था ब्रिज

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को नदी में समा गया। इस पुल को उद्घाटन का इंतजार था। पुल 12 करोड़ रुपये की लागत से बना था। पिछले 13 साल में यह पुल तीसरी बार बन रहा था। मंगलवार को पुल के तीन पिलर नदी में समा गए। पुल बनाने वाली कंपनी के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। सिकटी विधायक विजय मंडल ने आरोप लगाया निर्माण कंपनी के मालिक की लापरवाही के कारण पुल टूटा है। प्रशासन इसकी जांच कराए।

ग्रामीण कार्य विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष कुमार ने कहा कि जांच के बाद संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नदी का बहाव क्षेत्र बढ़ा तो पिलर्स खिसक गए। इस कारण पुल गिरा है। कुछ दिन पहले स्थानीय लोगों ने दो पिलर्स के बीच में नदी की धारा को मोड़ने के लिए मिट्टी की कटिंग की थी। इसकी वजह से गड्डा हुआ और पिलर्स कमजोर हो गए।



बकरा नदी की धारा लगातार बदलते रहने और पुल निर्माण की तकनीकी खामियों के चलते काशी-कामख्या ऐतिहासिक सड़क पर अररिया-किशनगंज के बीच पिछले 13 साल में आवागमन चालू नहीं हो सका है। सड़क के बीच में आने वाली बकरा नदी पर सिकटी के पड़रिया धार में पुल बनना शुरू होते ही नदी ने दो बार धारा बदल ली। इसलिए पुल बेकार हो गया। अब तीसरी जगह पर पुल बनाया गया था। पिछले 13 वर्षों में पुल निर्माण के लिए 43 करोड़ की स्वीकृति मिली है। बारिश के अलावा 8 महीनों के दौरान लोग पैदल निकल जाते हैं लेकिन बरसात के चार महीने सिकटी के लोगों को कुर्साकांटा आने में 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। पुल बनने से किशनगंज के टेढ़ागाछ प्रखंड से भी सीधा जुड़ाव हो जाता।

स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि निर्माण कंपनी के मालिक और विभाग के अधिकारी की लापरवाही के कारण पुल ढहा है। तय मापदंड के अनुसार काम नहीं हुआ है। जिसके कारण ये पुल टूटा है। प्रशासन से मांग करते हैं कि इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दोषी को जेल भेजा जाना चाहिए। आरजेडी प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि उद्घाटन से पहले ही पुल टूट गया है। इससे क्या उम्मीद कर सकते हैं। बिहार अंदर संस्था में किस तरह से भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। कई ऐसे उदहारण रहे हैं, जिसमें कई पुल नदी में समा गए हैं।

# मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे कंचनजंघा दुर्घटना की जांच

**एजेंसी**

**सिलिगुड़ी।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच सोमवार को हुई दुर्घटना की जांच करेंगे, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी। भारतीय रेलवे ने मंगलवार को यह घोषणा की।



» मरने वालों की संख्या 10 पहुंची, 55 घायल

आधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि सियालदह जा रही यात्री कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिले में कटिहार डिवीजन के रंगपानी और छत्तरहाट के बीच पीछे से आ रही एक मालगाड़ी के टक्कर मारने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 55 लोग घायल हो गए। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से छह की पहचान कर ली गई है, उनमें से एक 41 वर्षीय महिला ब्यूटी बेगम के शव को उसके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है। हालांकि अपुष्ट सूत्रों ने कहा कि कल की दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 10 तक पहुंच गई।

गर्ग बुधवार सुबह 10 बजे न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के एडीआरएम कार्यालय में पूछताछ करेंगे और रेलवे ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के लिए दस्तावेजी साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए दुर्घटना के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से अपील की है। दुर्घटना के बारे में यह पता लगाने के लिए आवश्यकतानुसार जांच जारी रहेगी कि क्या यह मानवीय त्रुटि या स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली में तकनीकी समस्या के कारण हुआ था। सूत्रों ने बताया कि इस बीच खंड में अप लाइन को बहाल कर दिया गया है और दुर्घटनास्थल पर डाउन लाइन की मरम्मत और सफाई करने का काम जारी है। गौरतलब है कि 13174 कंचनजंगा एक्सप्रेस का क्षतिग्रस्त हिस्सा यात्रियों को लेकर आज तड़के करीब 3.15 बजे सियालदह स्टेशन पहुंचा।

इस बीच कंचनजंगा ट्रेन हादसे को लेकर एक महिला पैसेंजर ने मालगाड़ी के दोनों ड्राइवरों (लोको और को-लोको पायलट) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का नाम चिन्मय मजूमदार है। वे कंचनजंगा एक्सप्रेस में बैठी थीं। हादसे में चिन्मय को भी चोटें आई हैं। चिन्मय ने अपनी शिकायत में लिखा- जब मैं ट्रेन से नीचे उतरी तो देखा कि मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारी। मालगाड़ी का इंजन बुरी तरह डैमेज हो गया था। हादसा मालगाड़ी के लोको और को-लोको पायलट की लापरवाही से हुआ। फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद कंचनजंगा ट्रेन देर रात करीब 3.15 बजे सियालदह पहुंची। हालांकि हादसे के कारण इस रूट से जाने वाली सात ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया। साथ ही 37 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

# स्वाति ने राहुल, पवार से मांगा मिलने का समय

## मारपीट मामले में लिखा इंडिया ब्लॉक के नेताओं को पत्र

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर अपने साथ हुई मारपीट मामले में स्वाति मालीवाल ने राहुल गांधी और शरद पवार को चिट्ठी लिखकर मदद की गुहार लगाई है। मालीवाल ने विपक्षी इंडिया ब्लॉक के बाकी नेताओं को भी चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है।

स्वाति ने मंगलवार 18 जून को सोशल मीडिया पर राहुल और पवार को लिखा लेटर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- मैंने पिछले 18 सालों से जमीन पर काम किया है। 9 सालों में दिल्ली महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की। मैंने बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके महिला आयोग को एक ऊंचे मुकाम पे खड़ा किया। हालांकि बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर उनके पीए विभव कुमार द्वारा



बुरी तरह पीटा गया। फिर मेरा चरित्र हनन किया गया। आज मैंने इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है। मैंने सबसे मिलने का समय मांगा है।

स्वाति मालीवाल ने दो पेज के लेटर में लिखा- 13 मई 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर उनके पीए ने उन मुझ पर हमला किया। इस दर्दनाक घटना के बाद मैंने शिकायत दर्ज कराई। हालांकि अफसोस की बात है कि समर्थन पाने के बजाय मेरे ही चरित्र पर हमला हुआ। मेरी पार्टी के नेताओं और वॉलंटियर्स ने मुझे शर्मसार किया। मेरी रेपुटेशन, कैरेक्टर और विश्वसनीयता को कमजोर करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर एक कैंपेन चलाया गया। मेरे खिलाफ फैलाए गए झूठ के कारण मुझे कई बार रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस ने 16 मई को एफआईआर दर्ज की थी। स्वाति ने दावा किया था कि बिभव कुमार ने उन्हें 7-8 थप्पड़ मारे। पेट और प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। इससे उनके शर्ट के बटन टूट गए। मालीवाल के मुताबिक, उनके कपड़े खुल गए थे, लेकिन बिभव ने मारना नहीं छोड़ा। बिभव ने उनका सिर भी टेबल पर पटक दिया। केजरीवाल घर पर थे, लेकिन फिर भी कोई मदद के लिए नहीं आया।

# हमारे घल जलाये जा रहे, किसी को हमारी परवाह नहीं

## बंगाल में हिंसा का जायजा लेने पहुंचे भाजपा नेताओं को झेलना पड़ रहा विरोध

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का जायजा लेने पहुंचे भाजपा के केंद्रीय नेताओं को अपने ही कार्यकर्ताओं का विरोध झेलना पड़ा। भाजपा की चार सदस्यीय केंद्रीय टीम जब दक्षिण 24 परगना जिले के अम्ताला पहुंची तो वहां पार्टी के ही लोगों ने घेर लिया और विरोध करने लगे। इन लोगों का कहना था कि हमें टीएमसी के लोगों ने बुरी तरह पीटा और घर छोड़कर भागना पड़ गया। इतनी हिंसा के बाद भी पार्टी के नेताओं ने हमारी परवाह नहीं की और कोई हाल पूछने भी नहीं आया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि इन लोगों का कहना था कि हमें हिंसा के चलते विस्थापित होना पड़ा है।

इससे पहले सोमवार को भाजपा नेताओं की टीम कूचबिहार गई थी, जहां

» कार्यकर्ताओं ने कहा- हिंसा के चलते हुए विस्थापित

हिंसा पीड़ित पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। भाजपा ने जिन नेताओं को हालात का जायजा लेने के लिए बंगाल भेजा है, उनमें वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, बिप्लब देब, राज्यसभा सांसद बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। यह टीम उन पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रही है, जिन्हें हिंसा के चलते बेघर होना पड़ा है। टीएमसी के लोगों पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव के बाद भाजपा के लोगों पर हमला बोल दिया। कूचबिहार, दक्षिण 24 परगना समेत कई जिलों में हिंसा की घटनाएं हुई हैं।

त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब ने कहा कि चुनाव के बाद हिंसा करना टीएमसी की आदत पड़ गई है। टीएमसी वाले जितना जल्दी अपना रवैया बदल लेंगे, उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। वहीं टीएमसी ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन पर कहा कि इससे दिखता है कि उनके बीच आपस में ही जंग है। किस तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं में असंतोष है। उन्होंने चुनाव बाद हिंसा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ये सब बातें गलत हैं। भाजपा तो अपनी नाकामी छिपाने के लिए ऐसे आरोप लगा रही है।

हालात यह हैं कि भाजपा ऑफिस के हॉल में बैठकर पार्टी कार्यकर्ता खाना खा रहे हैं। एक ठेले पर बड़े-बड़े बर्तनों में 150 से ज्यादा लोगों के लिए खाना आया है। कार्यकर्ता यहीं गद्दे बिछाकर परिवार के साथ सोते भी हैं। उनका आरोप है कि चुनाव के नतीजे आने के बाद टीएमसी नेता उनके घर जला रहे हैं। इसलिए वे जान बचाने के लिए परिवार के साथ भागकर यहां आ गए हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने 10 जून से कोलकाता बीजेपी ऑफिस में शरण ली हुई है। ये सभी साउथ और नॉर्थ-24 परगना से आए हैं। साउथ-24 परगना से आए गोपाल मंडल बताते हैं, 'टीएमसी नेताओं ने मुझ पर हमला किया। मेरे घर पर पत्थर फेंके। वो धमकी दे रहे थे कि मेरी जान ले लेंगे।' इसके बाद से करीब 170 भाजपा कार्यकर्ता कोलकाता के 6 मुरलीधर सेन रोड और साउथ 24 परगना के बरईपुर में रह रहे हैं। पार्टी दफ्तर में ही उनके लिए रहने और खाने-पीने का इंतजाम है। बीजेपी लीडर और नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने इस मामले में राज्यपाल को चिट्ठी लिखकर दखल देने की मांग की है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान कई जिलों में हिंसा हुई थी। नतीजे आने के बाद कोलकाता, नॉर्थ-24 परगना, साउथ-24 परगना, बर्धमान और कूचबिहार में चुनाव शुरू होने से लेकर अब तक हिंसा की 500 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें पांच लोगों की मौत हुई है और करीब 6 हजार लोग घायल हुए हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के वक्त भी ऐसे ही हालात थे। चुनाव के नतीजे सामने आने के 24 घंटे के अंदर 12 लोगों की मौत हुई थी। भाजपा ने 6 पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या का आरोप लगाया था। वहीं टीएमसी ने 5 लोगों की मौत का दावा किया था। 2023 में हुए पंचायत चुनाव के वक्त भी 50 से ज्यादा लोगों की मौत की बात सामने आई थी।